मंगलवार, 20 मई 2025

मौसम

तापमान 26 – 36
आर्द्रता 72%
सूर्योदय: 4:55 सूर्यास्त: 18:11

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष सप्तमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये




भारत-पाक सैन्य संघर्ष हमेशा पारंपरिक दायरे में रहा : मिसरी ने संसदीय समिति से कहा -पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : सफलता की राह पर चलने के लिए कठिनाइयों से सीखकर आगे बढ़ना चाहिए।




# विकास भवन के बाहर प्रदर्शन में शिक्षक कम, बाहरी लोग ज्यादा हैं : ममता

## मुख्यमंत्री की नसीहत... 'आंदोलन की भी एक लक्ष्मणरेखा होती है'



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि वह स्थायी बहाली की मांग को लेकर विकास भवन के बाहर शिक्षकों के प्रदर्शन के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन दावा किया कि प्रदर्शन में कई बाहरी लोगों की भागीदारी दिख रही। इस दिन, उत्तर बंगाल की तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना होने से पहले कोलकाता हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं किसी प्रदर्शन के खिलाफ नहीं हूं, लेकिन इसमें एक लक्ष्मण रेखा होती है। मेरा मानना है कि इसमें बाहरी लोग शामिल हैं। शिक्षकों की संख्या कम है, जबकि बाहरी लोग अधिक हैं। जिस तरह मुझे किसी को रोकने का अधिकार नहीं है, उसी तरह किसी को मुझे रोकने का भी अधिकार नहीं है। उन्होंने विकास भवन का द्वार तोड़ने और विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों को जबरन भवन के अंदर बंद करने की निंदा की। ममता ने कहा कि मुझे उनसे काफी सहानुभूति है। मैंने उनसे मुलाकात के दौरान कहा कि हम उच्चतम न्यायालय में समीक्षा याचिका दायर करेंगे। लेकिन मामला विचाराधीन है और हमें कानून का पालन करना चाहिए। अगर न्यायालय याचिका स्वीकार कर लेता है तो यह अच्छा होगा। हमारे वकील उनकी नौकरी बचाने में उनकी मदद करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। लेकिन अगर न्यायालय कोई और फैसला सुनाता है तो हमें उसका पालन करना होगा। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनकारियों से राज्य सरकार पर भरोसा रखने का आग्रह किया और कहा कि शिक्षक होने के नाते, उन्हें सम्मान और शिष्टाचार दिखाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को राजनीति से दूर रहना चाहिए तथा छात्रों और समाज की मदद करना जारी रखना चाहिए। ममता ने विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई घटनाओं पर चिंता व्यक्त की, जिसमें एक गर्भवती महिला के साथ कथित दुर्व्यवहार, और इमारत से बाहर निकलने की कोशिश के दौरान एक छात्रा के खुद को घायल करना शामिल है। उन्होंने कहा कि एक गर्भवती महिला को घर जाने की अनुमति नहीं दी गई। उसने और उसके साथियों ने 20 घंटे तक अंदर फंसे रहने की शिकायत की। एक परीक्षार्थी, जो बार-बार कह रही थी कि वह घर जाना चाहती है, इमारत से कूद गई और उसके पैर में चोट लग गई। वह अब अस्पताल में भर्ती है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि ग्रुप सी और डी श्रेणियों के कर्मियों सहित किसी का भी वेतन राज्य सरकार ने नहीं रोका है। उन्होंने कहा कि वे उन लोगों से परेशान हैं जो शिक्षकों को कथित तौर पर 'उकसाने' का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अदालत के फैसले से बंधे हुए हैं, लेकिन किसी का वेतन नहीं रोका गया है। मुझे नहीं पता कि विरोध प्रदर्शन को कौन भड़का रहा है। जो लोग अदालत गए, उन्होंने इस स्थिति को जन्म दिया और अब वे रक्षक बन रहे हैं।

### पार्टी प्रतिनिधि भेजने को तैयार, बशर्ते सीधे अनुरोध करें केंद्र : ममता

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ केंद्र सरकार के बहुदलीय राजनयिक मिशन का बहिष्कार नहीं कर रही है। हालांकि, उन्होंने यह कहा कि कोई भी एकतरफा फैसला स्वीकार नहीं किया जाएगा, और पार्टी अपनी पसंद से ही किसी भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने वाले सदस्य का नाम तय करेगी। ममता बनर्जी ने कहा कि केंद्र सरकार नाम तय नहीं कर सकती। यदि वे हमें अनुरोध करते, तो हम अपने प्रतिनिधि का नाम भेजते। यह एक परंपरा है, यह व्यवस्था है। हम विदेश नीति के मामले में केंद्र सरकार के साथ खड़े हैं और उनका समर्थन करते हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर केंद्र सरकार उनसे संपर्क करती, तो उनकी पार्टी एक प्रतिनिधि भेजने के लिए तैयार होती, लेकिन बिना किसी अनुरोध के वे एकतरफा फैसलों को स्वीकार नहीं कर सकते। ममता ने कहा कि हमें कोई अनुरोध नहीं आया था। अगर हमें कोई ऐसा अनुरोध आता, तो हम इसे विचार कर सकते थे। हमें यह तय करने का हक है कि हमारे पार्टी का सदस्य कौन होगा।

## एसबीआई का रिकॉर्ड 9.2 अरब डॉलर का मुनाफा अपेक्षाकृत छोटे डिजिटल समूह के कारण

**नयी दिल्ली :** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 9.2 अरब अमेरिकी डॉलर का रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज किया। इसके साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज और ओएनजीसी के बाद एसबीआई तीसरी ऐसी भारतीय कंपनी बन गई है, जो शुद्ध लाभ के लिहाज से दुनिया की शीर्ष 100 कंपनियों में शामिल है। हालांकि, भारत के जानेमाने विपणन रणनीतिकार राजेंद्र श्रीवास्तव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि एसबीआई के मुनाफे का बड़ा हिस्सा अपेक्षाकृत छोटे डिजिटल समूह के कारण है। भारत के सबसे बड़े बैंक के मुनाफे में प्रभावशाली वृद्धि कई साल पहले शुरू हुई एक डिजिटल पहल 'योनो' के चलते है। आज योनो के 7.4 करोड़ से ज्यादा पंजीकृत उपयोगकर्ता हैं। इस मंच ने अपनी शुरुआत से 3.2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के ऋण जारी किए हैं और बैंक के खुदरा ऋण में इसका अहम योगदान है। इस मंच पर रोजाना एक करोड़ से ज्यादा लॉगइन हैं और एसबीआई के बचत खाते के 65 प्रतिशत लेनदेन अब योनो के जरिये होते हैं।

# भारत कोई धर्मशाला नहीं : उच्चतम न्यायालय



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि देश कोई धर्मशाला या सार्वजनिक आश्रय स्थल नहीं है, जहां दुनियाभर से आए विदेशी नागरिकों को रखा जा सके। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें याचिकाकर्ता श्रीलंकाई नागरिक को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के मामले में सात साल की सजा पूरी करने के बाद देश छोड़ने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने कहा, "क्या भारत दुनिया भर से आए शरणार्थियों की मेजबानी करेगा? हम 140 करोड़ लोगों को लेकर जूझ रहे हैं... यह कोई धर्मशाला नहीं है, जहां हम दुनिया भर से आए विदेशी नागरिकों का स्वागत कर सकते हैं।" याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल को अपने देश में गिरफ्तारी और यातना की धमकियों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि वह 'लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम' (एलटीटीई) का पूर्व सदस्य रहा है और उसकी पत्नी तथा बच्चे भारत में बस गए हैं। हालांकि, पीठ ने कहा कि भारत में बसने का मौलिक अधिकार केवल इसके नागरिकों को ही उपलब्ध है और संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और स्वतंत्रता की सुरक्षा) के तहत उसके अधिकारों का कोई उल्लंघन नहीं है। पीठ ने कहा, यहां बसने का आपका क्या अधिकार है, किसी दूसरे देश में चले जाइए।

### उच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीश पूर्ण पेंशन के हकदार : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि अतिरिक्त न्यायाधीशों सहित उच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीश पूर्ण पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभ के हकदार होंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीशों को पेंशन के रूप में प्रति वर्ष 15 लाख रुपये मिलेंगे। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि पेंशन देने से इनकार करना संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत समानता के अधिकार का उल्लंघन होगा। पीठ ने कहा कि सभी को पूर्ण पेंशन दी जाएगी, चाहे उनकी नियुक्ति कभी ही हुई हो और चाहे वे अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में सेवानिवृत्त हुए हों या बाद में स्थायी किए गए हों। पीठ ने कहा कि नियुक्ति के समय के आधार पर या पद के आधार पर न्यायाधीशों के बीच भेदभाव करना इस मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। प्रधान न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि उच्च न्यायालय के ऐसे अतिरिक्त न्यायाधीश जो अब जीवित नहीं हैं, के परिवार भी स्थायी न्यायाधीशों के परिवारों के समान पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभ के हकदार हैं। पीठ ने कहा कि उसने संविधान के अनुच्छेद 200 पर गौर किया है जो उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को देय पेंशन से संबंधित है। पीठ ने कहा, "हमारा मानना है कि सेवानिवृत्ति के बाद सेवानिवृति लाभ के लिए (उच्च न्यायालय के) न्यायाधीशों के बीच कोई भी भेदभाव अनुच्छेद 14 का उल्लंघन होगा। इस प्रकार हम उच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीशों को चाहे वे किसी भी समय सेवा में आए हों, पूर्ण पेंशन का हकदार मानते हैं।"

## उत्तर भारत में सक्रिय जासूसी नेटवर्क मामले में पंजाब, हरियाणा और यूपी से अब तक 12 जासूस गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से पिछले दो सप्ताह में एक यूट्यूबर समेत कम से कम 12 लोगों को पकड़ा गया है। जांच में ये सामने आया है कि वे उत्तर भारत में सक्रिय पड़ोसी देश से जुड़े जासूसी नेटवर्क का हिस्सा थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। इनमें से छह को पंजाब से और चार को पड़ोसी राज्य हरियाणा से पकड़ा गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में हरियाणा की यूट्यूबर समेत दो महिलाएं नयी दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात पाकिस्तानी अधिकारी एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश के कथित तौर पर संपर्क में थीं। भारत ने 13 मई को जासूसी में कथित रूप से शामिल होने के कारण पाकिस्तानी अधिकारी को निष्कासित कर दिया था। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस की अब तक की जांच में पता चला है कि आरोपी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों को संवेदनशील जानकारी कथित तौर पर दे रहे थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किये गये संदिग्धों के वित्तीय लेन-देन की जांच और उनके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का फॉरेंसिक विश्लेषण भी किया जा रहा है। पंजाब और हरियाणा से की गई गिरफ्तारियों के अलावा, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के एक कथित एजेंट को रविवार को उत्तर प्रदेश के रामपुर से विशेष कार्य बल द्वारा गिरफ्तार किया गया। पंजाब पुलिस ने चार मई को अमृतसर के अजनाला के रहने वाले फलकशेर मसीह और सूरज मसीह को सीमावर्ती जिले में सेना के छावनी क्षेत्रों व हवाई अड्डों की संवेदनशील जानकारी और तस्वीरें आईएसआई को भेजने में कथित भूमिका के लिए गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया था कि दोनों आरोपी सेना की गतिविधियों, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) शिविरों और हवाई अड्डों, तस्वीरों और अन्य संवेदनशील आंकड़ों जैसी महत्वपूर्ण जानकारी एकत्र करने और पाकिस्तान में अपने आकाओं को भेजने में कथित तौर पर शामिल थे।

## शाही जामा मस्जिद विवाद : हाईकोर्ट ने मस्जिद कमेटी की अर्जी खारिज की, संभल कोर्ट में जारी रहेगा सर्वे मामला

**प्रयागराज/संभल :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शाही जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर से जुड़े विवाद में सर्वेक्षण कराने संबंधी संभल की एक अदालत के आदेश के खिलाफ मस्जिद कमेटी की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। उच्च न्यायालय ने कहा कि अधिवक्ता आयोग की नियुक्ति और वाद दोनों ही विचारणीय हैं। यह निर्णय न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने सुनाया, जिन्होंने मस्जिद कमेटी के वकीलों, मंदिर पक्ष के अधिवक्ता हरिशंकर जैन और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के वकील की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। मस्जिद कमेटी ने संभल की एक अदालत के आदेश को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। संभल की अदालत ने अधिवक्ता आयुक्त के जरिये मस्जिद का सर्वेक्षण कराने का निर्देश दिया था। उच्च न्यायालय ने सोमवार को अपने फैसले में कहा, मुस्लिम पक्ष के वकील नकवी की यह दलील कि मस्जिद से जुड़ा विवाद 1877 में निपटा लिया गया, इस चरण में स्वीकार्य नहीं है क्योंकि 1877 का निर्णय एक पुराने भवन की बात करता है जबकि 1920 में जुमा मस्जिद को 1904 के अधिनियम के तहत एक संरक्षित स्मारक घोषित किया गया था।

## ईडी ने धनशोधन के आरोप में यूको बैंक के पूर्व सीएमडी गोयल को गिरफ्तार किया

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यूको बैंक के पूर्व मुख्य प्रबंध निदेशक (सीएमडी) सुबोध कुमार गोयल को कोलकाता की एक कंपनी से जुड़े 6,200 करोड़ रुपये से अधिक के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में धन शोधन के आरोप में गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। गोयल को 'कॉनकास्ट स्टील एंड पावर लिमिटेड' (सीएसपीएल) और अन्य के खिलाफ जांच के मामले में 16 मई को यहां उनके आवास से गिरफ्तार किया गया था। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में बताया कि गोयल को 17 मई को कोलकाता में विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष पेश किया गया जिसने उन्हें 21 मई तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेज दिया। निदेशालय ने इस जांच के तहत अप्रैल में गोयल और कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर छापेमारी की थी।

## न्यायालय आज वक्फ मामले की सुनवाई करेगा, अंतरिम आदेश कर सकता है पारित

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय, वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई करेगा और वह इस मामले में अंतरिम आदेश पारित कर सकता है। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने 15 मई को सुनवाई 20 मई तक टालते हुए कहा था कि वह 'वक्फ बाई यूजर' या 'वक्फ बाई डीड' द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने के अधिकार सहित तीन मुद्दों पर अंतरिम निर्देश पारित करने के लिए दलीलें सुनेगी। दूसरा मुद्दा, राज्य वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद की संरचना से संबंधित याचिकाओं में उठाया गया, जिनमें उनकी दलील है कि पदेन सदस्यों के अलावा केवल मुसलमानों को इसका संचालन करना चाहिए। तीसरा मुद्दा, उस प्रावधान से संबंधित है, जिसके अनुसार, जब कलेक्टर यह पता लगाने के लिए जांच करेगा कि संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं, तो वक्फ संपत्ति को वक्फ के तौर पर नहीं देखा जाएगा। पीठ ने कानून की वैधता को चुनौती देने वालों की ओर से पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अन्य तथा केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से सोमवार 19 मई तक अपने लिखित नोट्स जमा करने को कहा था।

# नयी 'ई-जीरो' प्राथमिकी से साइबर अपराधियों को जल्दी पकड़ने में मदद मिलेगी: अमित शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि गृह मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने साइबर अपराधियों को जल्दी पकड़ने के लिए नयी 'ई-जीरो' प्राथमिकी योजना शुरू की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लिए प्रायोगिक परियोजना के रूप में शुरू की गई यह नयी प्रणाली राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) और हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज साइबर वित्तीय अपराधों को स्वचालित रूप से प्राथमिकी में बदल देगी। शाह ने कहा कि शुरुआत में 10 लाख रुपये की सीमा से ऊपर के मामले में ऐसा होगा। मंत्री ने कहा कि इस पहल को जल्द ही पूरे देश में लागू किया जाएगा। एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि हाल की एक समीक्षा बैठक में गृह मंत्री शाह ने साइबर वित्तीय अपराधों के पीड़ितों को गंवाए हुए धन को वापस हासिल करने में आने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए इस पहल को लागू करने के निर्देश दिए थे। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली के लिए एक प्रायोगिक परियोजना के रूप में शुरू की गयी यह नयी प्रणाली एनसीपीआर या 1930 पर दर्ज साइबर वित्तीय अपराधों को स्वतः प्राथमिकी में परिवर्तित करेगा, शुरू में यह 10 लाख रुपये से ऊपर की सीमा के लिए होगा। नयी प्रणाली से जांच में तेजी आएगी, जिससे साइबर अपराधियों पर सख्ती हो सकेगी, जल्द ही इसका विस्तार पूरे देश में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार साइबर-सुरक्षित भारत बनाने के लिए साइबर सुरक्षा ढांचे को मजबूत कर रही है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'साइबर सुरक्षित भारत' के विजन को पूरा करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

### गृह मंत्री शाह ने नए ओसीआई पोर्टल की शुरूआत की

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय मूल के व्यक्तियों के पंजीकरण को सहज बनाने के लिए अद्यतन 'यूजर इंटरफेस' के साथ नये 'ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया' पोर्टल की सोमवार को शुरूआत की। ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) योजना 2005 में शुरू की गई थी। इस योजना में भारतीय मूल के सभी व्यक्तियों (पीआईओ) को ओसीआई के रूप में पंजीकरण का प्रावधान है जो 26 जनवरी 1950 के बाद भारत के नागरिक थे या 26 जनवरी 1950 को नागरिकता पाने के पात्र थे या उनके वंशज हैं। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "आज, भारतीय मूल के व्यक्तियों के पंजीकरण को सहज बनाने के लिए अद्यतन यूजर इंटरफेस के साथ नवीनीकृत ओसीआई पोर्टल लॉन्च किया। नयी विशेषताओं में बेहतर कार्यक्षमता, उन्नत सुरक्षा और उपयोग को आसान बनाना शामिल है।" ओसीआई कार्डधारक योजना की शुरूआत 2005 में नागरिकता अधिनियम, 1955 में किए गए एक संशोधन के माध्यम से की गई थी। इस योजना में भारतीय मूल के व्यक्तियों को भारत के प्रवासी नागरिकों के रूप में पंजीकृत करने का प्रावधान है, बशर्ते वे 26 जनवरी 1950 या उसके बाद भारत के नागरिक रहे हों, या उस तारीख को नागरिक बनने के पात्र हों। हालांकि, ऐसे व्यक्ति जो स्वयं, उनके माता-पिता, दादा-दादी और परदादा-परदादी, पाकिस्तान या बांग्लादेश के नागरिक हैं या रहे हैं, इसके लिए पात्र नहीं हैं।





## कोर्ट ने कहा, पैंदल रास्ता संवैंधानिक अधिकार

सड़क पर तेज रफ्तार दौड़ती कारों और अतिक्रमण की भेंट चढ़े फुटपाथों पर पैदल यात्रियों का चलना अब दुश्वार हो चला है। यही वजह है कि बुजुर्ग लोग सड़कों पर आने से डरते हैं और घरों तक सिमटकर रह जाते हैं। वे फुटपाथ न होने के कारण सड़कों पर चलते हैं और अनियंत्रित गति वाले वाहनों के शिकार हो जाते हैं। अदालत में दिए गए एक आंकड़े के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं में मरने वाले करीब बीस फीसदी लोग पैदल यात्री होते हैं। इन हालात में दिव्यांग लोग कैसे सड़कों पर निकल सकते हैं, ये कल्पना से परे है। देश के करोड़ों मूक पैदल यात्रियों को आवाज देने के मकसद से सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति ए.एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की खंडपीठ ने सख्त लहजे में कहा कि फुटपाथ की सुविधा लोगों का संवैधानिक अधिकार है। पीठ ने केंद्र व राज्यों को कहा कि दो महीने में सुनिश्चत करें शहरों व गांवों में पैदल चलने वालों के लिये साफ, अतिक्रमण मुक्त और दिव्यांगों के अनुकूल फुटपाथ उपलब्ध हों। सभी सार्वजनिक सड़कों पर उपयुक्त फुटपाथ बनाना और उनसे अतिक्रमण हटाना अनिवार्य है। कोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकारों से कहा कि वे बताएं पैदल यात्रियों के अधिकारों की रक्षा के लिए उसके पास क्या नीति है। कोर्ट ने दो महीने में रिपोर्ट देने को कहा है। शीर्ष अदालत ने मुंबई हाईकोर्ट की ओर से पहले से जारी दिशा-निर्देशों को आदर्श मानते हुए अन्य राज्यों से इसे अपनाने को कहा।

दरअसल, कोर्ट भी इस बात से सहमत दिखा कि जब फुटपाथ नहीं होते तो गरीब, बुजुर्ग,बच्चे और दिव्यांगजन मजबूरी में सड़कों पर चलते हैं। वे भीड़भाड़ में हादसों का शिकार हो जाते हैं। अदालत ने कहा कि यह केवल यातायात का मुद्दा नहीं है,यह जीवन का अधिकार है। ये उन करोड़ों भारतीयों के लिए एक उम्मीद है जो जान जोखिम में डालकर सड़कों पर चलते हैं। अब हर कदम पर सुरक्षित और जीवन की अहमियत होनी चाहिए। निस्संदेह, देश में फुटपाथों की दुर्दशा, अतिक्रमण और दिव्यांगों की लाचारी किसी से छिपी नहीं है। अकेले वर्ष 2022 में 77 हजार पैदल यात्रियों के साथ हुई दुर्घटना में करीब 32,797 की मृत्यु हुई और 34 हजार गंभीर रूप से घायल हुए। निस्संदेह, कोर्ट ने पैदल चलने वाली करोड़ों की मूक बिरादरी को संवैधानिक आवाज देने देने की सार्थक पहल की है। विडंबना यह है कि देश की राजधानी दिल्ली में अस्सी फीसदी पैदल मार्गों पर रेहड़ी-पटरी वालों, दुकानदारों व गाड़ी वालों ने कब्जा कर रखा है। इस वर्ष हर माह करीब 48 पदयात्री सड़क दुर्घटना में मारे गए। यही वजह है कोर्ट ने फुटपाथ को संवैधानिक अधिकार बताते हुए इसे संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीशुदा बताया। जिसे केंद्र व राज्य सरकारों को पैदल यात्रियों के लिये इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने केंद्र सरकार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड के गठन के लिए सिर्फ छह माह का समय दिया है।

## जयशंकर तीन दिनों की यात्रा के पहले चरण में नीदरलैंड पहुंचे

**हेग :** विदेश मंत्री एस जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ करने के उद्देश्य से नीदरलैंड के नेतृत्व के साथ वार्ता करने के लिए सोमवार को यहां पहुंचे।

वह तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में नीदरलैंड पहुंचे हैं, जिसके बाद वह डेनमार्क और जर्मनी जाएंगे। भारत और पाकिस्तान के सशस्त्र बलों के बीच चार दिनों के सैन्य टकराव के बाद जयशंकर की यह पहली विदेश यात्रा है। हेग स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर आज आधिकारिक यात्रा पर नीदरलैंड पहुंचे। उनका स्वागत राजदूत कुमार तुहिन और नीदरलैंड के विदेश मंत्रालय की प्रोटोकॉल निदेशक गैब्रिएला सैंसिसी ने किया। इस यात्रा से भारत-नीदरलैंड संबंधों को और बढ़ावा मिलेगा।' जयशंकर तीनों देशों के नेतृत्व से मिलेंगे तथा द्विपक्षीय संबंधों एवं परस्पर हितों के क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों के संपूर्ण पहलुओं पर अपने समकक्षों के साथ चर्चा करेंगे। ऐसी उम्मीद है कि जयशंकर तीनों देशों के विदेश मंत्रियों को पहलगाम आतंकी हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू करने के भारत के फैसले से भी अवगत कराएंगे।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 20 मई, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष सप्तमी, 05:51 तक, नक्षत्र : धनिष्ठा, 19:19 तक, योग : इंद्र, 26:40 तक, सूर्योदय: 4:55, सूर्यास्त: 18:11, चन्द्रोदय : 24:27, चन्द्रास्त: 11:15, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 14:50 से 16:29

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है और आप अपनी योग्यता और परिश्रम से कार्यस्थल पर सबका ध्यान आकर्षित करेंगे। वरिष्ठ अधिकारी आपके काम से प्रभावित होंगे।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों का भाग्य साथ देगा। कार्यक्षेत्र में नई योजनाओं की शुरुआत के लिए दिन शुभ है। यदि आप स्वरोजगार या स्टार्टअप के बारे में सोच रहे हैं, तो शुरुआती निवेश लाभदायक रहेगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों के लिए दिन मिलाजुला रहेगा। अनावश्यक खर्चों के कारण आपका बजट असंतुलित हो सकता है, विशेषकर यात्रा, गिफ्ट या गाड़ी से जुड़ा खर्च अचानक बढ़ेगा।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों का दिन शुभ है और आपकी ईमानदारी और समर्पण का कार्यक्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। आपको भाग्य का सहयोग मिलेगा। सोच-समझकर निर्णय लें।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों के लिए दिन मिलाजुला रहेगा। मानसिक तनाव के कारण कार्यक्षेत्र में एकाग्रता की कमी हो सकती है। हालांकि, दोपहर के बाद परिस्थितियां धीरे-धीरे सुधरेंगी।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है। तर्कशक्ति और स्पष्टता कार्यक्षेत्र में निर्णायक भूमिका निभाएगी। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे उन्हें शुभ समाचार मिल सकता है।

**तुला :** तुला राशि के लोगों का दिन लाभ से भरा होगा। धन और करियर दोनों ही क्षेत्रों में संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। नौकरीपेशा जातकों को ऑफिस में कोई विशेष ज़िम्मेदारी दी जा सकती है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों को हर कार्य बहुत संभलकर करने की सलाह है। व्यवसाय में किसी नए क्लाइंट से डील करते समय पूरी सतर्कता बरतें। कोई शर्त बाद में उलझन पैदा कर सकती है।

**धनु :** धनु राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है। धन संबंधी मामलों में ग्रहों की विशेष कृपा है। नेतृत्व क्षमता के चलते कोई महत्वपूर्ण परियोजना आपको सौंपी जा सकती है।

**मकर :** मकर राशि के लोगों के लिए दिन आर्थिक मामलों में काफी उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। धन के मामलों में मुश्किल हो सकती है। कार्यक्षेत्र में अकारण आलोचना का सामना करना पड़ सकता है।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है और दिन नवाचार और शोध कार्यों के लिए बहुत अनुकूल है। अगर आप कोई नया व्यापार शुरू करना चाह रहे हैं तो यह सही समय है।

**मीन :** मीन राशि के लोगों का दिन शुभ है और आपको वित्तीय रूप से लाभ प्राप्त होगा। विशेषकर किसी पारिवारिक विवाद में पैसों का मुद्दा उठा सकता है।

# बाकी सब ठीक, पर देशहित प्रथम



डॉ घनश्याम बादल

पहलगाम की आतंकवादी घटना के बाद यह तय था कि भारत एक्शन लेगा और एक्शन लिया गया जिसकी परिणीति 6 व 7 मई की रात में पाकिस्तान के 9 आतंकवादी ठिकानों को तहस-नहस कर देने वाली कार्रवाई के रूप में हुई । चोट खाए पाकिस्तान ने भी अपने पाले हुए आतंकवादियों का पक्ष लेते हुए भारत पर पलट कर हमला करने की कोशिश की जो नाकाम रही ।

बात-बात में परमाणु बम की धमकी एवं गीदड़भभकी देने वाले पाकिस्तान की हालत केवल चार दिन के जंग के बाद ही खस्ता हो गई और जब भारत में उसके तेरह में से ग्यारह एयरबेस क्षतिग्रस्त कर दिए और कम से कम छह पूरी तरह तबाह कर दिए व उसकी मिसाइलें एवं लड़ाकू विमान मार गिराए तथा ब्रह्मोस का प्रयोग करते हुए (यदि मीडिया की रिपोर्ट को सच माने तो) उसे परमाणु बम के उपयोग करने की संभावना से भी वंचित कर दिया तब आनन फानन में अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने एक ट्वीट करके दुनिया को इस संघर्ष विराम या सीज फायर की जानकारी दी तो एक तरह से दक्षिण एशिया एवं दुनिया ने राहत की सांस ली ।

वहीं यदि डोनाल्ड ट्रंप के वक्तव्य को मानें तो लाखों लोग मरने से बचे। लेकिन यहीं से देश में राजनीतिक उठा पटक शुरू हो गई । विपक्ष ने मुखर होकर पूछा कि ऐसे क्या कारण थे जिसकी वजह से अचानक ही संघर्ष विराम की घोषणा करनी पड़ी और विभिन्न कोणों से सरकार पर जब हमले हुए तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 मई को देश को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर समाप्त नहीं हुआ है अभी तो उसे केवल स्थगित किया गया है। साथ ही साथ उन्होंने कड़े शब्दों में पाकिस्तान एवं आतंकवादियों सहित दूसरे देशों को भी चेतावनी दे दी की भारत के आंतरिक मामलों में किसी प्रकार का हस्तक्षेप सहन नहीं किया जाएगा तथा आतंकवादी की किसी भी घटना को 'एक्ट आफ वार' समझा जाएगा जिसका मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा।

भले ही सरकार एवं विभिन्न रक्षा विशेषज्ञों की दृष्टि में भारत का पलड़ा इस संघर्ष में भारी रहा तथा पाकिस्तान को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा लेकिन दुनिया में अपना पक्ष रखना भी बहुत ज़रूरी था इसलिए भारत सरकार ने सात सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडलों का गठन किया जिनका नेतृत्व जाने माने नेताओं को सौंपा गया। 59 सदस्यों वाले इन साथ प्रतिनिधि मंडलों में लगभग सभी प्रमुख दलों के सदस्यों को शामिल किया गया लेकिन विवाद तब उठ खड़ा हुआ जब कांग्रेस ने अपनी ही पार्टी के नेता शशि थरूर को अमेरिका जाने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेता चुने जाने के बावजूद इस पर आपत्ति दर्ज कराई । कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने

### हंगामा है क्यों बरपा

प्रेस कांफ्रेंस करके बताया कि जिन चार नेताओं के नाम कांग्रेस ने दिए थे उनमें से केवल आनंद शर्मा को ही प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया गया है और सरकार में अपनी मर्जी से ही शशि थरूर एवं सलमान खुर्शीद जैसे नेताओं को कांग्रेस का प्रतिनिधि बनाकर भेजने का निर्णय लिया जो उसके लिए आपत्तिजनक है।

एक तरह से देखे तो कांग्रेस का पक्ष अनुचित नहीं है क्योंकि हर दल को अपने उपयुक्त नेता को ऐसे प्रतिनिधि मंडलों में शामिल कराने का अधिकार है लेकिन सरकार का कहना है कि उसने ऐसी कोई सूची मांगी ही नहीं थी तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए जिन नेताओं को उसने योग्य पाया उनका चयन इन प्रतिनिधि मंडलों में किया गया है । इस दृष्टि से सरकार का पक्ष भी सही है क्योंकि जब राष्ट्र की बात आती है तब दल नहीं योग्यता प्रमुख हो जाती है और इसका उदाहरण स्वयं कांग्रेस की पी वी नरसिम्हा राव के नेतृत्व वाली सरकार ने उस समय दिया था जब 1994 में संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का पक्ष रखने के लिए उसने अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में वहां प्रतिनिधिमंडल भेजा था तो कह सकते हैं कि ऐसी परंपरा की शुरुआत स्वयं कांग्रेस ने की थी।

वैसे ऐसा भी नहीं है की पहली बार किसी सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेशों में भेजे हैं इससे पूर्व भी ऐसे प्रतिनिधिमंडल भेजे जाते रहे हैं 2008, 1971 एवं 1965 मैं भी भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधि मंडलों को भेजा गया था।

जिस तरह भारत के सभी राजनीतिक दलों ने एकजुट होकर पाक की तरफ से खड़े किए गए इस संकट में साथ दिया वह एक प्रशंसनीय कदम था लेकिन संघर्ष विराम के बाद से ही जिस तरह की राजनीति की जा रही है उससे इस बात का भी अंदेशा है कि सेना द्वारा लगभग जीते गए जंग की महत्ता को राजनीतिक प्रतिद्वंदिता कहीं महत्वहीन न कर दे । इसलिए सभी राजनीतिक दलों को चाहे वह सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, इस बात पर ध्यान देना होगा कि ऐसा परिदृश्य न प्रस्तुत करें कि दुनिया भर में भारत की जग हंसाई हो।

खैर एक बार फिर से लौट कर चिंतन करते हैं कि इन प्रतिनिधि मंडलों के गठन का लक्ष्य क्या है तथा यह भारत के किस-किस पक्ष को दुनिया के सामने रखेंगे और पाकिस्तान षड्यंत्रों एवं आतंकवादी मानसिकता को बेनकाब करेंगे । भारत सरकार के एजेंडे के अनुसार यह प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों में जाकर उन परिस्थितियों के बारे में अवगत कराएंगे जिनके चलते भारत को के पलटकर वार करना पड़ा तथा किस तरह पाकिस्तान अपने पाले हुए आतंकवादियों के माध्यम से भारत को निरंतर संकट में डालता रहा है । साथ ही साथ उनका एक बिंदु यह भी होगा कि यदि पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष या अन्य देशों द्वारा अनावश्यक रूप से आर्थिक सहायता दी जाती है तो यह देश इसका इस्तेमाल सभी शर्तों एवं नियमों का को अनदेखा करके एक बार फिर से हथियार खरीदने एवं आतंकवादियों को शहर देने के लिए करेगा।

यह तो सभी जानते हैं कि राजनीति में मुद्दों के साथ-साथ भावनाओं का भी दोहन किया जाता है और उनसे राजनीतिक लाभ लेने की भरसक कोशिश होती है। ऐसा करने में न सत्ता पक्ष गुरेज करता है न ही विपक्ष । अभी हम उस कठिन दौर से गुजर रहे हैं जहां एक तरफ देश के हित की बात है वहीं साथ ही साथ अपने दल के हितों की रक्षा करने की भी घड़ी है। हर दल एवं नेता को अधिकार है कि वह अपनी हितों की रक्षा करें तथा प्रतिपक्षी पर पलटकर वार करें ।

विपक्ष का काम है सरकार की कमियों को उजागर करना एवं उसे किसी भी तरह सत्ता से हटाने की कोशिश करना जबकि सरकार या सत्ता में बैठे हुए दल का प्रयास रहता है कि वह अपनी मठाधीशी बरकरार रखें और विपक्ष को सांसत में डाले रखें जिससे उसकी कुर्सी बची रहे ।

यह सब ठीक है पर सबसे मुख्य बात तो वही है कि यदि देश सुरक्षित रहेगा तभी आपकी सत्ता तथा सत्ता में आने की संभावना भी सुरक्षित रहेगी इसलिए क्षणिक आवेश या निहित स्वार्थ के चलते यह उचित नहीं होगा कि भारत के हितों की अनदेखी की जाए।

-लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं

# कांग्रेस के विरोध के बाद भी मोदी के खास



संजय सक्सेना

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की केंद्र सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ अपने सख्त रुख को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से रखने के लिए एक बड़ा कूटनीतिक कदम उठाया है। इस रणनीति के तहत भारत सरकार ने एक के बाद एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल गठित कर दुनिया के उन देशों की यात्रा की योजना बनाई है जो या तो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य हैं या फिर भारत के रणनीतिक सहयोगी माने जाते हैं। इन प्रतिनिधिमंडलों का उद्देश्य न केवल भारत के पक्ष को वैश्विक समुदाय के सामने स्पष्ट करना है, बल्कि यह दिखाना भी है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत की राजनीतिक व्यवस्था पूरी तरह एकजुट है। लेकिन इस राष्ट्रहित की कवायद के बीच एक ऐसा विवाद खड़ा हो गया है जिसने न सिर्फ कांग्रेस पार्टी के भीतर बहस को जन्म दे दिया है बल्कि केंद्र और विपक्ष के रिश्तों में भी खटास बढ़ा दी है।

विवाद की जड़ में कांग्रेस सांसद शशि थरूर का नाम है जिन्हें केंद्र सरकार ने बिना कांग्रेस नेतृत्व की सिफारिश के एक प्रतिनिधिमंडल में शामिल कर लिया। जबकि कांग्रेस का दावा है कि उसने अपनी तरफ से चार वरिष्ठ सांसदों के नाम सरकार को भेजे थे, जिनमें से किसी को भी नहीं चुना गया। कांग्रेस का यह भी आरोप है कि सरकार ने अपनी मनमर्जी से शशि थरूर को चुना और उन्हें प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सौंप दिया। वहीं, केंद्र सरकार के संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस से कोई औपचारिक नाम नहीं मांगे गए थे, बल्कि जो जानकारी दी गई थी, वह केवल सूचनात्मक थी, कोई आग्रह नहीं। कांग्रेस इस सफाई से संतुष्ट नहीं है और उसका मानना है कि सरकार ने जानबूझकर कांग्रेस को दरकिनार किया और शशि थरूर को शामिल कर सियासी संदेश देने की कोशिश की।

यह पहला मौका नहीं है जब शशि थरूर की कांग्रेस नेतृत्व से टकराव की स्थिति सामने आई है। इससे पहले भी वे विदेश राज्य मंत्री रहते हुए 'कैटल क्लास' जैसे ट्वीट की वजह से विवादों में आए और उन्हें मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में खड़े होने के बाद से तो पार्टी के भीतर उन्हें शक की नजर से देखा जाने लगा। लेकिन इन सबके बावजूद शशि थरूर की एक अलग पहचान है एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभवी राजनयिक की, जो संयुक्त राष्ट्र में 30 साल से ज्यादा समय तक अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनकी वाक्पटुता, कूटनीतिक समझ और वैश्विक मंचों पर प्रभावशाली उपस्थिति ने उन्हें न केवल भारत बल्कि विदेशों में भी विशिष्ट पहचान दिलाई है।

शशि थरूर ने खुद को प्रतिनिधिमंडल में शामिल किए जाने पर खुशी और गर्व का इजहार किया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म द पर लिखा कि वे भारत सरकार के इस आमंत्रण से सम्मानित महसूस कर रहे हैं और जब भी राष्ट्रीय हित की बात होगी, वे पीछे नहीं रहेंगे। उन्होंने किसी तरह की पार्टी अनुमति की आवश्यकता नहीं समझी, जो कांग्रेस नेताओं को खटक गया। पार्टी नेतृत्व का यह मानना है कि थरूर को पहले नेतृत्व से राय लेनी चाहिए थी, लेकिन शायद थरूर को खुद ही इस बात की आशंका थी कि यदि वे अनुमति मांगते तो उन्हें मना कर दिया जाता। ऐसे में उन्होंने खुद ही निर्णय लेना उचित समझा, खासकर तब जब उन्हें केंद्र सरकार की तरफ से प्रतिनिधित्व का प्रस्ताव मिला।

शशि थरूर की इस भूमिका से न केवल बीजेपी को लाभ मिल रहा है बल्कि खुद थरूर की राजनीतिक हैसियत भी बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब संसद में विदेश नीति पर बोलते हुए कांग्रेस पर हमला करते हैं, तब वे विशेष रूप से यह कहते हैं कि शशि थरूर इस दायरे से बाहर हैं। ऐसे में स्वाभाविक है कि कांग्रेस को यह चुभेगा। वहीं, बीजेपी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने भी थरूर की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी विदेश नीति की समझ और संयुक्त राष्ट्र में उनके अनुभव से कोई इनकार नहीं कर सकता। फिर कांग्रेस ने उन्हें क्यों नहीं चुना? क्या यह राहुल गांधी की असुरक्षा की भावना है? यह सवाल बीजेपी के माध्यम से आम जनमानस के बीच भी फेंका गया है, जो कांग्रेस के लिए चिंता का विषय है।

कांग्रेस की तरफ से जिन चार सांसदों के नाम सुझाए गए थे उनमें आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और राजा ब्रार शामिल थे। आनंद शर्मा पूर्व विदेश राज्य मंत्री रह चुके हैं, गौरव गोगोई लोकसभा में कांग्रेस के डिप्टी लीडर हैं और राहुल गांधी के करीबी माने जाते हैं। वहीं, राजा ब्रार और नसीर हुसैन को लेकर भी राजनीतिक विवाद जुड़ा रहा है। राजा ब्रार पर खालिस्तानी समर्थक गायकों के समर्थन का आरोप लगा है और नसीर हुसैन की एक रैली में 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगने की घटना भी विवाद का कारण बनी थी। ऐसे में शशि थरूर का नाम इनमें से अधिक उपयुक्त और अंतरराष्ट्रीय छवि वाला नजर आता है।

दरअसल, कांग्रेस को इस बात की तकलीफ है कि एक ऐसा नेता जो पार्टी के भीतर लगातार उपेक्षा का शिकार रहा है, आज राष्ट्रीय मंच पर केंद्र सरकार द्वारा प्रतिष्ठित किया जा रहा है। यह बात कांग्रेस के नेतृत्व को असहज कर रही है। हालांकि पार्टी के कुछ नेता यह मानते हैं कि थरूर की राय और सोच भले ही अलग हो, लेकिन पार्टी को उन्हें अपने साथ बनाए रखना चाहिए क्योंकि उनका अंतरराष्ट्रीय अनुभव और बौद्धिक क्षमता कांग्रेस के लिए ताकत बन सकती है। कांग्रेस की कार्यसमिति की बैठक में हालांकि कुछ नेताओं ने यह भी कहा कि थरूर ने पार्टी की लक्ष्मण रेखा पार कर ली है और अब उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन फिलहाल कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।

एक ओर कांग्रेस थरूर के खिलाफ कार्रवाई करने की स्थिति में नहीं है, तो दूसरी ओर वह उन्हें खुला समर्थन भी नहीं दे पा रही है। यह दुविधा कांग्रेस नेतृत्व के भीतर चल रही अंदरूनी खींचतान और सत्ता संरचना की अस्थिरता को दर्शाती है। शशि थरूर एक ऐसे नेता हैं जो पार्टी लाइन से इतर राय रखने की हिम्मत करते हैं और अपनी बातों को खुले मंच पर रखते हैं। यही बात उन्हें विशिष्ट बनाती है और शायद यही बात कांग्रेस नेतृत्व को चुभती भी है।

इस पूरे प्रकरण का एक और पहलू यह है कि थरूर को केरल में होने वाले अगले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर भी केंद्र सरकार ने आगे किया है। केरल में कांग्रेस के लिए हर सीट महत्वपूर्ण है, और वायनाड से राहुल गांधी के सांसद होने के कारण इस राज्य की राजनीतिक गतिविधियों पर पार्टी विशेष नजर रखती है। शशि थरूर तिरुवनंतपुरम से सांसद हैं और उनकी लोकप्रियता के चलते बीजेपी को लगता है कि उनके माध्यम से केरल में एक वैकल्पिक नैरेटिव खड़ा किया जा सकता है। यदि थरूर को कांग्रेस में उचित सम्मान और भूमिका नहीं दी गई तो यह संभावना बन सकती है कि वे किसी भी समय पार्टी छोड़ दें या कम से कम एक स्वतंत्र रुख अख्तियार कर लें, जो कांग्रेस के लिए राजनीतिक रूप से नुकसानदायक साबित होगा।

शशि थरूर के पास इस वक्त अपने राजनीतिक जीवन को नई दिशा देने का पूरा अवसर है। वो न तो कांग्रेस के लिए पूरी तरह विश्वसनीय रहे हैं, न ही बीजेपी के लिए आज्ञाकारी। लेकिन यही स्थिति उन्हें खास बनाती है। कांग्रेस को यह समझना होगा कि थरूर जैसे नेता पार्टी की विविधता और बौद्धिक गहराई का प्रतीक हैं। यदि उन्हें दरकिनार किया जाता है तो इससे न केवल पार्टी की छवि को नुकसान होगा, बल्कि ऐसे नेताओं के बीच भी निराशा बढ़ेगी जो विचार और विवेक के आधार पर राजनीति करना चाहते हैं।

अब देखना यह है कि कांग्रेस इस चुनौती से कैसे निपटती है। क्या वह शशि थरूर को उनके हाल पर छोड़ देगी, या फिर उन्हें पार्टी के भीतर सम्मानजनक भूमिका देकर संतुलन साधेगी? केंद्र सरकार की रणनीति तो साफ है विपक्ष के प्रभावशाली नेताओं को अलग-थलग करना, उन्हें राष्ट्रीय मंच पर प्रतिष्ठा देना और इससे विपक्ष के भीतर मतभेद को और गहरा करना। कांग्रेस यदि समय रहते नहीं चेती, तो यह मामला सिर्फ शशि थरूर तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि पार्टी के भीतर असंतोष और टकराव को और गहरा कर देगा। राजनीति में प्रतीकात्मक घटनाओं का बड़ा महत्व होता है, और शशि थरूर की यह नियुक्ति भी आने वाले समय में भारतीय राजनीति के समीकरणों को प्रभावित कर सकती है।


-वरिष्ठ पत्रकार

## विदेश की खबरें

### उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में घरेलू विवाद में छह लोगों की हत्या

**पेशावर :** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को घरेलू विवाद को लेकर दो परिवारों के बीच हुई घातक झड़प में तीन महिलाओं सहित छह लोगों की मौत हो गई। बचाव सेवा 'रेस्क्यू 1122' के प्रवक्ता बिलाल फैजी ने बताया कि पेशावर जिले के खट्टाको ब्रिज क्षेत्र में एक पारिवारिक विवाद में यह झड़प हुई और दोनों परिवारों के सदस्यों ने एक-दूसरे पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। इस घटना में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में तीन महिलाएं शामिल हैं, जबकि एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल बताई गई है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे और क्षेत्र की घेराबंदी कर दी, जहां भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस के अनुसार, अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

### अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन 'प्रोस्टेट कैंसर' से पीड़ित



**वाशिंगटन :** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन 'प्रोस्टेट कैंसर' से पीड़ित हैं। उनके कार्यालय ने रविवार को यह जानकारी दी। बाइडन के कार्यालय ने बताया कि 82 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति की मूत्राशय संबंधी परेशानियों के कारण जांच की गई जिसमें चिकित्सकों को उनके 'प्रोस्टेट' में एक गांठ का पता चला। शुक्रवार को उनके 'प्रोस्टेट कैंसर' से पीड़ित होने की पुष्टि हुई और जांच में यह भी पता चला कि कैंसर की कोशिकाएं हड्डी तक फैल गई हैं। बाइडन के कार्यालय ने बताया कि बीमारी का यह अधिक गंभीर रूप है। कार्यालय के अनुसार, 'पूर्व राष्ट्रपति और उनका परिवार चिकित्सकों के साथ उपचार के संबंध में विचार विमर्श कर रहा है।' 'प्रोस्टेट कैंसर' की गंभीरता को 'ग्लीसन स्कोर' पर क्रम दिया जाता है। यह स्कोर छह से 10 तक होता है जिसमें आठ, नौ और 10 स्कोर अत्यधिक गंभीर श्रेणी में आते हैं। बाइडन के कार्यालय ने कहा कि उनका स्कोर नौ है, जो दर्शाता है कि उनका कैंसर अत्यधिक गंभीर की श्रेणी में आता है। बाइडन की बीमारी सामने आने पर कई नेताओं ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि वह इस खबर से दुखी हैं। उन्होंने कहा, 'हम जो के शीघ्र और पूरी तरह से स्वस्थ होने की कामना करते हैं।' पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'जो एक योद्धा हैं और मुझे पता है कि वह उसी ताकत और आशा के साथ डटकर इस चुनौती का भी मुकाबला करेंगे, जिसने हमेशा उनके जीवन और नेतृत्व को परिभाषित किया है।' पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा कि उनकी प्रार्थनाएं बाइडन के साथ हैं, उन्होंने उनकी दृढ़ता की सराहना की।

## वर्ग पहेली नं. 3097

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | | ■ | 4 | ■ |
| | ■ | 5 | | ■ | | ■ | 6 | | 7 |
| 8 | | | ■ | 9 | | 10 | ■ | 11 | |
| | ■ | 12 | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | |
| 16 | 17 | ■ | 18 | | | ■ | 19 | 20 | |
| ■ | 21 | | | ■ | ■ | 22 | | | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | 23 | | | ■ | | ■ |
| 24 | | 25 | | | ■ | ■ | 26 | | 27 |
| | ■ | | ■ | 28 | | | | ■ | |

*बायें से दायें:-* 1) बदन, 2) मसाले की एक जड़, 5) जाँघिया, 6) तैरनेवाला, 8) पराजित; अयोग्य; ख़राब, 9) असभ्य, 11) कश (धूमपान); ज़ोर, 12) एक भाषा; शक्कर, 14) आधार, 16) रिवाज, 18) गति, 19) ज़िंदगीनामा, 21) सेठ; पैसेवाला, 22) पवित्र, 23) छाला, 24) बीच में, 26) सीमावर्ती; सिरे का, 28) दाख़िला; अंतर्भाव.

*ऊपर से नीचे:-* 1) एक लिपि, 2) हाँ; बढ़िया; भला, 3) इतवार, 4) मन्नत; इच्छा, 5) बाँस की पतली छड़ी, 7) बचपन, 10) अवशिष्ट, 13) फीका, 15) कमल, 17) घृणा, 20) ज़मीन से उगनेवाले पेड़, पौधे, लताएँ आदि, 22) संपर्क; तुषार, 23) कटहल, 24) कानून का एक नियम; मर्तबा, 25) सूर्य; दोस्त, 26) भाग, 27) सर्वत्र पाया जानेवाला एक परदार कीड़ा

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिं | दा | स | ■ | ■ | के | दा | र | ■ | का |
| ■ | ■ | म | हा | व | त | ■ | सा | भा | र |
| च | तु | र्थ | ■ | ह | न | न | ■ | ■ | ख़ा |
| र | ■ | नी | ल | म | ■ | ट | प | क | ना |
| स | म | य | ■ | ■ | ज़ी | ना | ■ | ल | ■ |
| ■ | त | ■ | स | ज्ज | न | ■ | त | मा | म |
| प | ल | स्त | र | ■ | त | स | ल्ली | ■ | ■ |
| र | बी | ■ | दा | ल | ■ | म | न | मा | नी |
| सों | ■ | नि | र | क्ष | र | ता | ■ | ला | ड़ |

## सुडोकू-पहेली-3054

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | 8 | | | 6 |
| | | | 5 | 3 | 7 | | | |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| 5 | | | 9 | | | | | |
| | | | 4 | | 6 | 8 | | |
| | | 7 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | 3 | | | | | 9 | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | 5 | 1 | | 8 | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3053 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 9 | 7 | 6 | 1 | 3 | 4 | 5 |
| 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 7 | 2 |
| 8 | 3 | 2 | 6 | 1 | 7 | 4 | 5 | 9 |
| 1 | 9 | 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 3 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 4 | 3 | 1 | 2 | 8 |
| 4 | 5 | 3 | 8 | 7 | 6 | 2 | 9 | 1 |
| 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 8 | 3 |
| 7 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 |

# धनाभाव में भी हमने जन कल्याण की योजनाओं से समझौता नहीं किया : ममता

❑ **मुख्यमंत्री ने सिलीगुड़ी में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र के बनाने का किया ऐलान**

**सिलीगुड़ी :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को सिलीगुड़ी में उत्तर बंगाल व्यापार सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने राज्य के उत्तरी जिलों में औद्योगिक विकास में तेजी लाने पर जोर दिया। ममता बनर्जी ने ऐलान किया कि सिलीगुड़ी में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र बनाया जाएगा। इसके लिए 10 एकड़ जमीन तलाश ली गई है। यह केंद्र उत्तर बंगाल में राज्य सचिवालय के पास बनाया जाएगा। केंद्र एक होटल के साथ ही व्यापारिक सम्मेलनों के आयोजन में




भी मदद करेगा। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने होमस्टे स्थापित करने की जरूरत पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने डाबग्राम और फालाकाटा में औद्योगिक पार्क स्थापित करने और सिलीगुड़ी में डाटा सेंटर बनाने का भी ऐलान किया। उन्होंने कहा कि आवास, ग्रामीण सड़क और कटाव नियंत्रण जैसे क्षेत्रों के लिए केंद्र सरकार से धन की कमी के बावजूद राज्य सरकार अपने स्वयं के संसाधनों का उपयोग करके विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर बंगाल के उद्योग जगत को सक्रिय विचारों के साथ आगे आना चाहिए। भीड़भाड़ वाले दार्जिलिंग के अलावा वैकल्पिक पर्यटन स्थलों को विकसित करने की भी आवश्यकता है। उन्होंने कलिम्पोंग, मिरिक और कुर्सियांग जैसे क्षेत्रों के विस्तार और विकास का प्रस्ताव रखा। चाय बागान श्रमिकों के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम उनकी सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। सरकार उन बागानों में वैकल्पिक व्यवसाय योजनाओं का समर्थन करेगी जहां चाय की खेती नहीं होती है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ग इसे विफल करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन काम रुकेगा नहीं। ममता ने कहा कि दार्जिलिंग की चाय की अखंडता को बनाए रखने के लिए, उत्तर बंगाल में चाय प्रयोगशाला स्थापित की जाएगी। ताकि दार्जिलिंग की चाय के रूप में गलत तरीके से विपणन की जा रही नकली चाय की जांच की जा सके। उन्होंने कहा कि उत्तर बंगाल में एक कौशल एवं फैशन विश्वविद्यालय खोला जाएगा। बंगाल अब देश में उद्योग के लिए नया गंतव्य है। छह आर्थिक गलियारे बन रहे हैं। ममता ने कहा कि मैंने मुख्य सचिव से इस संबंध में दिशा निर्देश तैयार करने को कहा है। उद्योगपतियों का एक वर्ग शिकायत पर कि कूचबिहार में व्यापार लाइसेंस शुल्क अधिक लिया जा रहा है। यह सुनकर मुख्यमंत्री ने तमतमाते हुए कहा कि फाइल मंगवाकर भेज दीजिए। मैं टैक्स बढ़ाने के खिलाफ हूं। ये चीजें गलत हैं। ऐसा नहीं हो सकता। मुख्य सचिव खुद इस मामले को देखेंगे।

## ममता ने यूसुफ पठान को बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल से बाहर होने के लिए मजबूर किया : अमित मालवीय

**कोलकाता, समाज्ञा**

भाजपा ने सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तृणमूल सांसद यूसुफ पठान को बहुदलीय राजनयिक प्रतिनिधिमंडल से बाहर होने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया और इसे 'दुर्भाग्यपूर्ण' करार दिया। इस दिन, राज्य के भाजपा सह-प्रभारी अमित मालवीय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का तृणमूल सांसद को बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल से हटने के लिए मजबूर करने का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा नेता ने कहा कि इससे यह संदेश जाता है कि ममता बनर्जी और उनकी पार्टी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ बोलने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आखिरकार, ऐसे क्षण में देश का प्रतिनिधित्व करना राष्ट्रीय गौरव की बात है। मालवीय ने ममता बनर्जी की आलोचना करते हुए उन पर 'सबसे खराब किस्म की राजनीति' करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से, पश्चिम बंगाल इसका खामियाजा भुगत रहा है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि राज्य के सामने एक प्रतिकूल जनसांख्यिकीय बदलाव सामने खड़ा है।

**Name Change**

मैं, Sabyasachi Gorai, S/o- Haradhan Garai, निवास- Kendrabona, Gangajalghati, Bankura-722133, W.B, घोषणा की गई कि मेरे पिता का सही नाम Haradhan Garai है जो कि न्यायिक मजिस्ट्रेट, सदर, हुगली कोर्ट के समक्ष शपथ पत्र संख्या 3414 दिनांक 19/05/2025 को अनुसार मेरे (Sabyasachi Gorai आर्मी नंबर 22055224एफ, रैंक सिपाही) सेवा रिकॉर्ड में Haradhan Gorai के स्थान पर संशोधन किया जाएगा।

## प्रतिनिधिमंडल में कौन जाएगा, यह फैसला सरकार का नहीं बल्कि पार्टी का होना चाहिए : अभिषेक बनर्जी



**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न देशों में सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को भेजने के फैसले को लेकर सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस के बाद अब तृणमूल कांग्रेस ने भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों के चुने जाने को लेकर सवाल उठाए हैं। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि हमारी पार्टी का कौन सदस्य प्रतिनिधिमंडल में जाएगा, यह हमारी पार्टी का फैसला है। केंद्र सरकार एकतरफा फैसला नहीं कर सकती है। सोमवार को कोलकाता एयरपोर्ट पर सांसद अभिषेक बनर्जी से मीडिया ने सवाल पूछा कि क्या तृणमूल कांग्रेस ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का मुकाबला करने के उद्देश्य से केंद्र के बहुदलीय राजनयिक मिशन से बाहर निकलने का विकल्प चुना है। इसका जवाब देते हुए, अभिषेक ने कहा कि मुझे नहीं पता कि आपको यह जानकारी कहां से मिली। मैं यह बहुत स्पष्ट रूप से कह रहा हूं कि केंद्र सरकार जो भी निर्णय लेगी, जिसका उद्देश्य देश के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए आतंकवाद का मुकाबला करना है, तृणमूल कांग्रेस केंद्र के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी। हमें किसी भी प्रतिनिधिमंडल के जाने से कोई समस्या नहीं है। हालांकि, हमारी पार्टी का कौन सदस्य प्रतिनिधिमंडल में जाएगा, यह हमारी पार्टी का फैसला है। केंद्र सरकार एकतरफा फैसला नहीं कर सकती कि किस पार्टी से कौन जाएगा।

उन्होंने कहा कि अगर कोई प्रतिनिधिमंडल जा रहा है, तो हमें कोई आपत्ति नहीं है। जिस तरह से पाकिस्तान भारत में शांति को बाधित करने के लिए आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है, हम उसकी कड़ी निंदा करते हैं। इसे वैश्विक मंच पर उठाया जाना चाहिए। लेकिन, हमारी पार्टी से कौन जाएगा, यह तय करना हमारी पार्टी का काम है। मैं आज विदेश मामलों की स्थायी समिति की बैठक में भाग लेने के लिए दिल्ली जा रहा हूं। मुझे पार्टी ने उस समिति में नामित किया था। जैसे भाजपा तय कर सकती है कि उनकी तरफ से कौन जाएगा, वैसे ही तृणमूल तय करेगी कि हमारी तरफ से कौन जाएगा। इसके अलावा डीएमके, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप) और समाजवादी पार्टी का कौन सदस्य प्रतिनिधिमंडल में जाएगा, यह पार्टी को ही तय करना चाहिए।

अभिषेक बनर्जी ने कहा कि मुझे लगता है कि सरकार को इस मुद्दे पर सभी पार्टियों से बात करनी चाहिए थी और उसके बाद ही प्रतिनिधिमंडल को तय करना चाहिए था। हालांकि, मैं साफ कर देना चाहता हूं कि तृणमूल कांग्रेस ने 'ऑपरेशन सिंदूर' से संबंधित किसी भी तरह के विषय का कोई बायकॉट नहीं किया है। मेरा मानना है कि जब देश की बात आती है तो वहां राजनीति नहीं होनी चाहिए।

❑ **'आंदोलन हिंसक न हो, नहीं तो खो जाएगी इसकी असली भावना', अभिषेक की शिक्षकों से अपील**

विकास भवन के सामने लगातार 13 दिनों से आंदोलन कर रहे बर्खास्त 'योग्य' शिक्षकों को अभिषेक बनर्जी ने शांति बनाए रखने की अपील की है। अभिषेक ने सोमवार को कहा कि हर किसी को विरोध और आंदोलन करने का अधिकार है, लेकिन अगर आंदोलन हिंसक होता है तो इसका असली सार खत्म हो जाता है। अभिषेक ने कहा कि मैंने कई वीडियो देखे हैं जिनमें आंदोलनकारियों को गेट तोड़ने की कोशिश करते हुए देखा गया। आंदोलन को गांधीजी की तरह अहिंसक रहना चाहिए। हम भी दिल्ली में 100 दिनों के बकाया पैसे की मांग को लेकर आंदोलन किए, लेकिन किसी पर हाथ नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है और आंदोलनकारियों को न्यायपालिका पर भरोसा रखना चाहिए। आज नहीं तो कल न्याय जरूर मिलेगा, ऐसा विश्वास जताते हुए अभिषेक ने कहा कि जो आंदोलन ज़बरदस्ती और हिंसा के रास्ते पर जाता है, उसका उद्देश्य खो जाता है।

## टीटागढ़ में तृणमूल पार्षद के फ्लैट में भीषण विस्फोट, पार्षद समेत तीन गिरफ्तार

### फ्लैट में रखे विस्फोटक से धमाके का आरोप



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला अंतर्गत टीटागढ़ नगरपालिका के वार्ड 4 स्थित एक फ्लैट में सोमवार की सुबह हुए जोरदार विस्फोट से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। धमाका इतना तीव्र था कि फ्लैट की दीवारें तक उड़ गईं। हालांकि, किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन आसपास के लोगों में भय का माहौल फैल गया है। पुलिस के अनुसार, यह फ्लैट स्थानीय तृणमूल कांग्रेस पार्षद अरमान मंडल द्वारा किराए पर लिया गया था। प्रारंभिक जांच में संदेह जताया गया है कि फ्लैट में विस्फोटक सामग्री रखी गई थी, जिसकी वजह से यह धमाका हुआ। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि धमाके के समय फ्लैट में कोई मौजूद नहीं था। विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि दीवारें उड़ गईं। प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि धमाका अंदर रखे विस्फोटकों के कारण हुआ। हमने मामले की जांच शुरू कर दी है। धमाके से फ्लैट से सटी एक झोपड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई, क्योंकि उड़ती हुई कंक्रीट की चट्टानें उस पर गिर गईं। घटना के बाद इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और विस्फोट की प्रकृति तथा मंशा की जांच की जा रही है। पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाने में लगी हुई है। पूरे इलाके को सील कर दिया गया है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। दूसरी तरफ, पुलिस ने पूछताछ के लिए अरशद खान और मोहम्मद शाहरुख को हिरासत में लिया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि वे प्रतिदिन उस फ्लैट पर आते थे। उनसे पूछताछ के बाद टीटागढ़ नगरपालिका के वार्ड 4 के तृणमूल पार्षद अरमान मंडल को बुलाया गया। पुलिस ने दोपहर में तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार लोगों को मंगलवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

### नदिया में मानसिक अवसाद के कारण सिविक वॉलंटियर ने की आत्महत्या

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले में मानसिक अवसाद के कारण एक सिविक वॉलंटियर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान पल्लव चटर्जी के रूप में की गई है। वह पट्टाबुका उत्तमपुर के नटना इलाके का निवासी था। मृतक के परिवार ने दावा किया कि उसके वेतन खाते में कुछ अनियमितताओं के कारण उसे तीन महीने से उसका वेतन नहीं मिल रहा था। दूसरी ओर, शादी के तीन साल बाद भी बच्चे न होने के कारण वह काफी समय से मानसिक अवसाद से ग्रस्त था। बताया गया है कि गत रविवार की रात सिविक वॉलंटियर ने अचानक फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

**Tender Notice**

Prodhan, Ramchandrakhali Gram Panchayat has invited Tender for 3(three) different works through e-Tender.

The detailed information will be available at said Gram Panchayat Office www.wbtenders.gov.in website till 26/05/2025 and 03/06/2025.

Sd/-
Prodhan,
Ramchandrakhali Gram Panchayat

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-3-2025-26, दिनांक: 16.05.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/ कर्षण वितरण, सियालदह, पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग, प्रथम तल, डीआरएम कार्यालय, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-3-2025-26-, कार्य का नाम :** "सियालदह मंडल के तहत कांकुड़गाछी रोड कॉर्ड शाखा में ब्रिज नं. X/15, X/23 और X/27 की रि-गर्डरिंग" के संबंध में 25 केवी ओएचई और संबद्ध विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 73,80,120/-, **बयाना राशि :** रु. 1,47,600/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। **अंतिम तिथि :** दिनांक 09.06.2025 को 15.00 बजे। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। SDAH-58/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

सं. ईसी/टी/आरएमवीयू/ओटी-05/2025-26, **दिनांक** 13.05.2025, मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, कांचरापाड़ा, कैरिज/लोको कॉम्प्लेक्स, उत्तर 24 परगना, पीओ कांचरापाड़ा, पिन-743145, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती है। **ई-निविदा सं.: ईसी_टी_आरएमवीयू_ओटी-05_25-26, दिनांक 12.05.2025, कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** खुली निविदा के माध्यम से उपयुक्त बाहरी एजेंसी द्वारा 03 वर्ष की अवधि के लिए कैरिज और लोको कॉम्प्लेक्स के 3-फेज ईएमयू रेक के 528 अदद आरएमवीयू (रूफ माउंटेड वेंटिलेशन यूनिट) और इसके संबद्ध सिस्टम/फिटिंग्स का पीओएच कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 49,56,000/- (जीएसटी सहित)। **बयाना राशि जमा की जाएगी:** रु. 99,100/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य। **कार्य की समापन अवधि:** 36 माह। **वेबसाइट जहाँ से निविदा कागजात उपलब्ध होगा:** निविदा कागजात और अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 12.05.2025 से 09.06.2025 को अपराह्न 03.00 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं। **विज्ञापन अवधि:** दिनांक 12.05.2025 से 09.06.2025 को अपराह्न 03.00 तक। **प्रस्ताव जमा देने की अवधि:** दिनांक 26.05.2025 से 09.06.2025 को अपराह्न 03.00 बजे तक। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 09.06.2025 को अपराह्न 03.00 बजे तक। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 09.06.2025 को अपराह्न 03.30 बजे तक। MISC-69/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है, और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-साउथ-25-26-02, दिनांक: 16.5.2025। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण)/ चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन झींकपानी-तलाबुरु खंड के बीच बड़ाजामदा जंक्शन-गुआ - टीआरआर (पी) - 4.500 टीकिमी., पदापहाड़-बोलानीखदान - टीआरआर (पी) - 5.500 टीकिमी. एवं पदापहाड़-नयागढ़ - टीआरआर (पी) - 28.112 टीकिमी. तथा किमी. 331.00-332.595 पर अप लाइन पर 1. 595 ट्रैक्शन किमी. के लिए पीएससी-14 स्लीपर पर बिछे हुए वर्तमान 60 किग्रा. 90 यूटीएस रेल का नए 60 किग्रा. 90यूटीएस/आर260 रेल (एलडब्ल्यूआर) द्वारा टीएफआर सहित सम्पूर्ण रेल नवीकरण (प्राथमिक) (तृतीय बुलावा)। **निविदा मूल्य:** ₹3,51,31,596। **बयाना राशि:** ₹3,25,700। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹ 0.00। **खुलने की तारीख:** 09.06.2025। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-I I I डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। **द्रष्टव्य:** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क जारी किये जायेंगे (प्राधिकारी - रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। **(PR-172)**

**पूर्व रेलवे**

सं. ईसी/टी/कॉम्प्रिहेंसिव/ओटी-03/2025-26, **दिनांक** 14.05.2025, मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, कांचरापाड़ा, कैरिज/लोको कॉम्प्लेक्स, उत्तर 24 परगना, पीओ कांचरापाड़ा, पिन-743145, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती है। **ई-निविदा सं.: ईसी_टी_सीओएम_ओटी-03_25-26, दिनांक 12.05.2025, कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** व्यापक अनुबंध के आधार पर खुली निविदा के माध्यम से डीईटीसी/ डीएचटीसी टाइप 8-व्हीलर टावर वैगनों के दस (10) अदद सीआईएल प्रस्तुत अंडर-स्लंग माउंटेड डीजल इंजन टाइप एनटीए 855आर, छह (06) अदद सीआईएल प्रस्तुत डीजल इंजन टाइप एनटी855आर बिग कैम, तीन (03) अदद सीआईएल प्रस्तुत डीजल इंजन टाइप वीटीए 1710एल, छह (06) अदद वॉइथ प्रस्तुत ट्रांसमिशन सिस्टम टाइप टीआर.211आर, दो (02) अदद एबीटीईसी/एलीसन/एसएएन प्रस्तुत ट्रांसमिशन सिस्टम टाइप सीआरटी-5633, एक (01) अदद सीजीएल/बीएचईएल प्रस्तुत कन्वेंशनल ट्रैक्शन अल्टरनेटर, दस (10) अदद बीएचईएल/सीजीएल प्रस्तुत अंडर-स्लंग माउंटेड ट्रैक्शन अल्टरनेटरों की आवधिक ओवरहॉलिंग। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 11,55,81,673.50 (जीएसटी सहित)। **बयाना राशि जमा की जाएगी:** रु. 7,27,900/-**निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य। **कार्य की समापन अवधि:** 24 माह। **वेबसाइट जहाँ से निविदा कागजात उपलब्ध होगा:** निविदा कागजात और अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 12.05.2025 से 09.06.2025 को अपराह्न 03.00 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं। **विज्ञापन अवधि:** दिनांक 12.05.2025 से 09.06.2025 को अपराह्न 03.00 तक। **प्रस्ताव जमा देने की अवधि:** दिनांक 26.05.2025 से 09.06.2025 को अपराह्न 03.00 बजे तक। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 09.06.2025 को अपराह्न 03.00 बजे तक। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 09.06.2025 को अपराह्न 03.30 बजे तक। MISC-67/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

रुचि की अभिव्यक्ति (EOI)

सूचना संख्या: RBL-MD54311 दिनांक: 15.05.2025

मुख्य अभिकल्प अभियंता / आधुनिक डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु रुचि की अभिव्यक्ति **(EOI)** आमंत्रित की जा रही है:

**"एलएचबी कोचों में उन्नत आंतरिक सज्जा का डिज़ाइन एवं विकास, आपूर्ति, और फिटमेंट"।**

इस परियोजना में भाग लेने की इच्छुक फर्में तकनीकी / व्यावसायिक आवश्यकताओं से संबंधित सभी विवरणों के लिए वेबसाइट **www.mcf.indianrailways.gov.in** पर जा सकती हैं।

पूर्ण रूप से भरा हुआ ईओआई दिनांक **14.06.2025 को 15:00 बजे तक** प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/अभिकल्प

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**Notice Inviting e-Tender**

Ref e-NIT No.: 2025_ZPHD_848649_1.

An e-Tender (**Notice Memo No.- 367, Date: 19.05.2025**) containing One number of scheme for repairing work under Kalna-II Panchayat Samity, Purba Bardhaman has been floated amounting to **Rs. 11.86534 lakhs. Fund- MEE & LS Deptt.**

Bid Submission End on: **09.06.2025 at 06:00 PM.**

Log on Gov. Website: **www.wbtenders.gov.in**

Please look for details in the undersigned office notice board.

**Sd/-**
**Executive Officer**
**Kalna-II Panchayat Samity**
**Singerkone, Purba Bardhaman**

**पूर्व रेलवे**

ई-नीलामी आमंत्रण सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत 03 वर्ष की अवधि के लिए विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग लॉट के परिचालन के लिए अनुबंध प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। ई-नीलामी की अधिक जानकारी एवं भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in ई-ऑक्शन लीजिंग** मॉड्यूल के माध्यम से देखें। **कैटलॉग सं.: पार्क-एचडब्ल्यूएच-एमएवाई-6, क्रम सं., लॉट सं. , स्टेशनों के नाम:** (1) **पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एनजीएक्स-टीडब्ल्यू-258-24-1 (पार्किंग-टू व्हीलर)**, निगन। (2) **पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-सीएनएस-टीडब्ल्यू-184-24-2 (पार्किंग-टू व्हीलर)**, चुंचुड़ा। (3) **पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-बीएचएलए-टीडब्ल्यू-59-25-1 (पार्किंग-टू व्हीलर)**, बेहुला। (4) **पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-सीडब्ल्यूएलई-टीडब्ल्यू-273-25-1 (पार्किंग-टू-व्हीलर)**, चौरीगाछा। (5) **पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-पीएलएई-टीडब्ल्यू-251-24-1 (पार्किंग-टू व्हीलर)**, पालसिट। (6) **पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एएमपी-एमएक्स-155-23-1 (पार्किंग-मिक्स्ड)**, अहमदपुर। **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** दिनांक 30.05.2025 को 14.00 बजे।

HWH-90/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## मौसम विभाग ने गुरुवार तक राज्य के कई जिलों में भारी बारिश की दी चेतावनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को राज्य के कई जिलों में 22 मई तक आंधी और भारी वर्षा का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने बताया कि पंजाब से उत्तर बांग्लादेश तक बना पूर्व-पश्चिम 'ट्रफ' (कम दबाव का क्षेत्र), हवा का अनुकूल पैटर्न और बंगाल की खाड़ी से नमी का प्रवेश इस बढ़ी हुई वर्षा का कारण होगा। मौसम विभाग ने कहा कि 22 मई तक विभिन्न दिनों में उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार, कूचबिहार, मालदह और उत्तर दिनाजपुर जिलों में भारी वर्षा होने की संभावना है। विभाग ने कहा कि पुरुलिया, पश्चिम मेदिनीपुर, झाड़ग्राम, बांकुड़ा, मुर्शिदाबाद, नदिया और पश्चिम बर्दवान समेत



दक्षिण बंगाल के कई जिलों में आंधी-तूफान और तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि सोमवार की सुबह 8.30 बजे तक 24 घंटों में उत्तर बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में एक या दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हुई। विभाग के आंकड़ों के अनुसार, उत्तर दिनाजपुर के जिला मुख्यालय रायगंज में 187 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि दक्षिण बंगाल के कैनिंग में इस अवधि के दौरान 53 मिमी बारिश दर्ज की गई।

## वकीलों से मारपीट मामले में कुणाल घोष समेत आठ लोगों को अवमानना नोटिस

### हाई कोर्ट ने कहा... '16 जून तक दाखिल करें जवाब'

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने 25 अप्रैल को न्यायालय परिसर के पास वकीलों से हुई कथित मारपीट के मामले में आठ लोगों के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने अवमाननाकर्ताओं को मामले की अगली सुनवाई 16 जून तक अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस बीच, कोर्ट के पिछले आदेश के अनुसार कोलकाता पुलिस आयुक्त ने तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ के समक्ष घटना की रिपोर्ट प्रस्तुत की। अदालत ने यह भी पाया कि अवमाननाकर्ताओं की ओर से वकील तो मौजूद थे, लेकिन किसी ने भी पीठ के समक्ष हलफनामा प्रस्तुत नहीं किया। बता दें कि पीठ ने गत 2 मई को कोलकाता पुलिस आयुक्त को वकीलों से कथित रूप से की गई मारपीट के मामले में रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। पीठ ने उन्हें वकीलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ ने कोलकाता पुलिस आयुक्त को जांच करने और वकीलों को परेशान करने के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान करने के लिए भी कहा। पीठ ने यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। पीठ ने पुलिस आयुक्त से यह भी कहा है कि वह हाई कोर्ट परिसर के पास किरण शंकर रॉय रोड और ओल्ड पोस्ट ऑफिस स्ट्रीट के जंक्शन पर हुई घटना की सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखें। हाई कोर्ट ने इस घटना का स्वत: संज्ञान लिया, जिसमें कथित तौर पर वरिष्ठ वकील विकास रंजन भट्टाचार्य सहित कई वकीलों के साथ कथित रूप से मारपीट की गई थी। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगनम ने न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी, न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य और न्यायमूर्ति राजर्षि भारद्वाज की तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ का गठन किया था। दो मई को पीठ ने कहा था कि प्रथम दृष्टया यह सामने आया है कि न्याय के समुचित प्रशासन में हस्तक्षेप करके और न्यायपालिका को बदनाम करके आपराधिक अवमानना की गई है।

## कोलकाता हाईकोर्ट का बड़ा निर्देश: टॉलीवुड में कोई स्वतंत्र रूप से काम करना चाहे तो उसे रोका नहीं जा सकता

**कोलकाता :** टॉलीवुड इंडस्ट्री में चल रहे फेडरेशन और फिल्मकारों के बीच विवाद में सोमवार को कोलकाता हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा स्पष्ट रूप से कहा, टॉलीवुड में अगर कोई व्यक्ति स्वतंत्र रूप से काम करना चाहता है, तो उसे किसी भी तरह की बाधा नहीं दी जा सकती।



पिछले जुलाई से ही टॉलीवुड के स्टूडियोपाड़ा (टॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री हब) में कलाकारों, तकनीशियनों की यूनियन 'फेडरेशन' और कुछ निर्देशक-प्रोड्यूसर-अभिनेताओं के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई है। इसका असर शूटिंग पर पड़ा और कई प्रोजेक्ट बंद हो गए। मामला कोलकाता हाईकोर्ट पहुंचा।

राज्य सरकार को सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश देते हुए न्यायमूर्ति ने सवाल उठाया - क्या जब किसी की जीविका का अधिकार खतरे में हो, तब राज्य चुपचाप बैठा रहेगा?

राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता शिर्षण्य बंद्योपाध्याय ने कहा, हमने किसी को काम करने से नहीं रोका। अदालत ने पहले भी निर्देश दिया था कि किसी के काम में बाधा नहीं दी जाए। लेकिन अब स्थिति और खराब हो रही है। हमारे क्लाइंट्स का बहिष्कार किया जा रहा है, उनके हाथ-पैर बांध दिए गए हैं, शूटिंग पूरी तरह से बंद है।

न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने राज्य से पूछा, क्या आपके विभाग ने कोई निर्णय लिया? जब जीवन के अधिकार पर संकट है, तो राज्य कैसे निष्क्रिय रह सकता है?


अधिवक्ता अभ्रतोष मजुमदार ने कहा, राज्य हमारा रक्षक है। लेकिन वह अपनी जिम्मेदारी से पलायन कर रहा है। इस पर न्यायमूर्ति ने कहा, क्या सिर्फ पुलिस से ही काम होगा? जब प्रशासनिक विभाग है, तो वे कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे?

मजुमदार ने आगे कहा, फिल्म इंडस्ट्री काफी हद तक सड़ चुकी है। फेडरेशन को किसी भी तरह से काम में हस्तक्षेप नहीं करने देना चाहिए। अदालत को इस पर स्पष्ट आदेश देना चाहिए।

हालांकि, फेडरेशन ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। इस मामले में फेडरेशन के प्रतिनिधि स्वरूप विश्वास ने कहा, यह एक विचाराधीन मामला है। कोर्ट में अभी सुनवाई हुई है, हम फैसले की कॉपी देखे बिना कोई प्रतिक्रिया नहीं देंगे। हम अपने वकीलों से सलाह लेकर आधिकारिक बयान देंगे।

फिलहाल अदालत ने साफ कर दिया है कि किसी की आजीविका या पेशेवर स्वतंत्रता में बाधा डालना अनुचित है, और अगर ऐसी कोई कोशिश होती है तो स्थानीय पुलिस की सहायता ली जा सकती है।

यह मामला अब सिर्फ टॉलीवुड तक सीमित नहीं, बल्कि कला और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से भी जुड़ा हुआ है। सभी की नजर अब कोर्ट के अगले कदम पर है।



# बिकाश भवन में योग्य शिक्षकों का आंदोलन लगातार 13वें दिन जारी, जनजीवन प्रभावित

## हाईकोर्ट ने त्वरित सुनवाई से किया इनकार

**कोलकाता :** बिकाश भवन के सामने नौकरी से वंचित 'योग्य' शिक्षकों का आंदोलन आज लगातार 13वें दिन प्रवेश कर गया है। इस प्रदर्शन के कारण सामान्य जनजीवन में गंभीर बाधा हो रही है। इसी को लेकर क्षेत्र के एक निवासी ने कोलकाता हाईकोर्ट में याचिका दायर कर त्वरित सुनवाई की मांग की थी। हालांकि, न्यायमूर्ति सौमेन सेन ने सोमवार को याचिका स्वीकार कर ली, लेकिन त्वरित सुनवाई की मांग को खारिज कर दिया।

मामलाकर्ता का दावा है कि आंदोलन के चलते हर दिन नए-नए घटनाक्रम सामने आ रहे हैं और पुलिस की निष्क्रियता के कारण स्थानीय लोग भारी परेशानी में हैं। इसी आधार पर उन्होंने त्वरित सुनवाई की मांग की थी।

लेकिन न्यायमूर्ति सौमेन सेन ने कहा, कोलकाता हाईकोर्ट में 700 से अधिक जनहित याचिकाएं लंबित हैं, जिनमें से लगभग 80 प्रतिशत में वास्तविक जनहित शामिल नहीं है। इनमें से कई याचिकाएं केवल प्रचार पाने के उद्देश्य से दायर की गई हैं।

पिछले गुरुवार से आंदोलन के दौरान स्थिति और तनावपूर्ण हो गई थी। उस दिन शाम को आंदोलनकारी शिक्षकों ने बिकाश भवन में मौजूद कई सरकारी कर्मचारियों को घेर लिया और विरोध प्रदर्शन शुरू किया। इन कर्मचारियों में से कोई गर्भवती महिला थी, तो किसी के घर में बीमार मां थीं। सभी जल्द से जल्द घर लौटना चाहते थे।



हालात को संभालने के लिए पुलिस ने उद्धार कार्य शुरू किया, लेकिन उस दौरान आंदोलनकारियों द्वारा पुलिस पर हमले का आरोप भी सामने आया। इससे स्थिति और बिगड़ गई और पुलिस को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा। इस घटना के बाद से राजनीतिक गलियारों में तीखी बहस छिड़ी हुई है।

इस बीच आंदोलनकारी शिक्षक अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं, और राज्य सरकार पर न्याय से वंचित करने का आरोप लगा रहे हैं। वहीं प्रशासन स्थिति पर नज़र बनाए हुए है और उच्च स्तरीय बातचीत की संभावना तलाश रहा है।

फिलहाल आंदोलन का कोई स्पष्ट समाधान नहीं निकल पाया है और स्थानीय निवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अब देखना यह है कि अदालत और सरकार इस गतिरोध को समाप्त करने के लिए क्या कदम उठाते हैं।

# पता नहीं शिक्षक क्यों फिर आंदोलन कर रहे हैं, जबकि हम उनकी लड़ाई का समर्थन करते हैं : ब्रात्य बसु



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने 'डिजर्विंग टीचर्स राइट्स फोरम' के धरने को लेकर सोमवार को कहा कि 'राज्य सरकार उनकी नौकरी बचाने और यह सुनिश्चित करने के लिए कानून के दायरे में हर संभव कदम उठा रही है कि उन्हें वेतन मिलता रहे', इसके बावजूद वे फिर आंदोलन कर रहे हैं। संवाददाताओं से बातचीत में शिक्षा मंत्री ने विरोध-प्रदर्शनों के बढ़ने, खासकर 15 मई को राज्य शिक्षा मुख्यालय विकास भवन के गेट के बाहर घेराव करने पर निराशा व्यक्त की। इस दिन, ब्रात्य बसु ने कहा कि मैं समझ नहीं पा रहा कि सरकार ने कई मौकों पर उनके साथ बैठकर और वरिष्ठ अधिवक्ताओं के परामर्श से उच्चतम न्यायालय का रुख करने सहित सभी कानूनी कदम उठाए, उसके बाद उन्होंने ऐसा क्यों किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्य सरकार ने नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों की सहायता के लिए हर संभव कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि हमने उनके नाम जिला स्कूल निरीक्षक के कार्यालयों को भेजे थे और उन्हें वेतन मिल रहा है। कई लोग अपने कार्यस्थलों पर लौट आए थे। अब मुझे नहीं पता कि वे अचानक आंदोलन क्यों करने लगे। हम नहीं चाहते कि उनके सेवा रिकॉर्ड में कोई दाग लगे। शिक्षकों की नयी भर्ती परीक्षा में नहीं बैठने की मांग पर बसु ने स्पष्ट किया कि एसएससी उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के तहत सख्ती से काम कर रहा है। हम अदालत के निर्देशों को दरकिनार कर काम नहीं कर सकते।

### सुंदरवन के पिछड़े लोगों के साथ उत्कर्ष आरोहण और संतोषपुर आदि सार्वजनीन

**कोलकाता, समाज्ञा :** सुंदरवन में बाघ के हमले के शिकार पीड़ित परिवार की सहायता के लिए उत्कर्ष आरोहण नामक एक स्वयंसेवी संस्था और कोलकाता के संतोषपुर आदि सार्वजनीन दुर्गोत्सव पूजा समिति के सदस्य आगे आए। इन दोनों संस्थाओं की ओर से महिलाओं और उनके बच्चों को वस्त्र, शैक्षणिक सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुएं प्रदान की गईं। स्थानीय विद्यालय के 200 से अधिक नर्सरी विद्यार्थियों और इतनी ही संख्या में विधवा महिलाओं ने यह सहायता प्राप्त की। उत्कर्ष आरोहण संस्था के प्रमुख सदस्य अनुपम मजुमदार एवं संतोषपुर आदि सार्वजनीन पूजा समिति के आयोजक सुदीप मजुमदार समेत अन्य कार्य में सक्रिय रहे।

## पश्चिम बंगाल अग्रहरी वैश्य समाज की हुई स्थापना, पहले अध्यक्ष बने मृगांक अग्रहरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल अग्रहरी वैश्य समाज की स्थापना की गयी और पहले अध्यक्ष के रूप में मृगांक अग्रहरी को चुना गया। अग्रहरी समाज के सैकड़ों सदस्यों ने डनलप के श्री गुरू बैंकवेट में मृगांक अग्रहरी को अपना पहला अध्यक्ष चुना। साथ ही, डीएसपी शिवकुमार अग्रहरि कार्यकारी अध्यक्ष, अशोक अग्रहरी को महामंत्री एवं लव कुश अग्रहरी कार्यकारी महामंत्री और बबलू अग्रहरी को कोषाध्यक्ष चुना गया। सभी पदाधिकारीगण को भव्य रूप से शपथ दिलाई गयी। इसके बाद, पश्चिम बंगाल युवा अग्रहरी समाज के मनोनीत पदाधिकारीगण को भी शपथ दिलाई गयी। प्रिंस अग्रहरि युवा अध्यक्ष, शशांक अग्रहरि युवा कार्यकारी अध्यक्ष, अमित अग्रहरि युवा महामंत्री, आशीष अग्रहरी युवा



कोषाध्यक्ष पश्चिम बंगाल एवं टीम को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में फूल बागान मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रामकुमार अग्रहरि, महासचिव प्रमेश कुमार गुप्ता (पल्लू), पूर्व अध्यक्ष संजय सिंह, पूर्व महासचिव बापी सिंह, फूलबगान अग्रहरि सेवा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष शिवकुमार अग्रहरि, कोषाध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि, कार्यकारी महामंत्री लव कुश अग्रहरि मीडिया प्रभारी सुदर्शन अग्रहरि उपस्थित रहे। इसके अलावा राधेश्याम गुप्ता अग्रहरि संरक्षक, राजेंद्र प्रसाद अग्रहरी नेता संरक्षक, रमाशंकर अग्रहरि संरक्षण, राजेंद्र गुप्ता अग्रहरि वकील संरक्षक, राम प्रसाद अग्रहरी संरक्षक एवं फूलबागान अग्रहरि सेवा समिति के अध्यक्ष हनुमानदिन अग्रहरि अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष इस शपथ समारोह के साक्षी बने।

## शिक्षक भर्ती घोटाला : सीबीआई इस महीने के अंत तक दाखिल कर सकती है अंतिम आरोपपत्र

❑ **अब तक 14 आरोपपत्र किए जा चुके हैं दाखिल**

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीबीआई इस महीने के अंत तक शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में अलीपुर कोर्ट स्थित विशेष अदालत में अंतिम आरोपपत्र दाखिल कर सकती है। बता दें कि स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) द्वारा कक्षा 11-12, 9-10 के शिक्षकों और ग्रुप सी व ग्रुप डी के शिक्षा कर्मियों की भर्ती मामले में अब तक 14 आरोपपत्र दाखिल किए जा चुके हैं। जांचकर्ताओं का दावा है कि इस बार मामले में आरोप तय करने के लिए अंतिम आरोपपत्र पेश करने और मुकदमे की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी की जा रही है। जांचकर्ताओं का कहना है कि पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी, पूर्व एसएससी सलाहकार शांतिप्रसाद सिन्हा, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कल्याणमय गंगोपाध्याय, पूर्व एसएससी सचिव सुबीरेश भट्टाचार्य और अशोक साहा तथा ओएमआर शीट तैयार करने वाली एजेंसी नाइसा के कई अधिकारियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया है। इसके अलावा, भर्ती भ्रष्टाचार के संबंध में 20 से अधिक बिचौलियों और एसएससी कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ भी आरोपपत्र दायर किए गए हैं। चरण दर चरण पूरक आरोपपत्र अदालत में प्रस्तुत किया गया है।

पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी के खिलाफ मुकदमा शुरू करने के लिए राज्यपाल की मंजूरी पहले ही मिल चुकी है। लेकिन राज्य सरकार ने अभी तक शेष एसएससी अधिकारियों के लिए मंजूरी नहीं दी है। सूत्रों का कहना है कि आरोपपत्र में कई और बिचौलियों के नाम भी आरोपी के तौर पर जोड़े जा सकते हैं। कई अयोग्य उम्मीदवारों के बयान, जिन्होंने गलत तरीकों से नौकरी पाई है, भी आरोप पत्र के साथ प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

### ईडी ने तृणमूल नेता अम्बरीश सरकार को पूछताछ के लिए किया तलब

स्कूल भर्ती घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने युवा तृणमूल नेता अम्बरीश सरकार को पूछताछ के लिए तलब किया है। अम्बरीश, दक्षिण दिनाजपुर जिले में युवा तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष और जिला परिषद के उपाध्यक्ष भी हैं। ईडी ने सोमवार को उन्हें समन भेजते हुए जल्द से जल्द साल्टलेक स्थित केंद्रीय सरकारी कार्यालय (सीजीओ) परिसर में उपस्थित होने को कहा है। सूत्रों के मुताबिक, अम्बरीश सरकार पर ग्रुप-सी और ग्रुप-डी श्रेणी के गैर-शिक्षकीय कर्मियों की नियुक्तियों में अनियमितता के गंभीर आरोप हैं। जांच अधिकारियों को इस संबंध में कुछ ठोस जानकारी मिली है, जिसके बाद उन्हें पहली बार पूछताछ के लिए बुलाया गया है। ईडी अब उनकी गवाही को अन्य आरोपितों के बयानों से मिलाकर परखना चाहती है, जिन्होंने पूछताछ के दौरान अम्बरीश का नाम लिया है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष दक्षिण दिनाजपुर के गंगारामपुर अनुमंडलीय अदालत में एक व्यक्ति ने अम्बरीश सरकार के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। आरोप था कि उन्होंने ग्रुप-डी की नौकरी दिलाने के नाम पर नकद राशि ली थी। हालांकि, उस समय अम्बरीश ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए इसे राजनीतिक साजिश बताया था।

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पानागढ़ स्टेशन का कायाकल्प, मिला विश्व स्तरीय स्वरूप

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल में स्थित पानागढ़ रेलवे स्टेशन को 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर विश्व स्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है। इस योजना का उद्देश्य देशभर में रेलवे बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण करना है, और पानागढ़ में इसका प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। स्टेशन के कायाकल्प में ऊर्जा-कुशल प्रकाश व्यवस्था, उन्नत टिकटिंग प्रणाली, विस्तारित प्रतीक्षा क्षेत्र, स्वच्छ और आधुनिक शौचालय, तथा दिव्यांग यात्रियों के लिए बेहतर पहुंच जैसी सुविधाएं शामिल हैं। एक नया स्टेशन




भवन, जो दूसरे प्रवेश द्वार की ओर निर्मित किया गया है, में टिकट काउंटर, प्रतीक्षालय और विशेष रूप से विकलांगों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। प्लेटफॉर्म्स को नए शेड से सुसज्जित कर यात्रियों की सुविधा बढ़ाई गई है। स्टेशन परिसर को हरित क्षेत्र और उद्यानों से सजाया गया है, जिससे पर्यावरणीय संतुलन को बढ़ावा मिला है। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जबकि सूचना प्रणाली में मल्टीलाइन डिस्प्ले और ट्रेन-कोच जानकारी बोर्ड जोड़े गए हैं।

पानागढ़ स्टेशन का यह कायाकल्प न केवल यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाता है, बल्कि इसकी रणनीतिक स्थिति-आसनसोल-दुर्गापुर औद्योगिक क्षेत्र और सैन्य महत्त्व के चलते-क्षेत्रीय आर्थिक और सामाजिक विकास को भी गति देने वाला साबित होगा।

## आइस मेक ने वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में 480 करोड़ का वार्षिक राजस्व किया हासिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही और पूरे वर्ष के लिए प्रभावशाली वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में 180.82 करोड़ का समेकित परिचालन राजस्व दर्ज किया, जो साल-दर-साल आधार पर 26.76% और तिमाही-दर-तिमाही 29.02% की वृद्धि दर्शाता है। पूरे वर्ष के लिए कंपनी का राजस्व 480.42 करोड़ रहा, जो वित्त वर्ष 24 के 379 करोड़ से 26.76% अधिक है। हालांकि, ईबीआईटीडीए मार्जिन घटकर 9.04% रह गया, लेकिन ईबीआईटीडीए 43.44 करोड़ रहा। इस अवधि में शुद्ध लाभ 22.90 करोड़ रहा, जबकि ईपीएस 14.65 रही। वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में कंपनी का ईबीआईटीडीए 21.85 करोड़ और पीएटी 11.66 करोड़ रहा। इनपुट लागत में वृद्धि के चलते लाभप्रदता प्रभावित हुई। कंपनी के चेयरमैन और एमडी चंद्रकांत पटेल ने कहा कि अंतिम तिमाही में 64% की वृद्धि व्यापार की मजबूत नींव और ऑर्डर निष्पादन की दक्षता को दर्शाती है। निदेशक मंडल ने 10 के शेयर पर 2.25 का अंतिम लाभांश प्रस्तावित किया है, जो एजीएम में अनुमोदन के अधीन है।

## प्रधानमंत्री 22 मई को करेंगे 103 अमृत भारत स्टेशनों का उद्घाटन, जॉयचंडी पहाड़ स्टेशन होगा केंद्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे, जो 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत पुनर्विकसित किए गए हैं। इन स्टेशनों में पश्चिम बंगाल का जॉयचंडी पहाड़ रेलवे स्टेशन प्रमुख रूप से शामिल है। इसके साथ ही, राज्य के पानागढ़ और कल्याणी घोषपाड़ा रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन भी इसी अवसर पर किया जाएगा। इस योजना के तहत पश्चिम बंगाल में कुल 100 रेलवे स्टेशनों का व्यापक आधुनिकीकरण किया जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना का उद्देश्य देशभर के रेलवे स्टेशनों को आधुनिक, सुलभ और पर्यावरण के अनुकूल बनाना है। इस योजना के तहत यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाते हुए स्टेशन परिसरों का विकास किया गया है, जिससे न केवल यात्रा का अनुभव सुधरेगा, बल्कि स्थानीय आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। पुरुलिया जिले के जॉयचंडी पहाड़ स्टेशन को आद्रा मंडल के तहत अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त कर पुनर्निर्मित किया गया है।

स्टेशन पर लिफ्ट, विस्तारित कंसकोर्स, रिटायरिंग रूम,



डॉर्मिटरी, प्रथम और द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय, ग्रेनाइट युक्त प्लेटफॉर्म, दिव्यांगजन के लिए रैंप, जल कियोस्क, विशेष बुकिंग काउंटर, टैक्टाइल टाइल्स, पार्किंग क्षेत्र का विकास और प्रवेश मार्ग का चौड़ीकरण जैसे कार्य पूरे किए गए हैं। स्टेशन परिसर को स्थानीय मधुबनी कला से सजाया गया है, जिससे सांस्कृतिक सौंदर्य भी जुड़ गया है। इस अवसर पर एक विशेष मीडिया टूर का आयोजन किया गया, जिसमें प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों के साथ रेल प्रेमियों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने भाग लिया। उन्हें स्टेशन के विकास कार्यों और नई सुविधाओं की जानकारी दी गई।

### कमरहट्टी के टीएमसी माफिया जयंता सिंह के अवैध बंगले को गिराने का आदेश

**कोलकाता :** कोलकाता हाईकोर्ट ने कमरहट्टी के कथित टीएमसी माफिया जयंता सिंह द्वारा बनाए गए अवैध बंगले को आठ सप्ताह के भीतर तोड़ने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की पीठ ने सोमवार को यह निर्देश जारी किया। जयंता सिंह का नाम पिछले साल कमरहाटी में मारपीट के एक मामले में सामने आया था, जिसके बाद उसके खिलाफ कई अवैध गतिविधियों का खुलासा हुआ। आरोप है कि उसने आड़ियादह के मौसुमी मोड़ इलाके में एक तालाब के हिस्से को पाटकर और जमीन पर कब्जा कर बगैर अनुमति एक आलीशान मकान बना लिया था। कमरहाटी नगरपालिका ने कोर्ट को बताया कि यह निर्माण बिना उनकी जानकारी और अनुमति के हुआ है। जयंता की गिरफ्तारी के बाद नगरपालिका ने अवैध निर्माण हटाने के लिए कोर्ट का रुख किया था। कोर्ट ने आदेश में स्पष्ट कहा कि कानून के उल्लंघन पर कोई रियायत नहीं दी जा सकती और दो महीने के भीतर यह निर्माण ढहाना होगा।

## कोलकाता में एनएचआरसीपीओ का राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एनएचआरसीपीओ) का राष्ट्रीय अधिवेशन सायबर अपराध एवं मानवाधिकार विषय पर संपन्न हुईं। कोलकाता साइबर क्राइम अधिकारी ने लोगों को साइबर अपराध से बचने का उपाय तथा साइबर प्रताड़क किस तरह लोगों को ठगी करता है विस्तार रूप से जानकारी दी। साइबर अपराध विषय पर अधिवक्ता राजेश्वरी राय चौधरी तथा पूर्व पुलिस अधिकारी अरिन्दम आचार्य ने साइबर ठगी होने पर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करने तथा नजदीक पुलिस थाने जाने की सलाह दी। मुख्य अतिथि बेजवाडा विल्सन रमण मैग्सेसे पुरस्कार विजेता ने भारत में मानवाधिकार हनन पर चिंता जताई। कार्यक्रम में झारखंड, बिहार, उड़ीसा एवं विभाग राज्यों के प्रतिनिधि ने भाग लिया। कार्यक्रम के अध्यक्षता उमाकांत मिश्रा तथा कार्यक्रम सफल बनाने में विके दास, श्रेया घोष, दीपक पाण्डेय, डॉ गौतमी चट्टोपाध्या, नजमुल आलम मंडल, सुमन गुप्ता, सागर मायथी, वीके शर्मा ने अहम भूमिका निभाई।

## मालदह मंडल ने 'मेरा अमृत स्टेशन' और 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आयोजित की प्रतियोगिताएं

❑ **1125 छात्रों ने लिया उत्साह-पूर्वक भाग**

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे के मालदह मंडल ने राष्ट्र निर्माण एवं देशभक्ति से जुड़े विषयों पर स्कूली छात्रों को प्रेरित करने के उद्देश्य से 'मेरा अमृत स्टेशन' और 'ऑपरेशन सिंदूर-वीरता की मिसाल' विषयों पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इस पहल के तहत पिरपैंती और राजमहल क्षेत्र के आठ विद्यालयों के छात्रों के बीच चित्रकला, भाषण और वक्तृत्व जैसी श्रेणियों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना, भारतीय रेलवे स्टेशनों के विकास की जानकारी देना और सशस्त्र बलों की वीरता के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना था। प्रतियोगिताओं में डीपीएस, शेरमारी हाई स्कूल, चम्पा देवी गर्ल्स हाई स्कूल, हैप्पी वैली स्कूल (पिरपैंती) तथा जे.के. हाई स्कूल, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल, सेंट टेरेसा पब्लिक स्कूल



और इंडियन पब्लिक स्कूल (राजमहल) जैसे आठ विद्यालयों के कुल 1125 छात्रों ने भाग लिया।

प्रतिभागी छात्रों ने अपने चित्रों, भाषणों और विचारों के माध्यम से न केवल विषयों की गहराई को उजागर किया, बल्कि देशभक्ति की भावना को भी प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया। तीनों श्रेणियों में से कुल 09 विजेताओं का चयन किया गया है, जिन्हें 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के अंतर्गत पुनर्विकसित पिरपैंती एवं राजमहल स्टेशनों के उद्घाटन समारोह के दौरान विशिष्ट अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन न केवल छात्रों के भीतर गर्व और जागरूकता की भावना का विकास करता है, बल्कि यह परिवर्तन और वीरता के मूल्यों का भी उत्सव है, जिनका प्रतिनिधित्व ये विषय करते हैं। मालदा मंडल की यह पहल शिक्षा, संस्कार और राष्ट्रप्रेम को जोड़ने की दिशा में एक प्रभावी कदम के रूप में सराही जा रही है।

## श्यामबाजार मेट्रो स्टेशन पर अग्निशमन प्रशिक्षण का आयोजन, मेट्रो रेलवे ने दिखाई तत्परता

**कोलकाता :** कोलकाता मेट्रो, जिसे 'लाइफलाइन ऑफ कोलकाता' कहा जाता है, यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। इसी कड़ी में आज श्यामबाजार मेट्रो स्टेशन पर एक अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य था मेट्रो रेलवे के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की आपात स्थिति से निपटने की तैयारी की जांच करना, विशेष रूप से टनल या वायाडक्ट में आग लगने जैसी घटनाओं से निपटने की।

मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी नियमित रूप से सुरक्षा उपायों की निगरानी करते हैं और समय-समय पर समीक्षा करते हैं ताकि किसी भी अप्रिय घटना, विशेष रूप से आगजनी जैसी घटनाओं से बचा जा सके। इसी दिशा में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण में ट्रैफिक विभाग और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के कर्मचारी शामिल हुए। कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार की आग और धुएं की स्थितियों का सिमुलेशन कर प्रशिक्षण दिया गया कि ऐसी आपदा की स्थिति में किस प्रकार से त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जाए।

माना जा रहा है कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से फील्ड स्टाफ की दक्षता और सतर्कता में वृद्धि होगी, जिससे वे किसी भी आपात स्थिति में तेजी से प्रतिक्रिया कर सकें, बचाव कार्य को समय पर अंजाम दें, और जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल कर सकें।

कोलकाता मेट्रो की यह पहल दर्शाती है कि वह यात्रियों की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और आपात स्थितियों से निपटने के लिए हर संभव तैयारी कर रही है।

## बारानगर में ब्रह्माकुमारी समर कैंप में 150 से अधिक बच्चों ने लिया हिस्सा

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बारानगर शाखा द्वारा आयोजित दो दिवसीय समर कैंप सत्र में डेढ़ सौ से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस शिविर का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उन्हें नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों की शिक्षा देना रहा। समर कैंप में भविष्य नव निर्माण के धरोहर विषय के अंतर्गत बच्चों के लिए मूल्य आधारित खेल, रचनात्मक प्रतियोगिताएं, कला प्रदर्शन और सृजनात्मक राजयोग शिक्षा जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को नैतिक शिक्षा दी गई। अभिज्ञ राजयोगी बहनों ने बच्चों को रोचक कहानियों के माध्यम से आत्मा, परमात्मा और कर्मों की गहन गति का ज्ञान कराया तथा उन्हें शुभ कर्म करने



के लिए प्रेरित किया। शिविर में बच्चों को शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखने की विधियां सिखाई गईं, जिससे वे पढ़ाई में बेहतर ध्यान लगा सकें। साथ ही, उनके माता-पिता को भी राजयोग की शिक्षा का महत्व बताया गया। सभी प्रतिभागियों को मेडिटेशन का अनुभव कराया गया, जिससे उन्होंने गहरी शांति का अनुभव किया। समापन अवसर पर सेवा केंद्र की मुख्य प्रभारी राजयोगी ब्रह्माकुमारी किरण दीदी ने सभी बच्चों को ईश्वरीय सौगात एवं सहभागिता प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट) प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित जनों ने शिविर की गतिविधियों की सराहना की और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### यात्री बस की छत पर बोरियों में छिपाकर कोयले की तस्करी, कांग्रेस नेता समेत दो गिरफ्तार

**बीरभूम :** जिले के सिउड़ी इलाके में यात्री बस की छत पर बोरियों में छिपाकर कोयले की तस्करी की जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में कोयला जब्त किया। घटना के संबंध



में बस चालक और कंडक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार कंडक्टर बुद्धदेव दास राजनगर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हैं। इतना ही नहीं, उस बस का मालिक तृणमूल श्रमिक संगठन का राजनगर अध्यक्ष माणिक सेन है। घटना की जांच चल रही है। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह करीब 6.30 बजे एक यात्री बस झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र राजनगर से सिउड़ी जा रही थी। चंद्रपुर थाना क्षेत्र में बस को जब्त कर लिया गया। गुप्त सूत्र से सूचना मिलने के बाद बीरभूम जिला प्रवर्तन शाखा ने छापेमारी की। बस की छत पर चढ़ते हैं, वहां भारी संख्या में बोरे सजे दिखाई दिए। जांच करने पर पता चला कि सभी 30 बोरियों में कोयला है। बस चालक और कंडक्टर से पूछताछ की गई। उस कोयले के कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। इसके बाद, यात्रियों को उतारकर बस को चंद्रपुर पुलिस थाने ले जाया गया।

## मालदह मंडल में दो नए सबवे तैयार, रेलवे विकास की ओर एक और कदम

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के मालदह मंडल ने अधोसंरचना विकास और सुरक्षा उन्नयन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। 18 मई को मालदह टाउन-गुमानी खंड में दो लिमिटेड हाइट सबवे का सफल प्रक्षेपण किया गया। ये एलएचएस टिलडांगा और बोनिडांगा स्टेशनों के बीच स्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या 61 और 63 की जगह बनाए गए हैं। प्रत्येक एलएचएस में 6 मीटर 4.65 मीटर आकार के 10 बॉक्स सेगमेंट का उपयोग किया गया। इस कार्य को पूरा करने के लिए अप और डाउन दोनों लाइनों पर सात घंटे का ट्रैफिक ब्लॉक लिया गया, जिसे सफलतापूर्वक निर्धारित समय में पूरा कर लिया गया। मुख्य कार्यों के साथ-साथ ब्लॉक अवधि का



उपयोग करते हुए इंजीनियरिंग विभाग ने कई ट्रैक और संरचना सुधार कार्य भी संपन्न किए। मालदह टाउन स्टेशन पर दो टर्नआउट स्विच बदले गए, चामाग्राम में 17 वेल्डिंग जोड़ों को पूरा किया गया तथा पीसीटीएम मशीन की सहायता से 200 ट्रैक मीटर का सुधार किया गया। न्यू फरक्का-टिलडांगा खंड में सीएसएम मशीन द्वारा 5800 ट्रैक मीटर टैम्पिंग किया गया। बोनिडांगा स्टेशन पर 9 और न्यू फरक्का डाउन लाइन पर 10 वेल्डिंग कार्य भी पूरे किए गए।

इसके अलावा, पुल संख्या 383डी की टॉप चॉर्ड का पेंटिंग कार्य भी संपन्न हुआ। यह उपलब्धि मालदह मंडल के इंजीनियरिंग विभाग की कुशल योजना, टीमवर्क और तकनीकी दक्षता का प्रमाण है, जिससे रेल-सड़क सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार होगा।

# पाकिस्तानी जासूस ज्योति मल्होत्रा के अब बंगाल से जुड़े तार

## ब्लॉगर सौमित भट्टाचार्य का यूट्यूबर मल्होत्रा के साथ संबंध की जा रही जांच



**कोलकाता, समाज्ञा :** पाकिस्तानी जासूस के संदेह में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति रानी मल्होत्रा के तार अब बंगाल से जुड़ गए हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यूट्यूबर ज्योति रानी मल्होत्रा तीन महीने पहले कोलकाता आई थी। लेकिन, वह बंगाल क्यों आई थी और उसका मकसद क्या था यह अभी पता नहीं चल सका है। लेकिन, यह जरुर पता चला है कि ज्योति के साथ कोलकाता में उनके साथी व बंगाली यूट्यूबर सौमित भट्टाचार्य भी थे। वैसे प्राथमिक जानकारी में कहा जा रहा है कि कोलकाता में 6 तारीख को यूट्यूबर समुदाय के किसी की शादी थी और सौमित उस शादी में शामिल होने के लिए कोलकाता आया था। उत्तर 24 परगना के बैरकपुर में बिरयानी के लिए प्रसिद्ध एक रेस्तरां में जाकर सौमित ने खाना भी खाया था। फिर, सियालदह में उनकी मुलाकात ज्योति से हुई। दोनों वहां से हुगली जिले के सेवड़ाफुली स्टेशन गए और घाट पार कर लिलुआ में विवाह समारोह में पहुंचे। वैसे सौमित ने बताया कि उन्होंने टोटो पर सवार होकर बैरकपुर छावनी का भ्रमण किया। ज्योति ने वहां तस्वीरें और वीडियो लीं और उन्हें सोशल मीडिया पर साझा किया। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि ज्योति ने बंगाल में काफी समय बिताया। उन्होंने न केवल कोलकाता, बल्कि विभिन्न जिलों का भी दौरा किया। ट्रैवल ब्लॉगिंग के नाम पर, उन्होंने सियालदह, हावड़ा और दमदम जैसे व्यस्त स्टेशनों की तस्वीरें ली। उनके ब्लॉग में नदिया में गेंदे सीमा की तस्वीरें भी हैं, जो एक संवेदनशील क्षेत्र है। उन्होंने बारानगर मेट्रो और दक्षिणेश्वर मंदिर की तस्वीरें भी पोस्ट की हैं। ज्योति तीन बार ट्रेन से कोलकाता आई थी। पिछली बार यह घटना लगभग तीन महीने पहले हुई थी। फिर, ज्योति दो महीने पहले पाकिस्तान चली गई। यह रहस्य बना हुआ है कि ज्योति पश्चिम बंगाल सिर्फ घूमने आई थी या सूचना की तस्करी करने आई थी। बंगाल एसटीएफ इसकी जांच कर रही है। वैसे ज्योति के दोस्त कहे जाने वाले सौमित का दावा है कि इसके बाद वह उसी दिन मुंबई लौट गया, जबकि ज्योति दिल्ली चली गयी। उसका दावा है कि हम हवाई अड्डे जाने तक साथ ही थे। हम राम मंदिर उद्घाटन के दिन मिले थे, हम एक-दूसरे को एक साल से जानते हैं। वैसे सौमित ने यह भी कहा कि जब पाकिस्तानी जासूस का मामला सामने आया तो मुझे आश्चर्य हुआ। मैं एक-एक बातचीत को भी याद करने की कोशिश करने लगा, लेकिन मुझे ज्योति के बारे में कुछ ऐसा याद नहीं आया जिससे उसके प्रति मुझे संदेह हो। अगर मुझे कुछ याद आया तो मैं निश्चित रूप से इस मामले पर पुलिस की मदद करूंगा।

## सफाई कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से कचरे से पटा शहर



**हुगली :** उत्तरपाड़ा-कोतरंग नगरपालिका क्षेत्र में ठेका सफाई कर्मचारियों की हड़ताल सोमवार को चौथे दिन में प्रवेश कर गई। ईएसआई, पीएफ और मजदूरी बढ़ोतरी की मांग को लेकर 20 नंबर वार्ड के भगाई मोड़ स्थित रिसाइकल यूनिट के सामने प्रदर्शन जारी है। कर्मचारियों का आरोप है कि वर्षों से उन्हें एक ही दर पर मज़दूरी मिल रही है, उनके पास कोई सामाजिक सुरक्षा नहीं है। देर से काम पर आने पर मजदूरी काट ली जाती है और दुर्घटना की स्थिति में ठेकेदार कोई जिम्मेदारी नहीं लेता।

हड़ताल के कारण शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर लग गया है। दुर्गंध से लोग परेशान हैं। आम जनता का गुस्सा फूट पड़ा है। भाजपा नेता पंकज राय ने कहा कि नगरपालिका पुरस्कार तो ला रही है, लेकिन जनता को बुनियादी सेवा नहीं दे पा रही। नगरपालिका के चेयरमैन इन काउंसिल इंद्रजीत घोष ने कहा कि श्रमिकों और ठेकेदार के बीच समस्या है। बिना सूचना के काम बंद करना गलत है। ठेकेदार को शोकॉज किया गया है और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया है। उत्तरपाड़ा कोतरंग नगरपालिका के चेयरमैन दिलीप यादव ने कहा कि बातचीत के जरिये समस्या का निदान निकाला जाएगा जो लोग भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे है वह आये जो भी तथ्य नगरपालिका से चहिये लेकर जाएं। नगरपालिका को नगरवासियों की असुविधा के लिए खेद है। नगरपालिक सभी तरह के नियम कानून को मानकर ही एजेंसी नियुक्त करती है। उन्हें नोटिस भी किया गया है। सभी जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकर ठोस निर्णय लिया जायेगा।

## सात नगरपालिका क्षेत्रों में बंद रहेगी पेयजलपूर्ति

**हुगली :** कोलकाता मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (जल एवं स्वच्छता विभाग ) की तरफ से श्रीरामपुर, रिसड़ा, कोन्ननगर, उत्तरपाड़ा-कोतरंग, बैद्यवाटी, चांपदानी, भद्रेश्वर नगरपालिका के चेयरमैन को एक विज्ञप्ति के जरिये यह जानकारी दी गई है कि आगामी 24 घंटे के लिए पेयजल आपूर्ति बंद रहेगी। श्रीरामपुर जल शोधन संयंत्र 20 एमजीडी (20 एमजीडी) के परिसर में स्थित भूमिगत जलाशयों की आपातकालीन सफाई के कारण 20 मई को सुबह 11 बजे से 21 मई को दोपहर 1 बजे तक सभी संबंधित नगरपालिकाओं में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति बंद रहेगी। उक्त अवधि के दौरान जल की मांग को पूरा करने के लिए आवश्यक वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। श्रीरामपुर जल शोधन संयंत्र में 20 मई सुबह 11 बजे से 21 मई दोपहर 1 बजे तक भूमिगत जलाशयों की सफाई के कारण जल आपूर्ति बंद रहेगी।

## बंगाल पुलिस के जवान ने माउंट एवरेस्ट पर की चढ़ाई, मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल पुलिस के कांस्टेबल लक्ष्मीकांत मंडल ने एक अन्य भारतीय महिला और नेपाल की एक दृष्टिबाधित महिला के साथ सोमवार को माउंट एवरेस्ट फतह किया। बता दें कि राज्य सशस्त्र पुलिस की तीसरी बटालियन के कांस्टेबल मंडल वर्तमान में कलकत्ता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा के निजी सुरक्षा गार्ड के रूप में तैनात हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस उपलब्धि के लिए पुलिस कर्मी को बधाई दी है। इस दिन, राज्य पुलिस ने 'एक्स' पर बताया कि नेपाल की दृष्टिबाधित छोंजिन आंगमो ने अपनी दृढ़ता और शक्ति का परीक्षण करते हुए आज सुबह करीब 8.30 बजे माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचकर पर्वतारोहण के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। इसने कहा कि साहस और दृढ़ता की उनकी यात्रा में भारतीय भी थे - पश्चिम बंगाल पुलिस की सशस्त्र बल की तीसरी बटालियन के कांस्टेबल लक्ष्मीकांत मंडल, जिन्होंने तेनजिंग शेरपा (गेलबा) के साथ चढ़ाई पूरी की, और गीता सामोता, जो लाक्पा शेरपा के साथ शिखर तक पहुंची। मंडल की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें गर्व है कि राज्य पुलिस के एक सदस्य ने ऐसी उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि उनकी असाधारण उपलब्धि साहस और दृढ़ संकल्प का एक शानदार उदाहरण है जो हमारे बल को परिभाषित करता है। मैं उनके (चोटी से) सुरक्षित उतरने और उनके सभी प्रयासों में निरंतर सफलता की कामना करती हूं।

## काकद्वीप में गायब 1245 मीट्रिक टन सरकारी चावल, करीब 4 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में राशन घोटाले की पृष्ठभूमि में एक और बड़ा घोटाला सामने आया है। सुंदरबन क्षेत्र के काकद्वीप सबडिवीजन में प्राकृतिक आपदा राहत के लिए आवंटित 1245 मीट्रिक टन सरकारी चावल एक होलसेलर के गोदाम से गायब हो गया है। इस चावल की बाजार कीमत करीब 4 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

यह चावल वित्त वर्ष 2020-21 (15-2021) में प्राकृतिक आपदा राहत के लिए आवंटित किया गया था। इस मामले में होलसेलर अमित भकत के खिलाफ काकद्वीप के सबडिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीओ) ने एफआईआर दर्ज करवाई है।

काकद्वीप थाना ने अमित भकत के खिलाफ सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग और आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

गौरतलब है कि अमित भकत पर पहले भी आरोप लग चुके हैं। वर्ष 2023 में राशन के सैकड़ों क्विंटल चावल की गड़बड़ी के मामले में उसे खाद्य विभाग की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया था। वह फिलहाल ज़मानत पर बाहर है।

घोटाले को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सीबीआई जांच की मांग की है। भाजपा नेताओं का आरोप है कि इस घोटाले में सत्ताधारी पार्टी और सरकारी अधिकारी भी शामिल हैं।

इस विषय पर दक्षिण 24 परगना ज़िला परिषद के सह सभापति श्रीमंत माली ने कहा कि सबडिविजन प्रशासन द्वारा जांच के बाद जब गड़बड़ी पाई गई, तब एफआईआर दर्ज की गई। हालांकि, भविष्य में अगर कोई प्राकृतिक आपदा आती है, तो राहत चावल की कोई कमी नहीं होगी।

दूसरी ओर, काकद्वीप शहर में अमित भकत के गोदाम को ताला बंद पाया गया है और उसके घर पर भी कोई मौजूद नहीं था।

यह मामला प्रशासन की निगरानी और सरकारी योजनाओं के पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। अब देखना है कि प्रशासन इस घोटाले में आगे क्या कदम उठाता है और दोषियों को कब तक सजा मिलती है।

## अपने ही सुरक्षा गार्ड पर गोली चलाने के आरोप में तृणमूल नेता गिरफ्तार

❑ **निशाना चूकने से बाल-बाल बची पुलिस कांस्टेबल की जान**

**कोलकाता, समाज्ञा :** अपने ही सुरक्षा गार्ड पर गोली चलाने के आरोप में करीमपुर 2 पंचायत समिति के उपाध्यक्ष सह तृणमूल नेता साजिजुल हक शाह (मिठू) को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि गत रविवार की रात साजिजुल पर अपने ही सुरक्षा गार्ड पर गोली चलाने का आरोप लगा। हालांकि, निशाना चूक गया। जैसे ही घटना की जानकारी होते ही हड़कंप मच गया। खबर मिलने पर थानारपाड़ा पुलिस रात में ही साजिजुल के घर पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध के पास से तीन अवैध हथियार और आठ राउंड गोला-बारूद बरामद किया गया है। सुरक्षा गार्ड का नाम जहांगीर आलम है। वह राज्य पुलिस का कांस्टेबल है। अधिकारियों ने बताया कि गोली पुलिस अधिकारी के कान के पास से निकल गई। वह खतरे से बाल-बाल बच गया। उसके खिलाफ गैर जमानती धार-ाओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस बात की जांच शुरू कर दी है कि उसे बंदूक और कारतूस कहां से मिले। गिरफ्तार तृणमूल नेता को सोमवार को तेहट्टा उपजिला अदालत में पेश किया गया। हालांकि, गिरफ्तार तृणमूल नेता साजिजुल का साफ दावा है कि उन्हें साजिश के तहत फंसाया गया है। वह किसी भी तरह से अपने अंगरक्षक पर गोली चलाने की घटना से जुड़ा हुआ नहीं है। उचित जांच से सच्चाई सामने आ जाएगी।

## लोन धोखाधड़ी में गिरफ्तार यूको बैंक के पूर्व सीएमडी को मिली थी भारी रिश्वत

### नकदी, अचल संपत्तियां, विलासिता के सामान, होटल बुकिंग आदि किए थे प्राप्त



**कोलकाता, समाज्ञा :** 1,400 करोड़ रुपये की लोन धोखाधड़ी में गिरफ्तार कोलकाता स्थित सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक के पूर्व अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) सुबोध कुमार गोयल ने कॉरपोरेट इकाई कॉनकास्ट स्टील से अवैध रूप से भारी रिश्वत प्राप्त की थी, जो इस लोन जालसाजी मामले में मुख्य लाभार्थी थी। कंपनी ने लोन को विभिन्न फर्जी कंपनियों में स्थानांतरित कर दिया था। ईडी ने सोमवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। ईडी ने पिछले सप्ताह दिल्ली से गोयल को गिरफ्तार किया था। इस मामले में कोलकाता स्थित कॉनकास्ट ग्रुप के मालिक संजय कुमार सुरेका को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच से पता चला है कि गोयल को नकदी, अचल संपत्तियां, विलासिता के सामान, होटल बुकिंग आदि प्राप्त हुए, जो पैसे के आपराधिक स्रोत को छिपाने के लिए फर्जी कंपनियों, फर्जी व्यक्तियों और परिवार के सदस्यों के माध्यम से प्राप्त हुए। केंद्रीय एजेंसी ने यह भी दावा किया था कि उसके अधिकारियों ने फर्जी कंपनियों के माध्यम से अर्जित कई संपत्तियों की पहचान की है। इन फर्जी संस्थाओं का स्वामित्व या नियंत्रण सुबोध कुमार गोयल और उनके परिवार के सदस्यों के पास है। इन संस्थाओं के लिए धन का स्रोत कॉनकास्ट स्टील से जुड़ा हुआ था। गोयल को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत में पेश किया गया और उन्हें 21 मई तक ईडी की हिरासत में दिया गया। ईडी का दावा है कि गोयल ने लोन वितरित करते समय न्यूनतम नियमों का भी पालन नहीं किया। आवश्यक दस्तावेजों और कागजी कार्रवाई की भी जांच नहीं की गई थी।

## ओबीसी मुद्दे पर कानूनी जटिलता बरकरार, जादवपुर विश्वविद्यालय के दो विभागों में प्रवेश प्रक्रिया स्थगित

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर विश्वविद्यालय में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया फिलहाल स्थगित कर दी गई है। ओबीसी आरक्षण को लेकर उत्पन्न गंभीर कानूनी जटिलताओं के चलते विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय की ओर से सूचित किया गया है कि यह प्रवेश प्रक्रिया अनिश्चितकाल के लिए स्थगित की गई है। ओबीसी आरक्षण से जुड़ा मामला वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। इसी कारण इस शैक्षणिक सत्र में प्रवेश को लेकर विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विश्वविद्यालय के कला और विज्ञान विभागों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की प्रवेश प्रक्रिया को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। हाल ही में ओबीसी आरक्षण मामले में न्यायालय की टिप्पणियों को लेकर जादवपुर विश्वविद्यालय प्रशासन की राय जानने के लिए पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने पत्र भेजा था, लेकिन अभी तक प्रशासन की ओर से कोई उत्तर नहीं दिया गया है। हालांकि, इस मुद्दे पर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से एक बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें यह निर्णय लिया गया। कला और विज्ञान विभाग की कमिटी ने बैठक के बाद स्पष्ट किया कि अगली सूचना तक किसी भी तरह की प्रवेश प्रक्रिया शुरू नहीं की जाएगी और इस विषय पर विधिक परामर्श भी लिया जाएगा। जब तक ओबीसी से जुड़ी कानूनी जटिलता समाप्त नहीं होती, तब तक प्रवेश प्रक्रिया स्थगित रहेगी। हालांकि, आने वाले कुछ दिनों में इस मुद्दे पर एक और बैठक आयोजित की जाएगी।

## अगले तीन महीने बेहाला की कई सड़कों पर नहीं चलेंगी बसें!

❑ **जानिए कौन-कौन से रूट होंगे प्रभावित**

**कोलकाता :** बेहाला इलाके में भूमिगत निकासी नाले (ड्रेन) बिछाने का काम शुरू होने जा रहा है, जिसके कारण क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण सड़कों पर अगले 90 दिनों के लिए आंशिक रूप से यातायात बंद रहेगा। कोलकाता पुलिस ने इस बाबत सोमवार को एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की है।

चार प्रमुख स्थानों पर भूमिगत पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जिससे इन मार्गों पर बसें, भारी वाहन और छोटे वाहन नहीं चल पाएंगे। पाइप बिछाने का काम किया जाएगा एम.एल. गुप्ता रोड और इसके चार प्रमुख जंक्शनों पर:

- भुवन मोहन रॉय रोड जंक्शन
- सोदपुर फर्स्ट लेन और ब्रिकफील्ड रोड का संगम क्षेत्र
- हेमचंद्र मुखर्जी रोड जंक्शन
- कालीपद मुखर्जी रोड जंक्शन

इन सड़कों पर यातायात प्रतिबंधित रहेगा और वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करना होगा।

❑ **प्रभावित बस रूट्स:**

- एस 31
- एसी 31
- 21
- एसडी 4/1
- शारदा पार्क - आनंदपुर मिनी बस

❑ **बसों और भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग:**

शखेर बाजार क्रॉसिंग की ओर जाने के लिए बसें मुचिपाड़ा क्रॉसिंग से राजा राममोहन राय रोड - चौरास्ता/जेम्स लॉन्ग एवेन्यू - बिरें रॉय रोड होते हुए जाएंगी। चौरास्ता से बसें बाईं ओर मुड़कर अपने गंतव्य की ओर बढ़ेंगी।

❑ **छोटे वाहनों की वापसी का मार्ग:**

शखेर बाजार होकर लौटते समय छोटे वाहनों को संतोष रॉय रोड - शखेर बाजार - जेम्स लॉन्ग एवेन्यू - राजा राममोहन राय रोड - मुचिपाड़ा क्रॉसिंग होकर गंतव्य तक पहुँचना होगा।

यह ट्रैफिक व्यवस्था पहले से ही लागू की जा चुकी है और अगले 90 दिनों तक प्रभावी रहेगी।

कोलकाता पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का पालन करें और अनावश्यक ट्रैफिक जाम से बचें। यात्रियों से सहयोग और धैर्य बनाए रखने की अपील की गई है ताकि निर्माण कार्य सुचारु रूप से पूरा किया जा सके।

## उत्तरपाड़ा कॉलेज गंगा घाट पर एक कॉलेज छात्र की डूबने से मौत, इलाके में सनसनी

**हुगली :** जिले के उत्तरपाड़ा थाना अंतर्गत उत्तरपाड़ा कॉलेज के गंगा घाट पर एक कॉलेज छात्र की डूबने से मौत हो गई। पहले उत्तरपाड़ा थाना की पुलिस ने गंगा में तलाश अभियान चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर आपदा प्रबंधन विभाग की टीम को बुलाया गया। देर शाम टीम ने शव को बरामद किया। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। एक प्रत्यक्षदर्शी महिला ने बताया कि आज दोपहर से ही वह छात्र कॉलेज घाट पर बैठा हुआ था। कुछ देर बाद वह गंगा में उतरकर तैरने लगा। इसके बाद वह पानी में अचानक ही नजरों से ओझल हो गया। तुरंत उत्तरपाड़ा थाने को खबर दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और खोजबीन शुरू की। शाम ढलने के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला, तो नॉर्थ पोर्ट थाने को सूचना दी गई। शाम करीब साढ़े आठ बजे आपदा प्रबंधन टीम के सदस्य पहुंचे और गंगा में खोजबीन शुरू की। अंततः रात दस बजे छात्र का शव बरामद किया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मृत छात्र का नाम किशांजी सेठ था। वह टीटागढ़ का रहने वाला था और बारासात के ब्रेनवेयर यूनिवर्सिटी का छात्र था।

## मिनाखां में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक दुकान पर काम दिलाने के बहाने एक नाबालिग लड़की को होटल में ले जाकर उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कुछ महीने पहले, मिनाखां थाना अंतर्गत दक्षिण मिनाखां के एक युवक अरिंदम गोल की मुलाकात मिनाखां के चैताल की एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की से हुई थी। युवक कथित तौर पर उसे एक दुकान पर काम दिलाने के बहाने एक स्थानीय होटल में ले गया और उनके साथ दुष्कर्म किया। गत रविवार की रात लड़की के परिजनों ने अरिंदम गोल के नाम से थाने में शिकायत दर्ज कराई। उस शिकायत के आधार पर पुलिस ने सोमवार की सुबह उसे गिरफ्तार कर लिया। नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी युवक अरिंदम गोल को पुलिस हिरासत में लेने के लिए बशीरहाट महकमा न्यायालय में पेश किया गया। दूसरी ओर, नाबालिग को मेडिकल जांच के लिए बशीरहाट स्वास्थ्य जिला अस्पताल लाया गया है, जहां मेडिकल जांच के बाद उसे बशीरहाट महकमा कोर्ट के न्यायाधीश के समक्ष गोपनीय बयान देने की व्यवस्था की गई है।

## बिष्णुपुर में लकड़ी के गोदाम में लगी आग



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के बिष्णुपुर थाना अंतर्गत बिबिरहाट स्थित एक लकड़ी के गोदाम में सोमवार के तड़के आग लग गई। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, लकड़ी के गोदाम में प्लाईवुड था जिसकी वजह से आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते आस-पास के घरों तक फैल गई। इसी बीच, ताप की वजह से तीन गैस सिलेंडरों में विस्फोट हो गया। सुबह-सुबह तेज आवाज सुनकर स्थानीय लोग जाग गए। सभी भयभीत हो गए और दमकल विभाग को सूचित किया गया। सूचना पाकर फलता, बेहाला और अन्य अग्निशमन केंद्रों से पांच दमकल गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस घटना में करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि गोदाम में आग कैसे लगी। अग्निशमन कर्मी इसकी जांच कर रहे हैं।

### मगराहाट में परित्यक्त कोल्ड स्टोरेज में आग लगने से मचा हड़कंप

दक्षिण 24 परगना जिला के मगराहाट थाना अंतर्गत गोकर्णी इलाके में सोमवार की सुबह एक परित्यक्त कोल्ड स्टोरेज में आग लगने से हड़कंप मच गया। परित्यक्त कोल्ड स्टोरेज से स्थानीय लोगों ने काला धुआं निकलते देखा। इसके बाद, स्थानीय लोगों ने तुरंत मगराहाट थाने को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आग बुझाने के लिए दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। कई घंटों की मशक्कत के बाद आखिरकार दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। 10 वर्षों से अधिक समय से परित्यक्त कोल्ड स्टोरेज में आग कैसे लगी यह ज्ञात नहीं हो सका है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## जमीन विवाद को लेकर भाजपा पंचायत सदस्य की 'हत्या', पड़ोसी गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** जिले के रघुनाथगंज थाना इलाके में जमीन विवाद को लेकर रविवार को भाजपा के पंचायत सदस्य की 'हत्या' का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतका की पहचान मेनका मंडल (40) के रूप में की गई है। पता चला है कि पुलिस ने घटना की जांच के बाद कुड़ान मंडल नामक एक पड़ोसी को गिरफ्तार किया है। पुलिस व स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृतका मेनका मंडल का घर रघुनाथगंज थाना अंतर्गत जगोदानंद बाटी गांव में है। वह दफरपुर ग्राम पंचायत की सदस्य थीं। उन्होंने पिछला पंचायत चुनाव भाजपा पार्टी की ओर से लड़ा और जीता था। बताया गया है कि पिछले कुछ समय से उनका पड़ोसी कुड़ान मंडल से जमीन के एक टुकड़े को लेकर विवाद चल रहा था। रविवार को विवाद और बढ़ गया। कथित तौर पर, दोपहर में कुड़ान मंडल और उसके लोगों ने भाजपा पंचायत सदस्य के घर पर हमला बोल दिया। मेनका मंडल और उनके परिवार के सदस्यों की बुरी तरह पिटाई की गई। आरोप है कि भाजपा नेता के सिर पर लोहे की रॉड से हमला किया गया। वह खून से लथपथ होकर गिर पड़ी। घटना के तुरंत बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मेनका मंडल को तुरंत मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया गया है कि उनकी शारीरिक स्थिति गंभीर थी। रविवार की रात अस्पताल में उनकी मौत हो गई। घटना के संबंध में रघुनाथगंज थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने जांच कर आरोपी कुड़ान मंडल को गिरफ्तार कर लिया। बाकी लोगों की तलाश भी जारी है।

## द्वीपवासियों को मिल रही सरकारी योजनाओं की सुविधाएं या नहीं, घोड़ामारा द्वीप में जाकर जिलाधिकारी ने की जांच



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के सबसे सुदूरवर्ती द्वीपों में से एक, सुंदरबन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला घोड़ामारा द्वीप अब धीरे-धीरे नदी के कटाव के कारण नदी में समाता जा रहा है। कटाव के डर से कई परिवार अपने घर-बार छोड़कर अन्य स्थानों पर पलायन कर चुके हैं।

ऐसे संवेदनशील समय में यह जांचने के लिए कि क्या राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ द्वीपवासियों को सही रूप से मिल रहा है, दक्षिण 24 परगना के जिलाधिकारी सुमित गुप्ता सोमवार दोपहर को स्वयं घोड़ामारा द्वीप पहुंचे।

जिलाधिकारी ने यहां पहुँचकर विभिन्न सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन का निरीक्षण किया। उन्होंने 'बंगाल आवास योजना' के अंतर्गत घर प्राप्त कर रहे लाभार्थियों की स्थिति की जांच की। इसके अलावा घर-घर पेयजल पहुंचाने की परियोजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के काम का भी उन्होंने स्थलीय निरीक्षण किया।

राज्य सरकार द्वारा घोड़ामारा को 'ग्रीन-क्लीन' द्वीप बनाने की योजना के तहत चल रहे कार्यक्रमों का भी आकलन किया गया। द्वीप में पर्यटकों द्वारा फेंके गए कचरे से जैविक खाद बनाने की परियोजना की प्रगति का जायजा लिया गया।

नदी कटाव को रोकने के लिए जिलाधिकारी ने तटीय इलाकों में वृक्षारोपण किया और स्थानीय लोगों को पौधे भी वितरित किए।

घोड़ामारा ग्राम पंचायत आज पूरे देश में एक उदाहरण बन चुका है। यहां के लोग जल संरक्षण, प्रदूषण मुक्त वातावरण और हरित पंचायत की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं। गांव की महिलाएं स्वयं हाथ में पोस्टर लेकर जागरूकता फैलाने के लिए सड़कों पर उतरती हैं। पंचायत की पहल पर ग्रामीण स्वयं नदी किनारे मैंग्रोव और झाऊ के पौधे लगा रहे हैं।

नियमित रूप से ग्राम सभा आयोजित की जाती है ताकि सभी नागरिकों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा सके।

प्रत्येक घर तक अब स्वच्छ पेयजल पहुँच चुका है। नलकूपों से अतिरिक्त पानी संग्रह करने के लिए पारंपरिक कुएं भी बनाए गए हैं। प्रत्येक घर और दुकान से कचरा एकत्र कर जैविक खाद तैयार की जा रही है। प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने के लिए कपड़े के थैले उपयोग में लाए जा रहे हैं।

यहां आने वाले पर्यटकों को भी प्लास्टिक के स्थान पर कागज़ या कपड़े के थैले दिए जाते हैं।

इस गांव की सफलता को उजागर करते हुए प्रशासन द्वारा एक डॉक्युमेंट्री भी प्रकाशित की गई है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी सुमित गुप्ता ने कहा, यह द्वीप सुंदरबन का एक अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है जो लगातार नदी के कटाव से प्रभावित हो रहा है। राज्य सरकार ने कटाव रोकने के लिए सिंचाई विभाग के साथ कई बैठकें की हैं। आज हम यह देखने आए हैं कि क्या सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक सही तरह से पहुंच रहा है। स्थानीय लोगों से बातचीत कर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई है। भविष्य में द्वीपवासियों के जीवन और आजीविका को बेहतर बनाने के लिए विशेष योजनाएं शुरू की जाएंगी।

## श्रीरामपुर में साइबर ठगी का भंडाफोड़, सात आरोपी गिरफ्तार



**हुगली :** श्रीरामपुर थाना क्षेत्र में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने छापेमारी कर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े सैकड़ों बैंकिंग क्रेडेंशियल्स बरामद किए हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम एम.एस. रमेश, शरीफुज्जमां गाज़ी, सुमित शर्मा, विनोद गंगाधरन एम, पट्टू जॉन सैमुअल एस, नौशाद ई.के, मोहम्मद अजहर है।

इनके पास से पुलिस ने बड़ी मात्रा में संवेदनशील बैंकिंग जानकारी बरामद की है, जो अलग-अलग राज्यों से संबंधित बताई जा रही है। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी इन जानकारियों का उपयोग कर ऑनलाइन ठगी को अंजाम दे रहे थे। इस पूरे मामले में एक विशेष प्राथमिकी दर्ज की गई है और साइबर टीम के सहयोग से जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस नेटवर्क के पीछे और कौन-कौन लोग शामिल हैं और किन-किन राज्यों में इनके तार फैले हैं।

श्रीरामपुर पुलिस ने इस कार्रवाई को साइबर अपराध के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम बताया है और आम जनता से सतर्क रहने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि यदि किसी संदिग्ध कॉल या मैसेज के माध्यम से बैंकिंग जानकारी मांगी जाए, तो उसे साझा न करें और तुरंत इसकी सूचना नजदीकी थाना या साइबर हेल्पलाइन पर दें।

## न्यूज इन ब्रीफ

### पति ने मोबाइल फोन चलाने से रोका तो महिला ने की खुदकुशी

**बलिया (उप्र) :** बलिया जिले में सिकंदरपुर क्षेत्र के महथापार गांव में एक महिला ने कथित रूप से पति द्वारा मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने से मना किए जाने पर खुदकुशी कर ली। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि रविवार देर रात रूनी वर्मा (28) ने जहर खा लिया जिसके बाद परिजन उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर ले गये। सूत्रों के अनुसार चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस दौरान उसकी मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूत्रों का कहना है कि रूनी अक्सर मोबाइल फोन पर किसी से बात करती रहती थी। इसे लेकर उसका अपने पति धर्मेंद्र से हमेशा विवाद होता रहता था। रविवार को भी धर्मेंद्र ने रूनी को मोबाइल का इस्तेमाल करने से रोका था जिससे क्षुब्ध होकर उसने खुदकुशी कर ली। सूत्रों ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### बिहार के मधुबनी में सरकारी कार्यालय में होमगार्ड के कमरे से दो राइफल चोरी

**मधुबनी (बिहार) :** बिहार के मधुबनी जिले में चोरों ने एक सरकारी कार्यालय में होमगार्ड के कमरे में घुसकर दो राइफल चुरा लीं। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि चोरी की यह घटना 17 मई को शाम करीब साढ़े सात बजे खुटौना ब्लॉक कार्यालय में हुई। जिला पुलिस ने एक बयान में कहा, ''...खुटौना ब्लॉक कार्यालय में तैनात एक राज्य होमगार्ड ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया कि ब्लॉक परिसर के अंदर उसके बंद कमरे से दो सर्विस राइफल चोरी हो गई हैं। उसने अधिकारियों को बताया कि अज्ञात चोरों ने उसके कमरे की खिड़की तोड़कर सर्विस राइफल चुरा लीं।'' उसने बताया कि हथियारों का पता लगाने के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया गया है।

### उत्तर प्रदेश के बलिया में नदी में नहाने गए दो लड़के डूबे, दोनों की मौत

**बलिया (उप्र) :** बलिया जिले के चितबड़ागांव क्षेत्र में सोमवार को टोंस नदी में नहाने उतरे दो लड़कों की डूबने से मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक (सदर) मोहम्मद उस्मान ने बताया कि चितबड़ागांव के पड़ोस में कागा (14) और अमित (15) सोमवार अपराह्न टोंस नदी में स्नान कर रहे थे तभी वे गहरे पानी में चले गए। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से दोनों के शवों को नदी से बाहर निकाला। उस्मान ने बताया कि पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### एसटीएफ ने संदिग्ध आईएसआई एजेंट को किया गिरफ्तार

**लखनऊ/ रामपुर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने रविवार को रामपुर जिले के टांडा कस्बे से पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के एक कथित एजेंट को गिरफ्तार कर लिया। शहजाद को एसटीएफ मुरादाबाद इकाई ने सीमा पार तस्करी और आईएसआई के लिए जासूसी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के बारे में सूचना मिलने के बाद गिरफ्तार किया था। एसटीएफ ने कहा कि शहजाद कथित तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारी अपने आकाओं को दे रहा था। एसटीएफ ने आरोप लगाया कि वह पिछले कुछ वर्ष में कई बार पाकिस्तान गया और कथित तौर पर सीमा पार से सौंदर्य प्रसाधन, कपड़े, मसाले और अन्य वस्तुओं की तस्करी करता था। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि रामपुर के टांडा निवासी शहजाद को जासूसी से संबंधित प्रावधानों सहित संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है।

# प्रदेशवासियों की सुरक्षा और सम्मान ही सरकार का ध्येय: योगी आदित्यनाथ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले क्रिकेटर मोहम्मद शमी, की शिष्टाचार भेंट

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में आए फरियादियों को भरोसा देते हुए कहा कि प्रदेशवासियों की सुरक्षा और सम्मान ही सरकार का ध्येय है। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, जनता दर्शन में 60 से अधिक फरियादी आए। मुख्यमंत्री ने एक-एक करके सभी से मुलाकात की, फिर कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने हर पीड़ित की शिकायत सुनी और अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। सोमवार को सर्वाधिक शिकायतें प्रयागराज से आईं। मुख्यमंत्री ने कहा, ''प्रदेशवासियों की सुरक्षा और सम्मान ही सरकार का ध्येय है। सरकार हर जरूरतमंदों की जरूरत पर उनके साथ है।'' जनता दरबार में पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सड़क निर्माण समेत कई मामले आए। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में मौजूद अधिकारियों को शिकायतों का प्रार्थना पत्र सौंपते हुए समय से निस्तारण के निर्देश दिए। प्रयागराज से कई शिकायतें आईं, जिसे मुख्यमंत्री ने गंभीरता से सुना और कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। पुलिस से संबंधित शिकायत, खेत की पैमाइश, आवास, चकरोड (खेतों के बीच बनी राह), खेतों में कब्जा, बिजली कनेक्शन समेत अन्य फरियाद लेकर पीड़ित पहुंचे, जिसके समाधान का मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया।

### योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश को 2027 तक बाल श्रम मुक्त बनाने का संकल्प लिया

लखनऊ : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने बाल श्रम के विरुद्ध निर्णायक अभियान शुरु कर 2027 तक राज्य को बाल श्रम से पूरी तरह मुक्त करने का संकल्प लिया है। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार यह लक्ष्य तय करते हुए सरकार ने बहुआयामी योजनाओं को जमीन पर उतार दिया है। जागरूकता से लेकर शिक्षा और पुनर्वास तक, हर स्तर पर ठोस प्रयास किये जा रहे हैं, ताकि बचपन को मजबूरी नहीं, अवसर मिल सके।

## कश्मीर मसले में 'तीसरे पक्ष' के दखल पर चुप्पी क्यों साध रखी है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने: गहलोत

**जयपुर :** पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम एवं अन्य मुद्दों को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों से देश की जनता में 'नाराजगी' होने का दावा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को कहा कि कश्मीर मसले में 'तीसरे पक्ष' के दखल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुप्पी क्यों साध रखी है। उन्होंने यहां मीडिया से बातचीत में ट्रंप के उन बयानों का जिक्र किया जिसमें उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम करवाने का दावा करते हुए कश्मीर एवं व्यापार जैसे मुद्दों की बात की थी। उन्होंने कहा,'' ट्रंप ने संघर्षविराम, कश्मीर या व्यापार के बारे में जो कुछ भी बोला है...उससे पूरे देश में जबर्दस्त आक्रोश है। इसे (केंद्र की भाजपा) सरकार समझ नहीं पा रही है। मेरा मानना है कि ऐसी स्थितियां रहीं तो भाजपा को खामियाजा भुगतना पड़ेगा।'' वरिष्ठ कांग्रेस नेता गहलोत ने कहा,''लोगों को यह बहुत बुरा लगा है। मैं मोदीजी से पूछना चाहूंगा कि आपने अभी तक चुप्पी क्यों साध रखी है? आप अब भी क्यों नहीं कह रहे हैं कि कश्मीर मामले में कोई तीसरा पक्ष नहीं आएगा, यह सिर्फ और सिर्फ हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बीच की बात है।'' उन्होंने कहा कि भारत-पाकिस्तान के मामले में ट्रंप का आने को वह बहुत खतरनाक मानते हैं और ट्रंप जबरदस्ती पंचायत कर रहे हैं। उन्होंने कहा,'' ट्रंप साहब इन बातों के बीच आ गए, उसे मैं इसे बहुत खतरनाक मानता हूं। आज तक केंद्र में चाहे किसी की भी सरकार रही हो, यही रुख रहा है कि हम तीसरे पक्ष को बर्दाश्त नहीं करेंगे। चाहे कश्मीर मुद्दा हो या कोई और, हम पाकिस्तान के साथ सीधी बात करेंगे।''

## राजस्थान: शोक सभा के दौरान टेंट पर गिरा बिजली का तार, दो की मौत

**जयपुर :** राजस्थान के बालोतरा जिले में सोमवार सुबह एक शोकसभा के दौरान टेंट पर बिजली का तार टूटकर गिर गया और करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस हादसे में आठ अन्य गंभीर रूप से झुलसे गये हैं। यह घटना बालोतरा जिले में पचपदरा तहसील के उमरलाई गांव में हुई। एक घर में 40 से अधिक ग्रामीण शोक सभा के लिए घर पर एकत्र हुए थे। कल्याणपुर के पूर्व प्रधान हरिसिंह ने संवाददाताओं को बताया, ''टेंट के ठीक ऊपर से गुजर रही केबल अचानक गिर गई। लोहे के खंभों में करंट दौड़ गया और लोग घबराकर भागने लगे। कम से कम दस लोग करंट की चपेट में आ गए।'' रिश्तेदारों और राहगीरों ने घायलों को एंबुलेंस एवं निजी वाहनों से करीब 20 किलोमीटर दूर जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उमरलाई निवासी अमराराम (70) और कनाना गांव निवासी हरमलराम (35) को मृत घोषित कर दिया। तहसीलदार गोपी किशन पालीवाल ने बताया कि इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि आठ अन्य घायल हैं। अस्पताल के अधिकारियों का कहना है कि आठ घायल 30 से 60 प्रतिशत तक जल गए हैं और उनका आईसीयू में इलाज चल रहा है। उनकी हालत स्थिर बताई गई है। ये सभी 25 से 55 वर्ष की आयु के पुरुष हैं।

## सपा का जन्म ही मुस्लिम तुष्टीकरण के डीएनए के साथ हुआ : उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक



**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के 'एक्स' हैंडल पर अपने खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों की पृष्ठभूमि में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को आरोप लगाया कि सपा का जन्म ही 'मुस्लिम तुष्टीकरण के डीएनए' के साथ हुआ है, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से सोशल मीडिया हैंडल की गहन समीक्षा करने को कहा। सपा और उसके मुखिया अखिलेश यादव पर ताजा हमला बोलते हुए उपमुख्यमंत्री पाठक ने आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी का जन्म ही 'मुस्लिम तुष्टीकरण के डीएनए' के साथ हुआ है और अखिलेश यादव की पूरी राजनीति का मूल यही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी समाजवादी पार्टी पर हमला बोला और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से अपने सोशल मीडिया हैंडल की गहन समीक्षा करने और यह सुनिश्चित करने को कहा कि वहां इस्तेमाल की जाने वाली भाषा शालीन, संयमित और गरिमामय हो। समाजवादी पार्टी के 'एक्स' हैंडल पर पाठक के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पोस्ट किए जाने के बाद शनिवार को लखनऊ में एक प्राथमिकी दर्ज की गई। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक लंबी पोस्ट में ब्रजेश पाठक ने कहा कि 'सपा के डीएनए में खराबी' की बात कहने पर सपा प्रमुख उसी तरह आपे से बाहर हो गए जैसे दस साल पहले वह उत्तर प्रदेश की सत्ता से बाहर हो गए थे। उन्होंने कहा, डीएनए में खराबी से हमारा मतलब किसी व्यक्ति विशेष से नहीं, बल्कि आपकी पार्टी की राजनीतिक सोच से है।

## अवैध रूप से भारत में रहने के आरोप में दक्षिण कोरियाई व्यक्ति बिहार में नेपाल सीमा के पास से गिरफ्तार




**मोतिहारी :** नेपाल सीमा के पास बिहार के रक्सौल में एक दक्षिण कोरियाई व्यक्ति को भारत में अवैध रूप से रहने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण कोरिया के क्योंग की डो प्रांत के निवासी किम योंग डे को रविवार को गिरफ्तार किया गया। पूर्वी चंपारण जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) स्वर्ण प्रभात ने कहा, वह वैध यात्रा दस्तावेजों के बिना नेपाल में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था। वह 2017 में भारत आया था और उसका वीजा जनवरी 2021 में समाप्त हो गया था। तब से वह अवैध रूप से भारत में रह रहा था। उन्होंने बताया, पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह चेन्नई में काम कर रहा था। उसने फर्जी आधार कार्ड भी बनवा लिया था। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। अधिकारी के अनुसार उसकी गिरफ्तारी के बारे में अन्य एजेंसियों को भी सूचित कर दिया गया है।

# राजस्थान में भीषण गर्मी जारी, पिलानी में पारा 46.4 डिग्री पर



**जयपुर :** राजस्थान के अधिकतर इलाकों में भीषण गर्मी का दौर जारी है जिसके चलते जनजीवन प्रभावित हो रहा है। सोमवार को पिलानी में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग का कहना है कि भीषण गर्मी का दौर अभी जारी रहेगा। मौसम केंद्र (जयपुर) के अनुसार सोमवार को राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस पिलानी में दर्ज किया गया जो सामान्य से 5.0 डिग्री अधिक है। केंद्र के मुताबिक इसके अलावा अधिकतम तापमान चुरू में 46.0 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर में 45.1 डिग्री, गंगानगर में 45.0 डिग्री, बाड़मेर में 44.7 डिग्री, झुंझुनू में 43.3 डिग्री, फतेहपुर में 43.2 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य की राजधानी जयपुर में अधिकतम तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा। राज्य के अधिकतर हिस्सों में सुबह से ही गर्मी का दौर शुरू हो जाता है जिससे देर शाम तक राहत नहीं मिलती।

## अगर विजय शाह मेरी पार्टी में होते तो उन्हें हमेशा के लिए निष्कासित कर देता: चिराग पासवान

**पटना :** कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह की टिप्पणी की निंदा करते हुए केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सोमवार को कहा कि अगर भाजपा नेता उनकी पार्टी में होते तो उन्हें ''जीवन भर के लिए निष्कासित कर दिया जाता।'' लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे। वह अपने गृह राज्य बिहार के दौरे पर हैं। हाजीपुर से सांसद ने कहा, ''हमें अपने सैन्यकर्मियों पर गर्व है। जो कोई भी उनकी तुलना आतंकवादियों से करता है, वह निंदा का पात्र है। अगर ऐसा कोई व्यक्ति मेरी पार्टी में होता, तो उसे जीवन भर के लिए निष्कासित कर दिया जाता।'' चिराग की पार्टी भाजपा की सहयोगी है। शाह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में मीडिया को जानकारी देने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी को ''आतंकवादियों की बहन'' कहकर विवाद खड़ा कर दिया था। हालांकि, भाजपा ने अभी तक शाह के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है, जो दावा कर रहे हैं कि यह ''जुबान फिसलने'' के कारण हुआ। मध्यप्रदेश के मंत्री को राजग सहयोगियों के साथ-साथ विरोधियों की भी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। उच्चतम न्यायालय ने भी इस टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई। न्यायालय ने कहा कि शाह के बयानों से ''पूरा देश शर्मसार हुआ है''। इसने साथ ही आदेश दिया कि इस संबंध में दर्ज प्राथमिकी की जांच तीन सदस्यीय विशेष जांच दल द्वारा की जाए।

## हरियाणा: नूंह पुलिस ने पाकिस्तान के लिये जासूसी करने के आरोप में झोलाछाप डॉक्टर को गिरफ्तार किया

**गुरुग्राम :** हरियाणा में नूंह पुलिस ने एक केंद्रीय एजेंसी के साथ संयुक्त अभियान में पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में एक झोलाछाप डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। इससे दो दिन पहले नूंह जिले के राजाका गांव से अरमान को भी इसी आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान नूंह जिले के कंगारका गांव निवासी मोहम्मद तारीफ के रूप में हुई है। तारीफ पर सैन्य गतिविधियों की खुफिया जानकारी पाकिस्तान को लीक करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने पाकिस्तान उच्चायोग के एक कर्मचारी को सिम कार्ड देने और पाकिस्तान जाने की बात कबूल की है। मोहम्मद तारीफ और दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात दो पाकिस्तानी नागरिकों आसिफ बलोच और जफर के खिलाफ सदर तावडू थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 152 और शासकीय गोपनीयता अधिनियम की धारा 3, 4 और 5 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, खुफिया जानकारी मिली थी कि तारीफ लंबे समय से भारतीय सेना और रक्षा तैयारियों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान भेज रहा है। वह लोगों से पाकिस्तान जाने के लिए वीजा दिलवाने की बात कहता था।

## बलिया में 'वीडियो कालिंग' करते हुए प्रेमी युगल ने विषाक्त पदार्थ खाया, युवती की मौत

**बलिया (उप्र) :** बलिया जिले में रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 'वीडियो कॉलिंग' पर बात करते हुए एक विजातीय प्रेमी युगल ने कथित रूप से विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे 20 वर्षीय युवती की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि इस मामले में प्रेमी युवक के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के बड़की बउली गांव में रविवार देर रात लगभग दो बजे प्रिया पाठक (20) और चिंतामन चौहान (24) ने आपस में 'वीडियो कॉलिंग' पर बात करते हुए विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जहर खाने से प्रिया पाठक की मौत हो गई तथा चौहान को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रिया पाठक और चिंतामन चौहान पड़ोसी थे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अवधेश कुमार अवस्थी ने सोमवार को बताया कि प्रेमी युगल का पिछले कई वर्ष से प्रेम संबंध चल रहा था, लेकिन परिजन उनकी शादी के लिए तैयार नहीं थे और इस बीच प्रिया पाठक की सगाई भी 22 मई को दूसरे के साथ होने वाली थी। एसएचओ ने बताया कि इस मामले में प्रिया की मां रीना पाठक की तहरीर पर चिंतामन चौहान के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 108 , 123 और 351 (3) में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।

## केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की



**पटना :** केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने सोमवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर पासवान की मुख्यमंत्री से मुलाकात महत्वपूर्ण मानी जा रही है। लोजपा (रामविलास) के प्रमुख ने जमुई से अपनी पार्टी के सांसद अरुण भारती के साथ मुख्यमंत्री से यहां एक अणे मार्ग स्थित उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान बिहार सरकार में मंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जद-यू) के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद पासवान ने इस मुलाकात के दौरान चर्चा किए गए मुद्दों के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी। उन्होंने बस इतना कहा, बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। भारती ने संवाददाताओं से कहा, ' दोनों नेताओं ने बिहार के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।' जद(यू) नेताओं ने भी बैठक में जिन मुद्दों पर चर्चा हुई, उस बारे में विस्तृत जानकारी देने से इनकार कर दिया।

## यूएपीए के तहत गिरफ्तार छात्र कार्यकर्ता-पत्रकार 'डार्क वेब' पर सक्रिय था: नागपुर एटीएस


**नागपुर :** महाराष्ट्र के नागपुर में इस महीने की शुरुआत में यूएपीए और भारतीय न्याय संहिता के कड़े प्रावधानों के तहत देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने और आतंकी संगठनों का समर्थन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया छात्र कार्यकर्ता-सह-पत्रकार 'डार्क वेब' पर सक्रिय था। महाराष्ट्र आतंक रोधी दस्ते (एटीएस) की नागपुर इकाई के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। रेजाज एम. शीबा सिद्दीक (26) को लकड़गंज पुलिस ने सात मई को यहां एक होटल से गिरफ्तार किया था। पुलिस उसकी ऑनलाइन गतिविधियों पर निगरानी रख रही थी। अधिकारी ने बताया कि केरल में सिद्दीक के घर पर 11 मई को छापा मारा गया था, जिसमें आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए थे। अधिकारी ने कहा, सिद्दीक के डिजिटल उपकरणों की प्रारंभिक जांच से पता चला कि वह 'डार्क वेब' पर सक्रिय था और भड़काऊ टिप्पणियां व अपने विचार पोस्ट कर रहा था। आतंक रोधी दस्ता गहन जांच के लिए डिजिटल उपकरणों को साइबर-फॉरेंसिक प्रयोगशाला में भेजेगा। 'डार्क वेब' इंटरनेट का एक हिस्सा है, जिसे मानक खोज इंजन द्वारा खोजा नहीं जा सकता और इस तक केवल विशिष्ट सॉफ्टवेयर के माध्यम से ही पहुंचा जा सकता है। 'डार्क वेब' पर उपयोगकर्ताओं की पहचान करना मुश्किल होता है और यह अकसर अवैध गतिविधियों से जुड़ा होता है, जिसमें मादक पदार्थ तस्करी व डेटा उल्लंघन शामिल हैं। अधिकारी ने यह भी बताया कि रविवार को एक स्थानीय अदालत ने सिद्दीक की पुलिस हिरासत दो दिन के लिए बढ़ा दी।

# किसान और पशुपालकों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है सरकार: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा




**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को कहा कि राज्य और केंद्र की सरकार किसान-पशुपालकों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है एवं इस दिशा में कई कदम भी उठाए गए हैं। शर्मा सोमवार को अलवर में श्वेत क्रांति द्वितीय चरण एवं अलवर दुग्ध संघ दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र और राज्य की 'डबल इंजन' सरकार किसान-पशुपालकों के कल्याण एवं डेयरी क्षेत्र के उत्थान के लिए निर्णायक कदम उठा रही है जिसके तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की सम्मान निधि देने का काम किया है और उसे राजस्थान सरकार ने बढ़ाकर नौ हजार रुपये कर दिया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में गेहूं के समर्थन मूल्य पर अतिरिक्त बोनस दिया जा रहा है और आज यह देश में सर्वाधिक है। आधिकारिक बयान के अनुसार शर्मा ने कहा कि दुग्ध संघ पशुपालकों के सामर्थ्य के प्रतीक के रूप में उभर रहे हैं तथा इन संघों ने विकास, जनभागीदारी और आत्मनिर्भरता के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की डेयरी क्षेत्र में सक्रियता प्रमुखता से बढ़ी है, जिससे उनका आर्थिक सशक्तीकरण हो रहा है। इस अवसर पर उन्होंने सिलिसेढ़ क्षेत्र से नलकूप एवं पाइपलाइन के माध्यम से अलवर शहर की पेयजल योजना संवर्द्धन कार्य (लगभग 23.27 करोड़ रुपए) का शिलान्यास और अलवर डेयरी के नवीन उत्पाद मावा तथा 15 किलो के पैक में 'टोन्ड मिल्क' का दही 'लांच' किया। शर्मा ने कहा कि लगभग 47 लाख किसानों को करीब 30 हजार करोड़ रुपये के अल्पकालीन ब्याज मुक्त फसली ऋण का वितरण किया गया है तथा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लखपति दीदी योजना के माध्यम से महिलाओं का सशक्तीकरण किया जा रहा है।

## पूर्व भाजपा सांसद उदय सिंह को जन सुराज पार्टी का पहला राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया : प्रशांत किशोर



**पटना :** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने सोमवार को घोषणा की कि पूर्व भाजपा सांसद उदय सिंह को सर्वसम्मति से पार्टी का पहला राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। किशोर ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अब वह जनसंपर्क पर ध्यान केंद्रित करेंगे तथा संगठन चलाने की जिम्मेदारी उदय सिंह और आरसीपी सिंह जैसे लोगों को सौंपेंगे जो रविवार को पार्टी में शामिल हुए। उन्होंने कहा, ''मैं कल से बिहार में अपनी पदयात्रा फिर से शुरू कर सकता हूं।'' किशोर ने यह भी कहा कि उदय सिंह को इस उद्देश्य के लिए गठित समिति द्वारा ''केवल बहुमत से नहीं, बल्कि सर्वसम्मति से चुना गया है।'' पिछले साल दो अक्टूबर को गठित जन सुराज पार्टी तभी से बिना किसी पूर्णकालिक अध्यक्ष के काम कर रही थी। किशोर ने साफ किया है कि वह अपने पास कोई पद नहीं रखेंगे। पार्टी की स्थापना के तुरंत बाद पूर्व आईपीएस अधिकारी मनोज भारती को ''कार्यकारी अध्यक्ष'' बनाया गया था। वर्ष 2004 और 2009 में भाजपा के टिकट पर पूर्णिया लोकसभा सीट जीतने वाले उदय सिंह सेवानिवृत्त नौकरशाह एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य एन के सिंह के छोटे भाई हैं। जन सुराज पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष 2014 से ही राजनीतिक रूप से हाशिये पर चले गए थे क्योंकि वह चुनाव हार गए और इसके बाद के दो लोकसभा चुनाव में राजग के भीतर सीट बंटवारे के तहत यह सीट मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जद (यू) के खाते में चली गई। किशोर ने कहा, ''उदय सिंह, आरसीपी सिंह और मनोज भारती जैसे लोग इस बात का सबूत हैं कि हमारी पार्टी में प्रतिभाओं का ऐसा भंडार है जो बेजोड़ है।'' बिहार के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में सेवा दे चुके आरसीपी सिंह जद (यू) में कई प्रमुख संगठनात्मक पदों पर रहे थे और यहां तक कि संक्षिप्त अवधि के लिए इसका नेतृत्व भी किया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### एनआईए ने 2024 में मणिपुर में आईआरबी चौकी पर हमले के आरोपी को गिरफ्तार किया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मणिपुर के मोरेह इलाके में भारतीय रिजर्व बटालियन (आईआरबी) की चौकी पर 2024 में हुए हमले के सिलसिले में पहली गिरफ्तारी की है। उक्त हमले में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी और दो अन्य घायल हो गए थे। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि तेंगनोउपल निवासी थांगमिनलर माटे उर्फ लेनिन माटे को रविवार को असम के सिलचर से पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि माटे का किसी उग्रवादी समूह से संबंध है या नहीं, यह अभी स्पष्ट नहीं है। यह हमला पिछले वर्ष 17 जनवरी को तेंगनोउपल जिले में संदिग्ध कुकी उग्रवादियों द्वारा किया गया था। जांच एजेंसी द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि सिलचर अदालत ने एनआईए को आरोपी की ट्रांजिट रिमांड हिरासत दे दी है, ताकि उसे गुवाहाटी में एजेंसी की विशेष अदालत के समक्ष पेश किया जा सके। एजेंसी ने कहा कि आरोपी मामले में गिरफ्तार किया गया पहला व्यक्ति है। मई 2023 से इंफाल घाटी में रहने वाले मेइती और आसपास के पहाड़ों पर रहने वाले कुकी-जो समूहों के बीच जातीय हिंसा में 260 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

### पुलिस ने 155 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का खुलासा किया, चार गिरफ्तार

**नागपुर :** नागपुर पुलिस ने 155 करोड़ रुपये की एक बड़ी धोखाधड़ी का खुलासा किया है, जिसमें कारोबारियों के एक गिरोह ने लोगों की असली पहचान का गलत इस्तेमाल कर फर्जी कंपनियां बनाईं और हवाला के जरिए काले धन का लेन-देन किया। इस मामले में अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा कि धोखाधड़ी का दायरा और बड़ा हो सकता है, क्योंकि आरोपियों ने 50-60 फर्जी कंपनियां बनाई थीं, जिनके माध्यम से संदिग्ध लेन-देन किए गए। आरोपियों ने विभिन्न राज्यों के जरूरतमंद लोगों की पहचान का दुरुपयोग किया, जिससे उनका नाम बिना जानकारी के इस्तेमाल हुआ। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपियों ने आपराधिक गतिविधियों के लिए विभिन्न राज्यों के जरूरतमंद लोगों की वास्तविक पहचान का इस्तेमाल किया। कथित तौर पर अगस्त 2024 से जारी इस धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ जब एक पीड़ित ने पुलिस से संपर्क किया, जिसकी पहचान का इस्तेमाल फर्जी कंपनी पंजीकृत कराने के लिए किया गया था। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत लकड़गंज पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। अपराध शाखा के अधिकारियों ने प्रारंभिक जांच शुरू की, जिससे आरोपों की पुष्टि हुई और बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी का खुलासा हुआ।

# भारत-पाक सैन्य संघर्ष हमेशा पारंपरिक दायरे में रहा : मिसरी ने संसदीय समिति से कहा

**नयी दिल्ली :** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने सोमवार को एक संसदीय समिति को बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष हमेशा पारंपरिक दायरे में रहा तथा पड़ोसी देश की ओर से परमाणु (खतरे) का कोई संकेत नहीं दिखा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि मिसरी ने सरकार के इस रुख को दोहराया कि सैन्य कार्रवाई रोकने पर द्विपक्षीय स्तर पर सहमति बनी थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों के बीच संघर्ष को रोकने में अपने प्रशासन की भूमिका होने का दावा किया था। समिति की बैठक में कुछ विपक्षी सदस्यों ने ट्रंप के इस दावे को लेकर भी सवाल उठाया। विदेश मंत्रालय ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता वाली विदेश मामलों की स्थायी समिति के समक्ष एक प्रस्तुति में कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की प्रारंभिक जांच में आतंकवादियों के पाकिस्तान में बैठे उनके आकाओं के साथ 'संपर्क सूत्र' का पता चला है। मंत्रालय ने कहा कि आतंकवाद के पनाहगाह के रूप में पाकिस्तान का 'ट्रैक रिकॉर्ड' अच्छी तरह से स्थापित है, जो ठोस तथ्यों और सबूतों पर आधारित है। विदेश



मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान अपनी धरती पर कुछ व्यक्तियों की हत्याओं के लिए भारत को दोषी ठहराता है, जबकि उसके आरोपों में कोई तथ्य या सबूत नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान का उद्देश्य दोनों देशों के बीच गलत तुलना करना है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी पाकिस्तान में खुलेआम घूमते हैं और भारत के खिलाफ हिंसा भड़काते रहते हैं। सूत्रों ने बताया कि कुछ सांसदों ने पूछा कि क्या पाकिस्तान ने सैन्य संघर्ष में चीनी उपकरणों का इस्तेमाल किया था। मिसरी ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि भारत ने पाकिस्तानी हवाई ठिकानों को तबाह कर दिया। भारत और पाकिस्तान द्वारा शत्रुता समाप्त करने का निर्णय लिए जाने के बाद वाहवाही लूटने के इरादे से ट्रंप द्वारा किए गए कई सोशल मीडिया पोस्ट के बारे में जब विपक्ष के एक सदस्य ने पूछा, तो विदेश सचिव ने चुटकी लेते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने ऐसा करने के लिए उनकी अनुमति नहीं ली थी। विदेश मंत्रालय ने अपनी प्रस्तुति में कहा कि किसी अन्य देश को जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर टिप्पणी करने का 'कोई अधिकार नहीं है', जो भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता के लिए अमेरिका के सुझाव का स्पष्ट खंडन है।

## प्रधानमंत्री मोदी के 29 मई को सिक्किम का दौरा करने की संभावना

**गंगटोक :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 29 मई को सिक्किम की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में भाग लेने के लिए राज्य का दौरा करने की संभावना है। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित यात्रा के बारे में प्रधानमंत्री कार्यालय से अंतिम पुष्टि अभी नहीं मिली है, लेकिन अन्य सभी औपचारिकताएं पूरी की जा चुकी हैं। तमांग ने रविवार को एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, ''उस दिन प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए पलजोर स्टेडियम में करीब एक लाख लोग मौजूद रहेंगे। पहले हमने मनन केंद्र में कार्यक्रम की योजना बनाई थी, लेकिन उस स्थान पर इतनी बड़ी संख्या में लोग जमा नहीं हो सकते,



इसलिए हमने कार्यक्रम स्थल में बदलाव किया।'' उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री पूरे दिल से राज्य का दौरा करना चाहते हैं ताकि इस ऐतिहासिक अवसर पर लोगों को बधाई दे सकें। कमोबेश, इसकी पुष्टि हो गई है। यह राज्य के साथ-साथ देश के लिए भी एक ऐतिहासिक अवसर है, यही वजह है कि प्रधानमंत्री निश्चित रूप से यहां आएंगे।''

## प्रोटोकॉल का पालन करना आवश्यक : धनखड़

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई के विचारों को दोहराते हुए सोमवार को कहा कि प्रोटोकॉल का पालन करना आवश्यक है तथा उन्होंने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की तस्वीरों के बगल में उपराष्ट्रपति की तस्वीर नहीं होने को लेकर दुख जताया। धनखड़ ने कहा कि वह भी



एक तरह से प्रोटोकॉल के ''पीड़ित'' हैं। उन्होंने कहा, ''आपने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की तस्वीर देखी होगी, लेकिन उपराष्ट्रपति की नहीं। अपना कार्यकाल समाप्त होने पर मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि मेरे उत्तराधिकारी की तस्वीर जरूर हो।'' प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) गवई ने रविवार को इस बात को लेकर नाराजगी जताई थी कि महाराष्ट्र के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक या मुंबई पुलिस आयुक्त, शीर्ष न्यायिक पद पर (गवई के) पदोन्नत होने के बाद राज्य के उनके पहले दौरे के दौरान उनका स्वागत करने के लिए मौजूद नहीं थे। उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश के तौर पर 14 मई को शपथ लेने वाले न्यायमूर्ति गवई महाराष्ट्र और गोवा बार काउंसिल द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए मुंबई में थे। उनकी टिप्पणी के कुछ घंटों बाद, जब प्रधान न्यायाधीश गवई समाज सुधारक और संविधान निर्माता को श्रद्धांजलि देने के लिए दादर में बी आर आंबेडकर के महापरिनिर्वाण स्थल चैत्यभूमि गए, तब ये तीनों शीर्ष अधिकारी उस समय मौजूद थे। सोमवार को दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, धनखड़ ने कहा कि आज सुबह उन्हें ''देश में कुछ बहुत ही महत्व-पूर्ण बात याद आई, और यह मेरे बारे में नहीं है... हमें प्रोटोकॉल में विश्वास करना चाहिए।''

## बहुचर्चित अंकिता हत्याकांड की सुनवाई पूरी, 30 मई को आएगा फैसला

**कोटद्वार :** कोटद्वार की एक स्थानीय अदालत में बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले की सुनवाई पूरी हो गई और फैसला 30 मई को सुनाया जाएगा।अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीना नेगी ने सोमवार को बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष के बीच आखिरी बहस सुनी।अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अनुज पुंडीर ने बताया कि दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश ने फैसला सुनाने के लिए 30 मई की तारीख निर्धारित की है।मामले की सुनवाई दो साल और आठ माह चली और इस दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से विवेचना अधिकारी सहित 47 गवाह पेश किए गए। पौड़ी जिले के यमकेश्वर में स्थित वनंत्रा रिजॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम करने वाली 19 वर्षीया अंकिता की 18 सितंबर 2022 को कथित तौर पर रिजॉर्ट संचालक पुलकित आर्य ने अपने दो कर्मचारियों सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता के साथ मिलकर हत्या कर दी थी।अभियोजन पक्ष के अनुसार किसी बात को लेकर अंकिता और पुलकित में विवाद हो गया था जिसके बाद पुलकित ने भास्कर और गुप्ता के साथ मिलकर अंकिता को ऋषिकेश की चीला नहर में कथित तौर पर धक्का दे दिया था। नहर से अंकिता का शव मिलने के बाद पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया था। पुलकित, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तत्कालीन नेता विनोद आर्य का पुत्र है। मामला सामने आते ही पार्टी ने आर्य को बाहर का रास्ता दिखा दिया था।मामले के प्रकाश में आने के बाद स्थानीय लोग सड़क पर उतर गए और लोगों को शांत करने के वास्ते राज्य सरकार को मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल गठित करना पड़ा।

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद असम में 71 'देशद्रोही' गिरफ्तार

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद कथित रूप से ''राष्ट्र-विरोधी'' गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में तीन और लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिससे ऐसे मामलों में राज्य में गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या बढ़कर 71 हो गई है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में शर्मा ने कहा कि कोकराझार, गोलपारा और दक्षिण सलमारा-मनकाचर जिलों से एक-एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा, ''71 देशद्रोही अब सलाखों के पीछे हैं! असम पुलिस डिजिटल माध्यमों पर कड़ी निगरानी रख रही है।'' इससे पहले, विपक्षी दल ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) विधायक अमीनुल इस्लाम को कथित तौर पर पाकिस्तान और पहलगाम आतंकी हमले में उसकी संलिप्तता का ''बचाव'' करने लिए देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। मामले में जमानत मिलने के बाद इस्लाम को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत हिरासत में लिया गया था।

## ओडिशा सरकार ने अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान की प्रक्रिया शुरू की

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने सोमवार को कहा कि सरकार ने राज्य के विभिन्न जिलों में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सरकार ने सभी जिलाधिकारियों, तटीय सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश जारी किए हैं तथा राज्य में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान करने की प्रक्रिया में समन्वय स्थापित करने के लिए एक विशेष कार्य बल का गठन किया है। हरिचंदन ने पत्रकारों से कहा, हमने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध प्रवासियों की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। किसी भी विदेशी नागरिक को ओडिशा में बिना वैध दस्तावेजों के रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। राज्य सरकार के विभिन्न इंजीनियरिंग विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बिना वैध दस्तावेजों के किसी भी बांग्लादेशी या विदेशी नागरिक को काम पर न रखें। सरकार इस मामले में कड़ा रुख अपना रही है।

## भारत में 2020-24 के दौरान हर साल औसतन छह अतिरिक्त गर्म दिन गर्भवती महिलाओं के लिए जोखिम भरे रहे

**नयी दिल्ली :** भारत में पिछले पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष गर्भवती महिलाओं के लिए जोखिम पैदा करने वाले उच्च तापमान के औसतन छह अतिरिक्त दिन दर्ज किये गए। सोमवार को प्रकाशित एक नये अध्ययन रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। अमेरिकी वैज्ञानिकों के एक स्वतंत्र समूह 'क्लाइमेट सेंट्रल' द्वारा किये गए अध्ययन में कहा गया है कि 90 प्रतिशत देशों और क्षेत्रों में ऐसे दिनों की संख्या दोगुनी हो गई है। अध्ययन के तहत, शोधकर्ताओं ने 247 देशों और क्षेत्रों तथा 940 शहरों में 2020 से 2024 तक दैनिक तापमान का विश्लेषण किया, ताकि ''गर्भावस्था के दौरान गर्मी के जोखिम वाले दिनों'' में वृद्धि का पता लगाया जा सके -- अत्यधिक गर्म दिन, जो समय पूर्व जन्म और मातृ स्वास्थ्य समस्याओं के उच्च जोखिम से जुड़े हैं। शोधकर्ताओं ने कहा कि इस अवधि के दौरान भारत में गर्भावस्था के लिए जोखिम पैदा करने वाले हर साल अतिरिक्त छह दिन दर्ज किये गए। अध्ययन में कहा गया है कि जलवायु परिवर्तन ने 2020-2024 के दौरान भारत में गर्भावस्था के लिए जोखिम वाले गर्म दिनों की औसत वार्षिक संख्या में लगभग एक तिहाई योगदान दिया, जिससे कुल 19 दिनों में छह दिन और बढ़ गया। सिक्किम में, जलवायु परिवर्तन से जुड़े ऐसे दिनों की संख्या सबसे अधिक 32 रही। गोवा और केरल में क्रमशः 24 और 18 अतिरिक्त दिन दर्ज किये गए। विश्लेषण किये गए शहरों में, पणजी में पिछले पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष ऐसे अतिरिक्त दिनों की औसत संख्या सबसे अधिक (39) रही। इसके बाद, तिरुवनंतपुरम (36) का स्थान है। मुंबई में 2020-2024 के दौरान जलवायु परिवर्तन के कारण ऐसे 26 अतिरिक्त दिन दर्ज किए गए।

## उत्तराखंड में छह बांग्लादेशी और उनकी सहायता करने वाले दो भारतीय गिरफ्तार

**देहरादून :** उत्तराखंड में घुसपैठियों की पहचान के लिए जारी सत्यापन अभियान के तहत पुलिस ने देहरादून और हरिद्वार में अवैध रूप से रह रहे छह बांग्लादेशियों तथा उनकी सहायता करने वाले दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय सिंह बिष्ट ने यहां बताया कि एक गोपनीय सूचना के आधार पर विशेष अभियान समूह (एसओजी), स्थानीय अभिसूचना इकाई व क्लेमन्टटाउन थाने से एक संयुक्त टीम ने शनिवार को की गयी कार्रवाई के दौरान क्लेमन्टटाउन क्षेत्र में पोस्ट ऑफिस रोड पर लेन नंबर 11 में रह रहे पांच बांग्लादेशी नागरिकों के पास वैध दस्तावेज नहीं पाए जाने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस टीम को बांग्लादेशी नागरिक निर्मल राय (35), शेम राय (33) उसकी पत्नी लिपि राय (27), मुनीर चन्द्र राय उर्फ उज्ज्वल (30), मुनीर का भांजा कृष्णा उर्फ संतोष (28) तथा उनके साथ मौजूद चार नाबालिग बांग्लादेशी बच्चों के अलावा उनके साथ रह रही एक भारतीय महिला पूजा रानी (28) व एक भारतीय नाबालिग बच्चा मिला।

## भारत में कोविड-19 की स्थिति नियंत्रण में

**नयी दिल्ली :** भारत में स्वास्थ्य अधिकारी सिंगापुर और हांगकांग में कोविड मामलों में वृद्धि की खबरों पर नजर रख रहे हैं। हालांकि, आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को दावा किया कि देश में कोरोना वायरस संबंधी मौजूदा स्थिति नियंत्रण में है। स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक की अध्यक्षता में सोमवार को राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, आपात चिकित्सा राहत प्रभाग, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और केंद्र सरकार के अस्प-तालों के विशेषज्ञों की समीक्षा बैठक हुई।इस संबंध में एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, बैठक में निष्कर्ष निकला कि भारत में वर्तमान कोविड-19 स्थिति नियंत्रण में है। 19 मई तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार भारत में कोविड-19 के पुष्ट मामलों की मौजूदा संख्या 257 है, जो देश की बड़ी आबादी को देखते हुए बहुत कम है।सूत्रों ने कहा, इनमें से लगभग सभी मामले मामूली हैं, जिनमें अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं है।अस्पतालों को इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियों और श्वसन संक्रमण के गंभीर मामलों की निगरानी करने के लिए कहा गया है। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय स्थिति की बारीकी से निगरानी करने में सतर्क व सक्रिय है और यह सुनिश्चित कर रहा है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए उचित उपाय किए जाएं।

### शिल्पा शिरोडकर हुईं कोरोना वायरस से संक्रमित, लोगों से मास्क पहनने की अपील की

**नयी दिल्ली :** अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर ने सोमवार को कहा कि कोविड-19 की जांच में उनके संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। उन्होंने ''बेवफा सनम'', ''खुदा गवाह'' और ''गोपी किशन'' जैसी फिल्मों में काम किया था। उन्होंने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर अपने प्रशंसकों और फॉलोअर के साथ अपने स्वास्थ्य की जानकारी साझा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, ''नमस्ते दोस्तों! मेरा कोविड टेस्ट पॉजिटिव आया है। सुरक्षित रहें और मास्क पहनें!'' शिरोडकर की छोटी बहन नम्रता शिरोडकर ने उनके पोस्ट पर ''जल्द ठीक हो जाएं'' टिप्पणी की। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और निकी अनेजा वालिया ने भी शिल्पा के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। शिल्पा हाल में रियलिटी शो ''बिग बॉस'' के 18वें संस्करण में नजर आई थीं।



## गुजरात के मंत्री का एक और बेटा 71 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले में गिरफ्तार

**दाहोद (गुजरात) :** गुजरात के मंत्री बच्चूभाई खाबड़ के बेटे किरण को 71 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले के सिलसिले में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस मामले में किरण के बड़े भाई बलवंत को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपाधीक्षक और मामले के जांच अधिकारी (आईओ) जगदीशसिंह भंडारी ने सोमवार को बताया कि किरण के साथ तीन और लोगों को गिरफ्तार किया गया है, और इसके साथ ही मामले में गिरफ्तार किये गए लोगों की कुल संख्या 11 हो गई है। पूर्व में गिरफ्तार किये गए सात लोगों में मंत्री का बड़ा बेटा बलवंत भी शामिल है। भंडारी ने बताया, ''सोमवार को पुलिस ने मंत्री के छोटे



बेटे किरण और दो सहायक कार्यक्रम पदाधिकारियों (एपीओ) को गिरफ्तार किया।'' किरण पूर्व तालुका विकास अधिकारी है। पुलिस के अनुसार, आरोपी धोखाधड़ी की एक योजना में शामिल थे, जिसमें कई अनुबंधित एजेंसियों ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज-गार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत आवंटित कार्य को पूरा किये बिना या आवश्यक सामग्री की आपूर्ति किये बिना सरकार से भुगतान प्राप्त किया। इस घोटाले में कथित तौर पर 35 एजेंसी मालिक शामिल हैं, जिन्होंने मनरेगा के तहत भुगतान का दावा करने के लिए फर्जी कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र और जाली दस्तावेज जमा कर 2021 और 2024 के बीच 71 करोड़ रुपये हड़पने के वास्ते सरकारी अधिकारियों के साथ मिलीभगत की। देवगढ़ बारिया निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले मंत्री बच्चूभाई खाबड़ वर्तमान में पंचायत और कृषि राज्य मंत्री हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि मंत्री के बेटे, बलवंत और किरण, आदिवासी बहुल क्षेत्र दाहोद जिले के देवगढ़ बारिया और धनपुर तालुका में किये गए धोखाधड़ी वाले मनरेगा परियोजनाओं में शामिल एजेंसियों के मालिक हैं।

## शीर्ष अदालत ने कर्नल सोफिया पर टिप्पणी के लिए मध्यप्रदेश के मंत्री को फटकार लगाई, एसआईटी जांच के आदेश

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह को सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ की गई उनकी असभ्य टिप्पणी के लिए सोमवार को फटकार लगाई और



उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी की जांच के लिए तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मंत्री की माफी को खारिज कर दिया और कहा कि यह केवल कानूनी नतीजों से बचने की कोशिश है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, ''इन टिप्पणियों के कारण पूरा देश शर्मसार है... हमने आपके वीडियो देखे, आप बहुत घटिया भाषा का इस्तेमाल करने वाले थे, लेकिन किसी तरह से आपकी समझ कुछ काम कर गई या आपको शब्द नहीं मिले। आपको शर्म आनी चाहिए। पूरा देश हमारी सेना पर गर्व करता है और आपने ऐसा बयान दिया।'' मंत्री की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह और विभा दत्त मखीजा ने दलील दी कि उन्होंने सचमुच खेद व्यक्त किया है और वह दोबारा ऐसा करने के लिए तैयार नहीं हैं। पीठ ने कहा वह माफी क्या है। आपने जो माफी मांगी है वो कहां है? क्या हम आपको वीडियो दिखाएं कि किस तरह की माफ़ी मांगी गई... 'माफी' शब्द का कुछ मतलब होता है।'' पीठ ने सिंह से कहा, कभी-कभी लोग बहुत विनम्र भाषा का इस्तेमाल करते हैं और कानूनी परिणामों से बचने के लिए वे बहुत ही कृत्रिम प्रकार की माफी मांगते हैं और कभी-कभी लोग मगरमच्छ के आंसू भी बहाते हैं। इसलिए, आपका मामला किस श्रेणी में आता है। हम जानना चाहेंगे। पीठ ने कहा कि मंत्री ने लोगों की भावनाओं को बेरहमी से ठेस पहुंचाई है और कहा, आपने जिस तरह की घटिया टिप्पणियां की हैं, वह पूरी तरह से बिना सोचे समझे की हैं। आपने 12 मई को बयान दिया था और आज 19 मई है। तो आपको ईमानदारी से प्रयास करने से किसने रोका है। हमें इस माफी की आवश्यकता नहीं है पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह और विवेक तन्खा को हस्तक्षेपकर्ताओं की ओर से कोई दलील पेश करने की अनुमति नहीं दी और कहा कि अदालत मामले का राजनीतिकरण नहीं करना चाहती।

## 'ट्रेन टिकट पर ऑपरेशन सिंदूर के नायकों को सलाम करती प्रधानमंत्री की तस्वीर, सैनिकों का सम्मान'

**नयी दिल्ली :** ट्रेन टिकटों पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के नायकों को सलाम करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीर का इस्तेमाल सैनिकों की वीरता के सम्मान के लिए है। रेल मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि टिकटों पर प्रधानमंत्री की तस्वीर का उपयोग करने के अलावा, सभी मंडल और जोन रेलवे स्टेशनों पर विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन करके ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया गया है। रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, माननीय प्रधानमंत्री ऑपरेशन सिंदूर के नायकों को सलाम कर रहे हैं और इसकी सफलता का जश्न मना रहे हैं। कुमार से उन टिकटों के बारे में पूछा गया जिन पर प्रधानमंत्री मोदी को सलामी देते हुए दिखाया गया है और ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख है। इस पर कुमार ने कहा, ''देश भर के प्रमुख स्टेशनों को तिरंगे से खूबसूरती से सजाया गया था। कई डिवीजन में स्कूली बच्चों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' विषय पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिताओं में भाग लिया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि नई दिल्ली जैसे कुछ स्टेशनों पर बेंचों को न केवल वर्दी के रंग में रंगा गया है, बल्कि उन्हें विशेष रूप से सैन्यकर्मियों के लिए आरक्षित भी किया गया है।

## केंद्र ने सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के खिलाफ तुर्किये की कंपनी की याचिका का अदालत में विरोध किया

**नयी दिल्ली :** केंद्र ने दिल्ली उच्च न्यायालय में विमानन नियामक बीसीएएस द्वारा सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के फैसले के खिलाफ तुर्किये की कंपनी सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और एक अन्य कंपनी की याचिका का सोमवार को विरोध किया।केन्द्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति सचिन दत्ता से कहा कि यह निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में लिया गया है, क्योंकि ऐसी कुछ सूचनाएं मिली थीं कि वर्तमान स्थिति में याचिकाकर्ता कम्पनियों की सेवाएं जारी रखना खतरनाक होगा। तुर्किये द्वारा पाकिस्तान का समर्थन किये जाने तथा पड़ोसी देश में आतंकी ढांचों पर भारत के हमलों की निंदा किये जाने के कुछ दिनों बाद नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने इन कम्पनियों की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और सेलेबी दिल्ली कार्गो टर्मिनल मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड क्रमशः ग्राउंड हैंडलिंग और कार्गो टर्मिनल कार्यों की देखरेख कर रहे थे। मेहता ने कहा, मैं कह रहा हूं कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा है और (मंजूरी रद्द करने का) आदेश उसी को प्रतिबिंबित करता है। वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कंपनी की ओर से दलील दी कि यह निर्णय सार्वजनिक धारणा के कारण लिया गया, जो इसका आधार नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मंजूरी सुनवाई का मौका दिए बिना या कारण बताए बगैर रद्द कर दी गई। रोहतगी ने कहा, मुझे लगता है कि यह तुर्किये के नागरिकों के कंपनी में शेयरधारक होने के चलते सार्वजनिक धारणा के कारण किया गया है। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता 14,000 कर्मचारियों के साथ 17 वर्षों से काम कर रहा है।

## आतंकवाद पर भारत के वैश्विक संपर्क प्रयासों में स्थानीय स्तर की राजनीति न लाएं : पवार ने राउत से कहा

**पुणे :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने सोमवार को संजय राउत को एक तरह से आड़े हाथों लेते हुए उन्हें भारत के वैश्विक संपर्क प्रयासों में ''स्थानीय स्तर की राजनीति'' नहीं लाने की सलाह दी। दरअसल शिव-सेना (उबाठा) नेता संजय राउत ने एक दिन पहले विभिन्न देशों में प्रतिनिधिमंडल भेजने के केंद्र के कदम का बहिष्कार करने का आह्वान किया था। पवार ने याद दिलाया कि वह पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव द्वारा भाजपा नेता अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र में भेजे गए प्रतिनिधिमंडल के सदस्य थे। पूर्व रक्षा मंत्री ने बारामती में संवाददाताओं से कहा, '' जब



अंतरराष्ट्रीय मुद्दे सामने आते हैं तो पार्टी स्तर की राजनीति नहीं करनी चाहिए। आज केंद्र ने कुछ प्रतिनिधिमंडल गठित किए हैं और उन्हें कुछ देशों में जाकर पहलगाम हमले पर भारत के रुख और उसके बाद पाकिस्तान की ओर से की गई गतिविधियों के बारे में जानकारी देने का काम सौंपा गया है।'' दरअसल राउत ने रविवार को कहा था कि विपक्षी गुट 'इंडिया' के घटक दलों को विभिन्न देशों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने के केंद्र सरकार के कदम का बहिष्कार करना चाहिए। राउत ने दावा किया कि वे सरकार के ''पापों और अपराधों'' का बचाव करेंगे। पवार ने कहा कि राउत को अपनी राय रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा, ''लेकिन उनकी पार्टी (शिवसेना-उबाठा) का एक सदस्य प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा है। मुझे लगता है कि स्थानीय स्तर की राजनीति को इस मुद्दे में नहीं लाया जाना चाहिए।'' महाराष्ट्र में विपक्षी दल महा विकास आघाडी (एमवीए) में शिवसेना (उबाठा), कांग्रेस और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) शामिल हैं। राकांपा (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष और बारामती से सांसद सुप्रिया सुले ऐसे एक प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं जिसमें उनके साथ शिवसेना (उबाठा) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी हैं। प्रस्तावित पुरंदर हवाई अड्डे के लिए कुछ किसानों द्वारा अपनी जमीन देने से इनकार किए जाने के बारे में पूछे जाने पर पवार ने कहा कि वह क्षेत्र के स्थानीय प्रतिनिधियों की बैठक बुलाकर इस मुद्दे को सुलझाने का प्रयास करेंगे।

## ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने संसदीय क्षेत्र में डाकघर की सफाई के लिए झाड़ू उठाई



**ग्वालियर :** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को मध्यप्रदेश में गुना के पास एक डाकघर का औचक निरीक्षण किया और इस दौरान वहां गंदगी देख हाथों में झाड़ू थाम सफाई शुरू कर दी, जिससे सभी हैरान रह गए। गुना के सांसद शिवपुरी-अशोकनगर क्षेत्र के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। सिंधिया ने गुना से लगभग 65 किलोमीटर दूर स्थित ईसागढ़ डाकघर का दौरा किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि परिसर में गंदगी और अव्यवस्थित स्थिति को देखकर उन्होंने कर्मचारियों से सफाई के तरीकों के बारे में जवाब मांगा।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जब उन्हें संतोषजनक प्रतिक्रिया नहीं मिली तो सिंधिया ने झाड़ू मांगी और परिसर की सफाई शुरू कर दी।उन्होंने कार्यालय के चारों ओर बिखरे सामानों को भी व्यवस्थित किया।

# सनराइजर्स से छह विकेट की हार के साथ एलएसजी प्लेऑफ से बाहर



**लखनऊ :** सनराइजर्स हैदराबाद ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को छह विकेट से हरा दिया और उन्हें प्लेऑफ की दौड़ से बाहर कर दिया। इस तरह ऋषभ पंत के नेतृत्व वाली टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली पांचवीं टीम बन गई। सोमवार को खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 205 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद ने 18.2 ओवर में चार विकेट गंवाकर 206 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। उनके लिए अभिषेक शर्मा ने सर्वाधिक 59 रन बनाए। वहीं, लखनऊ के लिए दिग्वेश राठी ने दो विकेट लिए जबकि विलियम ओरुर्के और शार्दुल ठाकुर को एक-एक सफलता मिली।

**हैदराबाद की पारी**

लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत इस मैच में झटके के साथ हुई थी। अथर्व ताइडे 13 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद अभिषेक शर्मा ने ईशान किशन के साथ पारी को संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 35 गेंदों में 82 रनों की साझेदारी हुई। अभिषेक 20 गेंदों में 59 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें दिग्वेश राठी ने शार्दुल ठाकुर के हाथों कैच कराया। इसके बाद ईशान किशन को हेनरिक क्लासेन का साथ मिला। दोनों ने कुछ अच्छे शॉट्स खेले और 41 रन जोड़े। किशन 28 गेंदों में 35 रन बनाकर आउट हो गए जबकि क्लासेन 47 रनों की पारी खेलकर पवेलियन लौटे। वहीं, कामिंदु मेंडिस 32 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए। उन्हें हैमस्ट्रिंग से जूझते देखा गया। अनिकेत वर्मा और नीतीश कुमार रेड्डी पांच-पांच रन बनाकर नाबाद रहे।

**लखनऊ की पारी**

इससे पहले मिचेल मार्श और एडेन मार्करम ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ को शानदार शुरुआत दिलाई थी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 115 रनों की साझेदारी हुई जिसे हर्ष दुबे ने तोड़ा। उन्हें मार्श को अपना शिकार बनाया जो 39 गेंदों में 65 रन बनाकर पवेलियन लौटे। वहीं, हर्षल पटेल ने मार्करम को बोल्ड किया। वह 38 गेंदों में 61 रन बनाकर आउट हुए। दोनों ने अपने करियर का पांचवां अर्धशतक लगाया। लखनऊ के लिए निकोलस पूरन ने 45 रन बनाए जबकि कप्तान ऋषभ पंत का बल्ला एक बार फिर खामोश रहा। उन्होंने सिर्फ सात रन बनाए। आयुष बडोनी, तीन, अब्दुल समद तीन, शार्दुल ठाकुर चार रन बनाकर आउट हुए। वहीं, आकाश दीप छह और रवि बिश्नोई खाता खोले बिना नाबाद रहे। हैदराबाद के लिए ईशान मलिंगा ने दो और हर्ष दुबे, हर्षल पटेल तथा नीतीश कुमार रेड्डी ने एक-एक विकेट चटकाया।

## 'खेलो इंडिया बीच गेम्स' से भारतीय खेलों में नया अध्याय जुड़ा: प्रधानमंत्री मोदी



**दीव :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को खेलों की 'परिवर्तनकारी शक्ति' की सराहना की और 'खेलो इंडिया बीच गेम्स (तटीय खेल)' को देश के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण बताया। खेलो इंडिया के तहत पहली बार आयोजित हो रहे इन खेलों की औपचारिक घोषणा सोमवार को खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने घोघला बीच पर एक रंगारंग समारोह में की। मोदी ने इन खेलों की भारतीय खेल कैलेंडर में अहम जगह बनाने की उम्मीद जताते हुए खेलों के आयोजकों को बधाई दी और शुभकामनाएं दीं। मोदी ने अपने संदेश में कहा, ''हमारे जैसे विविधतापूर्ण देश में खेलों में हमेशा एक अनूठी शक्ति रही है जो संस्कृतियों, क्षेत्रों और भाषाओं को जोड़ती है।'' उन्होंने कहा, ''खेलों की जीवंत ऊर्जा मनोरंजन से परे है और यह एक परिवर्तनकारी शक्ति बन गई है, जो राष्ट्रीय गौरव और हमारे युवाओं की आकांक्षाओं का प्रतीक है।'' उन्होंने कहा, ''इस संदर्भ में 'खेलो इंडिया बीच गेम्स (केआईबीजी)' का अधिक महत्व है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि उद्घाटन केआईबीजी के लिए दीव को चुना जाना 'उचित' है। उन्होंने कहा, ''सूर्य, रेत और पानी का यह संगम शारीरिक चुनौती को बढ़ाता है और साथ ही हमारी तटीय विरासत का जश्न मनाता है। जब लहरें तटों से टकराएंगी और एथलीट प्रतिस्पर्धा करेंगे, तो भारत खेलों में एक नया अध्याय लिखेगा।'' केआईबीजी में 30 से अधिक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1,350 से अधिक एथलीट प्रतिस्पर्धा करेंगे। एथलीट छह पदक खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। इसमें फुटबॉल, वॉलीबॉल, सेपकटकरा, कबड्डी, पेनकैक सिलाट और खुले पानी में तैराकी शामिल है। इन खेलों में मल्लखंब और रस्साकशी को प्रदर्शन खेल (गैर-पदक) के तौर पर शामिल किया गया है। उद्घाटन समारोह में पारंपरिक नृत्य शैलियों के माध्यम से भारत की समृद्ध विविधता को प्रदर्शित किया गया। इसमें दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव और लक्षद्वीप के प्रशासक प्रफुल्ल पटेल, पुडुचेरी के उपराज्यपाल के. कैलाशनाथ और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। मांडविया ने 2047 तक भारत को खेल महाशक्ति बनाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा, ''आज हम न केवल एक खेल आयोजन का उद्घाटन कर रहे हैं, बल्कि हम भारत की पहली समुद्र तटीय खेल क्रांति की शुरुआत कर रहे हैं। मेरा मानना है कि जहां लहरें हैं, वहां जुनून होना चाहिए; जहां रेत है, वहां उत्साह और जोश होना चाहिये। 'खेलो इंडिया बीच गेम्स' ने आज हम सभी के दिलों में वही उत्साह जगा दी है।''

## गोरखपुर में 236 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होगा उप्र का चौथा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में 236 करोड़ रुपये की लागत से राज्य का चौथा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम तैयार होगा। सोमवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया कि उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकार ने अब प्रदेश में चौथे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण की तैयारी तेज कर दी है। आईसीसी समेत विभिन्न वैश्विक संस्थाओं के मानकों के अनुसार इसमें दो मंजिला स्टेडियम का निर्माण होगा। इसमें सात मुख्य पिच व चार अभ्यास पिच होंगी तथा यह 30 हजार दर्शकों की क्षमता युक्त होगा। प्रदेश में फिलहाल कानपुर व लखनऊ के स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों का आयोजन होता है, वहीं वाराणसी में निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'ड्रीम प्रोजेक्ट्स' में शुमार गोरखपुर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण व विकास कार्यों को भी धरातल पर उतारने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नियोजन विभाग द्वारा इस विषय में एक विस्तृत खाका तैयार किया गया है। कार्ययोजना के अनुसार, गोरखपुर के ताल नदौर में 236.40 करोड़ रुपये खर्च कर 50 एकड़ भूमि पर 18 महीनों में निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। गोरखपुर में बनने वाले इस अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के मुख्य परिसर का निर्माण 45 एकड़ में होगा जबकि पांच एकड़ में अन्य सुविधाओं का विकास होगा।

## प्रतिष्ठा बचाने के लिए भिड़ेंगे सुपरकिंग्स और रॉयल्स

**नयी दिल्ली :** प्ले ऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकीं और अंतिम दो स्थान पर चल रही चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग में आपस में भिड़ेंगी जो उनकी नजरें इस मुकाबले को जीतकर अपनी प्रतिष्ठा बचाने पर टिकी होंगी। मंगलवार का मैच रॉयल्स के लिए 2025 सत्र का आखिरी मैच है। टीम के पास इस सत्र में वैभव सूर्यवंशी के रूप में असाधारण प्रतिभा खोजने के अलावा दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है। नीलामी में खराब गेंदबाजी विकल्प चुनने का जयपुर की टीम को सबसे अधिक नुकसान हुआ है और इसके अलावा उसके मध्य क्रम का प्रदर्शन भी प्रभावशाली नहीं रहा। रॉयल्स की टीम अगर 10 टीम की तालिका में नौवें स्थान पर हैं तो इसका मुख्य कारण उनके गेंदबाजों का औसत प्रदर्शन और शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर अत्यधिक निर्भरता है। जोस बटलर को टीम से जाने देने और जोफ्रा आर्चर के खराब प्रदर्शन के कारण रॉयल्स के सामने कई चुनौतियां रहीं। विपक्षी टीम को दबाव में डालने की क्षमता रखने वाले एक अच्छे भारतीय गेंदबाज की कमी भी टीम की बड़ी कमजोरी रही है। सुपरकिंग्स को राहुल त्रिपाठी और दीपक हुड्डा से बहुत ज्यादा उम्मीदें थी। भारत के लिए खेलने के अनुभव ने उन्हें फ्रेंचाइजी के साथ अनुबंध दिलाया होगा लेकिन वे दबाव की स्थिति में लगातार मैच जीतने वाला प्रदर्शन नहीं कर पाए। आयुष म्हात्रे, शेख रशीद और उर्विल पटेल जैसे युवा खिलाड़ियों के आने से टीम के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बीस वर्षीय म्हात्रे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ शतक लगाने के करीब पहुंचे और सनराइजर्स हैदराबाद तथा मुंबई इंडियन्स के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन किया।

## एशिया कप से भारत के हटने की खबर अटकलबाजी है: बीसीसीआई सचिव सैकिया

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को उस खबर को 'अटकलबाजी और काल्पनिक' करार दिया जिसमें दावा किया गया है कि उसने पुरुष एशिया कप और महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप से हटने का फैसला किया है। सूत्रों के हवाले से एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि बीसीसीआई भारतीय टीमों को एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की दो प्रतियोगिताओं में ऐसे समय में प्रतिस्पर्धा नहीं करने देगा जब इस क्रिकेट संस्था का नेतृत्व एक पाकिस्तानी कर रहा है और कुछ ही दिन पहले दोनों पड़ोसी देशों के बीच सैन्य संघर्ष हुआ था। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के भी अध्यक्ष हैं और एसीसी के अध्यक्ष का पद भी संभालते हैं। गत चैंपियन भारत सितंबर में टी20 प्रारूप में खेले जाने वाले पुरुष एशिया कप की मेजबानी करेगा जबकि श्रीलंका को महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप आवंटित किया गया है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने 'पीटीआई' से कहा, ''आज सुबह से ही हमें कुछ ऐसी खबरों की जानकारी मिली है कि बीसीसीआई ने एशिया कप और महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। ये दोनों ही एसीसी प्रतियोगिताएं हैं। ऐसी खबरों में कोई सच्चाई नहीं है क्योंकि अभी तक बीसीसीआई ने एसीसी की आगामी प्रतियोगिताओं के बारे में कोई चर्चा या कोई कदम नहीं उठाया है, एसीसी को कुछ भी लिखना तो दूर की बात है।''

### सौरभ तिवारी और शाहबाज नदीम जेएससीए के सचिव और संयुक्त सचिव चुने गए

**रांची :** भारत के पूर्व क्रिकेटर सौरभ तिवारी और शाहबाज नदीम को झारखंड राज्य क्रिकेट संघ का क्रमशः सचिव और संयुक्त सचिव चुना गया है। बाएं हाथ के बल्लेबाज तिवारी और बाएं हाथ के स्पिनर नदीम दोनों ने 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। पैंतीस साल के तिवारी ने 2010 में विशाखापत्तनम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पदार्पण करने के बाद भारत के लिए तीन एकदिवसीय मैच खेले, जबकि 35 वर्षीय नदीम ने 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पदार्पण के बाद देश के लिए दो टेस्ट खेले हैं। नयी कमेटी के लिए हुए चुनाव में तिवारी ने अपने प्रतिद्वंद्वी एसबी सिंह को 438-194 से हराया।



### एसबीआई ने एफडी पर ब्याज दर में 0.20 प्रतिशत की कटौती की

**नयी दिल्ली :** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 16 मई से सभी परिपक्वता अवधियों के लिए सावधि जमा (एफडी) की ब्याज दरों में 0.20 प्रतिशत की कटौती कर दी है। एसबीआई की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना के मुताबिक, तीन करोड़ रुपये से कम राशि की खुदरा घरेलू सावधि जमा पर ब्याज दरों में कटौती आम जनता के साथ वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी लागू है। दो साल से लेकर तीन साल से कम की एफडी पर निवेशकों को अधिकतम 6.7 प्रतिशत ब्याज मिलेगा जबकि तीन साल से लेकर पांच साल से कम की अवधि वाली जमा पर 16 मई से 6.55 प्रतिशत ब्याज मिल रहा है।

### सोना 580 रुपये चढ़ा, चांदी में 500 रुपये की तेजी

नयी दिल्ली : अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 580 रुपये बढ़कर 97,030 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इसी के साथ सोमवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 580 रुपये बढ़कर 96,580 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। इससे पहले के कारोबारी सत्र में यह 96,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, ''इसी समय, अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल 4.5 प्रतिशत के करीब पहुंच रहा है, जो शुक्रवार को आई तेजी को और बढ़ा रहा है, जबकि रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अमेरिकी क्रेडिट रेटिंग को 'एएए' से घटाकर एए1 कर दिया है।'' मेहता ने कहा कि इस कदम से सोने में दिलचस्पी फिर से बढ़ गई है, क्योंकि निवेशक अमेरिकी 'ट्रेजरी बिलों' में निवेश कम कर रहे हैं और सुरक्षित निवेश की तलाश कर रहे हैं।

# सेबी ने भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को 2.1 करोड़ रुपये का नोटिस भेजा



**नयी दिल्ली :** बाजार नियामक सेबी ने भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को गीतांजलि जेम्स लि. के शेयरों में भेदिया कारोबार नियमों के उल्लंघन के मामले में 2.1 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए नोटिस भेजा है। नियामक ने 15 दिन के भीतर भुगतान करने में विफल रहने पर संपत्ति के साथ-साथ बैंक खाते भी कुर्क करने की चेतावनी दी है। चोकसी के जनवरी, 2022 में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा लगाए गए जुर्माने का भुगतान करने में विफल रहने के बाद यह मांग नोटिस भेजा गया है। गीतांजलि जेम्स के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक होने के साथ-साथ प्रवर्तक समूह का हिस्सा रहे चोकसी, नीरव मोदी के मामा हैं। दोनों पर सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) से 14,000 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोप है। पीएनबी घोटाला 2018 की शुरुआत में सामने आने के बाद चोकसी और मोदी भारत से फरार हो गये थे। पिछले महीने, भारतीय जांच एजेंसियों के प्रत्यर्पण अनुरोध के बाद चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया था। पिछले साल वह इलाज के लिए बेल्जियम गया था। वह भारत छोड़ने के बाद 2018 से एंटीगुआ में रह रहा था। मोदी को मार्च, 2019 में स्कॉटलैंड यार्ड पुलिस ने गिरफ्तार किया था और फिलहाल वह वहीं जेल में बंद है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 15 मई को जारी ताजा नोटिस में चोकसी को 15 दिन के भीतर 2.1 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया। इसमें 1.5 करोड़ रुपये का जुर्माना और 60 लाख रुपये का ब्याज शामिल है। नियामक ने कहा कि बकाया राशि का भुगतान नहीं करने की स्थिति में वह उसकी चल-अचल संपत्तियों को कुर्क करके और बेचकर राशि वसूल करेगा। इसके अलावा चोकसी के बैंक खाते भी कुर्क किए जा सकते हैं और उसे गिरफ्तार भी किया जा सकता है। सेबी ने जनवरी, 2022 में पारित अपने आदेश में चोकसी पर 1.5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया और उसे एक साल के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया।

## भारत को वैश्विक 'खाद्य टोकरी' बनाने में बिहार की अहम भूमिका होगी: चिराग पासवान



**पटना :** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने 'विकसित बिहार' के संकल्प को 'विकसित भारत' से अभिन्न बताते हुए सोमवार को कहा कि राज्य की उपजाऊ भूमि और उद्यमशीलता की भावना भारत को वैश्विक 'खाद्य टोकरी' के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। पासवान ने यहां दो-दिवसीय 'अंतरराष्ट्रीय क्रेता विक्रेता सम्मेलन' (आईबीएसएम) का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन केवल एक व्यापारिक आयोजन न होकर ग्रामीण समृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''हमारी संकल्पना है कि बिहार के युवा नौकरी तलाशने की जगह नौकरी देने वाले बनें। हम सुनिश्चित करेंगे कि सरकार द्वारा हर निवेशक को पूरी सुविधा मिले।'' खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय इस सम्मेलन का आयोजन कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा), भारतीय व्यापार संवर्धन परिषद (टीपीसीआई) और बिहार सरकार के साथ मिलकर कर रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य खाद्य और संबद्ध क्षेत्रों के प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाना है ताकि व्यापार को बढ़ावा दिया जा सके, निर्यात को मजबूत किया जा सके और बिहार की कृषि-खाद्य क्षमता को उजागर किया जा सके। पासवान ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को संगठित बनाने की योजना पीएमएफएमई के तहत बिहार में सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को 624.42 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड 10,270 ऋण स्वीकृत किए गए जो देश में किसी भी राज्य के लिए सबसे अधिक है।

## वर्ष 2024 में 12,000 करोड़ रुपये का यातायात जुर्माना, 9,000 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं: कार्स24



**नयी दिल्ली :** वाहन प्रौद्योगिकी कंपनी कार्स24 की 'चालान रिपोर्ट' के अनुसार भारत में 2024 में 12,000 करोड़ रुपये का यातायात जुर्माना किया गया, जिसमें से 9,000 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया गया। वर्ष 2024 में कुल आठ करोड़ चालान जारी किए गए और सड़क पर लगभग हर दूसरे वाहन पर कम से कम एक बार जुर्माना लगाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि गुरुग्राम में प्रतिदिन लगभग 4,500 चालान किए गए, जबकि नोएडा में केवल हेलमेट न लगाने के लिए एक महीने में तीन लाख रुपये से अधिक के चालान किए गए। कार्स24 ने बयान में कहा, ''सख्त नियमों के बावजूद कानून को लागू करना कठिन हो रहा है और गैर-अनुपालन में लगातार वृद्धि हो रही है। आंकड़े एक ऐसी प्रणाली की ओर इशारा करते हैं, जहां जुर्माना कागजों पर मौजूद हैं, लेकिन रोकथाम कमजोर है। कुल 12,000 करोड़ रुपये का जुर्माना सिर्फ एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह दर्शाता है कि देश भर में कितनी बार और कितनी आसानी से यातायात नियमों का उल्लंघन किया जाता है।'' कार्स24 ने अपने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि उसका निष्कर्ष इस मिथक को भी गलत साबित करता है कि वाहन चालक का एक वर्ग दूसरे की तुलना में कानून का ज्यादा पालन करता है। इसमें कहा गया कि 55 प्रतिशत चालान चार पहिया वाहनों के थे, जबकि बाकी 45 प्रतिशत चालान दोपहिया वाहनों के हुए।

### किसान समूहों ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने के सरकार के कदम का समर्थन किया

**नयी दिल्ली :** पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और राजस्थान के किसान संगठनों के एक समूह ने सोमवार को सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को स्थगित करने के सरकार के फैसले का समर्थन किया। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ यहां बातचीत के दौरान संयुक्त किसान मोर्चा, भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू-गैर-राजनीतिक) के प्रतिनिधियों और अन्य किसान नेताओं ने इसे 'ऐतिहासिक फैसला' करार दिया और कहा कि किसान समुदाय इस मुद्दे पर सरकार के साथ खड़ा है। चौहान ने कहा, ''संधि को स्थगित रखने का फैसला देश और किसानों के हित में है। ...सिंधु नदी के पानी का कृषि और अन्य उद्देश्यों के लिए उपयोग करने के लिए एक व्यापक योजना बनाई जाएगी।'' उन्होंने विशेषज्ञों के विरोध के बावजूद संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की आलोचना की।

### बिटकॉइन कारोबार पर केंद्र 'स्पष्ट' नीति लेकर क्यों नहीं आती: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को केंद्र सरकार से पूछा कि अर्थव्यवस्था पर क्रिप्टोकरेंसी के प्रभाव को देखते हुए इसके विनियमन के लिए 'स्पष्ट' नीति क्यों नहीं बनाई जा सकती है। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने क्रिप्टोकरेंसी (आभासी मुद्रा) बिटकॉइन में कारोबार को 'हवाला' कारोबार की ही तरह अवैध व्यापार करार दिया। पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा, ''केंद्र क्रिप्टोकरेंसी को विनियमित करने के लिए स्पष्ट नीति क्यों नहीं बनाता? इसका एक अवैध बाजार है और यह अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है। क्रिप्टोकरेंसी को विनियमित करके आप व्यापार पर नज़र रख सकते हैं।'' न्यायमूर्ति कांत ने कहा, ''बिटकॉइन में कारोबार करना हवाला कारोबार की तरह ही अवैध व्यापार है।''

## शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 271 अंक टूटा



**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 271 अंक और टूट गया। मूडीज रेटिंग्स के अमेरिका की साख घटाये जाने के बीच वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के साथ आईटी और बैंक शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 271.17 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,059.42 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 366.02 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 74.35 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,945.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक और अदाणी पोर्ट्स नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक और इंडसइंड बैंक शामिल हैं। क्षेत्रवार देखा जाए तो रियल्टी, औषधि ओर वाहन शेयरों में तेजी रही जबकि आईटी शेयर नुकसान में रहे। मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, ''एशियाई और यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख के बीच निवेशकों ने आईटी, पूंजीगत सामान और तेल एवं गैस शेयरों में मुनाफावसूली की। इससे कारोबार के दौरान ज्यादातर समय बाजार नुकसान में रहा।'' उन्होंने कहा कि मूडीज के सप्ताहांत अमेरिका की साख घटाये जाने से भी निवेशकों के बीच कुछ अनिश्चितताएं बढ़ीं।

### वोडाफोन, एयरटेल, टाटा टेलीसर्विसेज की एजीआर बकाया माफी की याचिका न्यायालय ने खारिज की

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दूरसंचार कंपनियों वोडाफोन, एयरटेल और टाटा टेलीसर्विसेज की समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाया माफ करने की याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि याचिकाओं को गलत तरीके से तैयार किया गया है। पीठ ने वोडाफोन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से कहा, ''हम इन याचिकाओं से वाकई हैरान हैं जो हमारे सामने आई हैं। एक बहुराष्ट्रीय कंपनी से इसकी उम्मीद नहीं की जाती। हम इसे खारिज करेंगे।'' न्यायालय ने दूरसंचार कंपनियों की मदद करने की सरकार की इच्छा के रास्ते में आने से इनकार किया। रोहतगी ने सोमवार को सुनवाई की शुरुआत में जुलाई तक स्थगन की मांग की।

वर्ष 10, पूर्णांक 4241 अंक 051, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in